# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025


## बैंक अकाउंट में अब 4 नॉमिनी की सुविधा, नया नियम 1 से





**नई दिल्ली।** बैंक कस्टमर अब अपने खाते में चार नॉमिनी जोड़ पाएंगे और ये भी तय कर पाएंगे कि किसे कितना हिस्सा मिलेगा और किसे पहले प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राहक अपनी सुविधा के हिसाब से खाते में एक-एक करके या चारों नाम एक ही साथ जोड़ पाएंगे। सरकार ने बैंकिंग सिस्टम में क्लेम के एक समान और आसान निपटारे के लिए ये व्यवस्था शुरू की है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366




प्रभुराम चौधरी
उपाध्यक्ष



राहुल कोठारी
महामंत्री



शैलेंद्र बरुआ
उपाध्यक्ष



अखिलेश जैन
कोषाध्यक्ष



आशीष अग्रवाल
मीडिया प्रभारी



लता वानखेड़े
महामंत्री




मनीषा सिंह
उपाध्यक्ष



संगीता सोनी
मंत्री

## खबर संक्षेप

### फर्जी टीटीई बनकर की वसूली, गिरफ्तार



**ग्वालियर।** ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर एक सेना का जवान फर्जी टीटीई बनकर ट्रेन में यात्रियों से पैसे वसूलते पकड़ा गया। यह पूरा मामला झेलम एक्सप्रेस का है, जो झांसी से ग्वालियर की ओर जा रही थी। जवान का नाम कमल पांडे है। एक यात्री ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। आरपीएफ की टीम ने ग्वालियर में उसे पकड़ लिया।

### स्मृति मंधाना का जलवा बरकरार



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान और स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार शतक जड़ा। इसके साथ ही उन्होंने वनडे क्रिकेट में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा शतक लगाने के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। पांचवां वनडे शतक जड़कर उपलब्धि हासिल की।

### अगले सीजेआई की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू



**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई के बाद देश का अगला चीफ जस्टिस कौन होगा, इसकी प्रक्रिया केंद्र सरकार ने शुरू कर दी है। सीजेआई गवई 23 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। इससे पहले तक नए सीजेआई के नाम का चयन हो जाना है। जस्टिस सूर्यकांत अगले सीजेआई के रेस में हैं और उनका बनना लगभग तय है। गवई के बाद जस्टिस सूर्यकांत रेस में आगे हैं।

### किसानों ने अर्धनग्न हो ट्रैक्टर रैली निकाली



**बुरहानपुर।** किसानों ने केले की फसल का बीमा और एमएसपी की मांग को लेकर अर्धनग्न होकर जमकर प्रदर्शन किया। किसानों ने खकनार क्षेत्र से अर्धनग्न होकर ट्रैक्टरों की एक विशाल रैली निकाली। इस दौरान जिला प्रशासन के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गई। आरोप था कि केले की फसल बीमा योजना में भारी अनियमितता हो रही है।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के पूरे 112 दिन बाद हेमंत खंडेलवाल ने घोषित की अपनी कार्यकारिणी

## हेमंत की 'स्मार्ट टीम'


### नई टीम में 4 महामंत्री, 9-9 उपाध्यक्ष-मंत्री, पिछली कार्यकारिणी में थे 14-14 उपाध्यक्ष, 5 महामंत्री

- कार्यालय मंत्री बदले गए, राघवेंद्र शर्मा की जगह श्याम महाजन
- कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन और मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल बरकरार
- लता वानखेड़े, सुमेर सोलंकी, राहुल कोठारी और गौरव रणविदे बने महामंत्री
- कार्यकारिणी के साथ की गई भाजपा के चार मोर्चा अध्यक्षों की भी घोषणा
- नई कार्यकारिणी में 13 पदाधिकारी पिछली टीम से दोबारा शामिल किए गए
- नई टीम में 7 महिलाओं को भी प्रतिनिधित्व दिया गया

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के पूरे 112 दिन बाद हेमंत खंडेलवाल ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के अनुमोदन के बाद गुरुवार को अपनी टीम घोषित कर दी। पहले की तुलना में यह टीम काफी छोटी है। इसमें 4 महामंत्री और 9-9 उपाध्यक्ष एवं मंत्री बनाए गए हैं।

महामंत्रियों में दो सांसदों लता वानखेड़े और सुमेर सिंह सोलंकी को जगह मिली है। ये दोनों प्रदेश अध्यक्ष के भी दावेदार रहे हैं। इनके साथ इंदौर में जिलाध्यक्ष रहे गौरव रणविदे और राहुल कोठारी को भी महामंत्री बनाया गया है। उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नजदीक होने का लाभ मिला है। वानखेड़े और कोठारी पुरानी टीम में मंत्री रहे हैं। खंडेलवाल ने पहले उपाध्यक्ष रहे श्याम महाजन को कार्यालय मंत्री का दायित्व सौंपा है। इस पद पर राघवेंद्र शर्मा थे। उनकी छुट्टी कर दी गई है। कोषाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी के पद पर अखिलेश जैन और आशीष ऊषा अग्रवाल को बरकरार रख कर इन पर फिर भरोसा जताया गया है।



**16** नए कार्यकर्ताओं को स्थान मिला




### हेमंत की टीम इसलिए है छोटी...

### संभवतः उपाध्यक्ष और मंत्री के कुछ पद खाली रखे गए हैं

हेमंत खंडेलवाल की टीम इसलिए छोटी है क्योंकि पिछली कार्यकारिणी में 14-14 उपाध्यक्ष और 5 महामंत्री थे जबकि इस बार 9-9 उपाध्यक्ष और 4 महामंत्री बनाए गए हैं। हालांकि, बताया जा रहा है कि प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने उपाध्यक्ष और मंत्री के कुछ पद खाली रखे हैं, ताकि भविष्य में संगठनात्मक जरूरत और संतुलन के अनुसार नए चेहरों को अवसर दिया जा सके। नई कार्यकारिणी में 13 पदाधिकारी पिछली टीम से दोबारा शामिल किए गए हैं। 16 नए कार्यकर्ताओं को स्थान मिला है। नई टीम में 7 महिलाओं को भी कार्यकारिणी में प्रतिनिधित्व दिया गया है।

### हेमंत ने सबसे कम वक्त में घोषित की कार्यकारिणी

कांग्रेस सहित विपक्ष इस बात के लिए हेमंत खंडेलवाल की आलोचना कर रहा था कि सौ दिन से ज्यादा का समय गुजर जाने के बावजूद वे अपनी कार्यकारिणी नहीं घोषित कर पा रहे हैं। इसके लिए भाजपा के अंदर गुटबाजी को वजह बताया जा रहा था। जबकि इससे पहले वीडी शर्मा को कार्यकारिणी बनाने में 10 माह 28 दिन, स्व.नंदकुमार सिंह चौहान को 7 माह 5 दिन, और स्व.प्रभात झा को 4 माह 6 दिन का समय लगा था। राकेश सिंह ने तो पूर्व कार्यकारिणी के साथ ही काम चलाया था। खंडेलवाल की कार्यकारिणी सबसे कम समय में घाषित हो गई।

### उपाध्यक्ष पद पर एक यथावत, एक की पदोन्नति

कार्यकारिणी के 9 उपाध्यक्षों में कांतिदेव सिंह को यथावत रखा गया है जबकि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया खेमे के पूर्व विधायक रणवीर रावत पिछली कार्यकारिणी में महामंत्री थे, अब उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। उपाध्यक्ष पद पर विधायक मनीषा सिंह की पदोन्नित हुई है, पुरानी टीम में वे मंत्री थीं। इनके अलावा 6 नए उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें प्रभुराम चौधरी, शैलेंद्र बरुआ, नंदिता पाठक, सुरेंद्र शर्मा, निशांत खरे और प्रभुलाल जाटव शामिल हैं। प्रभुराम चौधरी सिंधिया खेमे से हैं। वे इस बार मंत्रिमंडल में जगह नहीं पा सके थे। नंदिता पाठक नाना देशमुख से जुड़े रहे भरत पाठक की पत्नी हैं और समाजसेवा का काम करती हैं। निशांत खरे मध्य प्रदेश युवा कल्याण आयोग में अध्यक्ष रहे हैं और प्रभुराम जाटव मुख्यमंत्री के कोटे से हैं। शैलेंद्र बरुआ ने लंबे समय तक संभागीय संगठन महामंत्री का दायित्व संभाला है।

### चार मंत्रियों को फिर मिला मौका, 5 नए चेहरे

टीम में शामिल 9 मंत्रियों में 4 को फिर मौका मिला है। इनमें रजनीश अग्रवाल, लोकेंद्र पाराशर, जयदीप पटेल और क्षितिज भट्ट शामिल हैं। मंत्री बनाए गए नए चेहरों में संगीता सोनी, राजेंद्र सिंह, अर्चना सिंह, राजो मालवीय और बबीता पवार शामिल हैं। राजेंद्र सिंह लंबे समय तक कार्यालय मंत्री का काम देखते रहे हैं। अर्चना सिंह छतरपुर की महापौर रही हैं। विधानसभा चुनाव में वे छतरपुर से दावेदार थीं। राजो मालवीय पार्टी की प्रवक्ता और महिला मोर्चा में पदाधिकारी रह चुकी हैं।

### हजरत पहलवान शाह दरगाह पर चादर चढ़ाई

## मुस्लिमों ने संत प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य लाभ की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

चर्चित संत प्रेमानंद महाराज के जल्द स्वस्थ होने की कामना को लेकर गुरुवार को बैतूल के प्रसिद्ध सूफी संत हजरत पहलवान शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर मुस्लिम समाजजनों ने चादर पेश की और विशेष दुआ मांगी।

इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सारिक खान, जौहर पटेल, असलम काजी, नूर पाशा खान सहित कई



मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे। सभी ने एकत्रित होकर दरगाह पर चादर चढ़ाई और प्रेमानंद महाराज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की अरदास की।

### प्रेमानंद महाराज ने फिर शुरू की यात्रा




**वृंदावन।** पूरी दुनिया में प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना हो रही है। खराब सेहत की वजह से रोजाना होने वाला पदयात्रा कार्यक्रम रोक दिया गया था। पेट में दर्द की शिकायत के बाद उनका सीटी स्कैन भी किया गया था। हालांकि, गुरुवार को स्वास्थ्य कारणों से रुकी हुई संत प्रेमानंद महाराज की नियमित पदयात्रा फिर से शुरू हो गई है।

### ऋषिकेश में लगातार चल रही थी सर्चिंग

### पुल से 15 किमी दूर बांध से शव बरामद किया गया

## निवाड़ी के सॉफ्टवेयर इंजीनियर का सात दिन बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ निवाड़ी



निवाड़ी के पृथ्वीपुर निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर हेमंत सोनी का शव ऋषिकेश से करीब 15 किलोमीटर दूर एक बांध से बरामद किया गया है। हेमंत 16 अक्टूबर 2025 की रात मोबाइल पर बात करते हुए निर्माणाधीन बजरंग सेतु पुल से गंगा में गिर गए थे। सात दिनों की तलाश के बाद गुरुवार को उनका शव मिला है। घटना 16 अक्टूबर



2025 की रात की है। दरअसल, हेमंत अपने दोस्तों के साथ ऋषिकेश घूमने गए थे। हादसे के बाद लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया गया, लेकिन हेमंत का कोई सुराग नहीं मिल पाया था।

### प्लेटफॉर्म पर गैरकानूनी कंटेंट मिलने पर इंटरमीडियरी को इसे 36 घंटे में हटाना होगा

### केंद्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) 2000 में संशोधन किया

## ऑनलाइन कंटेंट पर 'नियंत्रण' के लिए 15 नवंबर से लागू होगी नई गाइडलाइन

- इंटरमीडियरी गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड 2021 में बड़े बदलाव
- आईटी रूल्स 2021 के रूल 3(1)(डी) को पूरी तरह से बदल दिया गया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) 2000 में संशोधन करते हुए इंटरमीडियरी गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड 2021 में बड़े बदलावों की घोषणा की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी नई अधिसूचना के तहत यह संशोधन 15 नवंबर 2025 से प्रभावी होगा। अधिसूचना के अनुसार आईटी रूल्स 2021 के रूल 3(1)(डी) को पूरी तरह



से बदल दिया गया है। सरकार ने यह कदम देश की संप्रभुता, अखंडता, राज्य की सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और शालीनता से जुड़ी ऑनलाइन कंटेंट पर नियंत्रण को ज्यादा सख्त करने के उद्देश्य से उठाया है।

### कार्रवाई में कानूनी आधार व अधिनियम भी बताया जाएगा

किसी भी लिखित सूचना में यह विवरण साफ-साफ बताया जाएगा कि किस कानूनी आधार और अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की जा रही है, किस प्रकार का अवैध कार्य हुआ है और किस यूआरएल या डिजिटल लिंक को हटाना या ब्लॉक करना है। यह समीक्षा संबंधित विभाग के सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी आदेश आवश्यक, संतुलित और कानून की भावना के अनुरूप हैं।




## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने इंदौर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गोवर्धन पूजन

# गो-शालाओं को गो-मंदिर के रूप में करेंगे विकसित: सीएम

- प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को समर्थन मूल्य के अलावा मिलेगी अतिरिक्त राशि
- गाय के दूध के सेवन से बीमारियां दूर होती हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समाज और सरकार के सहयोग से प्रदेश की गो-शालाओं को गो-मंदिर के रूप में विकसित किया जाएगा। गो-शालाओं में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन गो-शालाओं के विकास और उनके स्वावलंबन के लिए हर संभव मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को इंदौर जिले के हातोद तहसील के खजूरिया में नगर निगम इंदौर की ओर से स्थापित रेशम केन्द्र गोशाला में आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गोवर्धन पूजन किया। उन्होंने कहा कि गाय का दूध अमृत है। उसमें सबसे अधिक पोषक तत्व होते हैं। गाय के दूध के सेवन से बीमारियां दूर होती हैं और व्यक्ति स्वयं को स्वस्थ और आनंदित पाता है। गो-माता दोहरा पोषण करती है। वह अपने बछड़े के पालन के साथ-साथ मानव जाति का भी पोषण करती हैं हर युग में हर आश्रम में गो-माता पाली जाती थी, जगह-जगह गो-पालन होता था। परम्परागत रूप से घरों में पहली रोटी गाय के लिए बनाई जाती है।

### बालिका महक को किया सम्मानित



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर निर्मित किए गए गोवर्धन पर्वत की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने गोवर्धन पर्वत की साज-सज्जा कर आकर्षक स्वरूप देने वाली बालिका महक शर्मा को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप उसे 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी। साथ ही उन्होंने बालिका को 11 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गो-शाला के अखाड़े का किया अवलोकन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गो-शाला में बने अखाड़े का अवलोकन किया। उन्होंने अखाड़े में कुश्ती देखी और पहलवानों का हौसला बढ़ाया और उनके साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अखाड़ों से हमारे पहलवान कृष्ण और बलराम जैसे बनेंगे। आधुनिक दौर में मेट पर कुश्तियां भी हो रही हैं, इस अखाड़े में भी मेट की व्यवस्था की जाएगी। नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि गो-शालाओं के विकास के लिए जनप्रतिनिधि भी आर्थिक सहयोग दें। उन्होंने कहा कि गो-माता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है।

**कार्यक्रम स्थल पर निर्मित किए गए गोवर्धन पर्वत की सराहना की**

### गोबर से निर्मित स्वदेशी दीयों के प्रकल्प की सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर गोबर से स्वदेशी दीये बनाने के स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है। मुख्यमंत्री ने इस प्रकल्प की सराहना की। गाय के गोबर से बने स्वदेशी दीयों को दीपावली पर्व पर इंदौरवासियों का व्यापक समर्थन मिला। इस पहल के अंतर्गत लगभग दो लाख दीयों का विक्रय किया गया, जिससे स्थानीय स्वावलंबन को प्रोत्साहन मिला है।

# 13 लाख का गांजा बरामद आरोपी मौके से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कबीरधाम



जिले में नशे के कारोबार पर लगातार नकेल कसते हुए पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए करीब 13 लाख रुपए कीमत का 53 किलो गांजा जब्त किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार को थाना चिल्फी पुलिस को सूचना मिली कि एक टाटा ट्रक में भारी मात्रा में मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने वाहन को रोका और तलाशी ली। इस दौरान ट्रक के अंदर एक विशेष रूप से तैयार गुप्त चेंबर मिला, जिसमें 51 पैकेट गांजा छिपाकर रखा गया था। बरामद किए गए गांजे का कुल वजन 53.012 किलोग्राम है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 13 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से आरोपी सोहेल खान पिता शौकत खान (उम्र 21 वर्ष), निवासी ग्राम हरनावदा, तहसील पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राजस्थान) को गिरफ्तार किया।

# मुख्यमंत्री ने मल्हारगंज में हुई घटना पर जताई संवेदना, दिलाया न्याय का भरोसा

**किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को इंदौर एयरपोर्ट पर मल्हारगंज थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई घटना के मृतक अंकित राठौर के परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने मृतक की पत्नी खुशबू राठौर को दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की।

### गांधी मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों की नियुक्तियां निरस्त करने के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के अस्पताल प्रबंधक, सहायक प्रबंधक व डिप्टी रजिस्ट्रार की नियुक्तियां निरस्त कर दी गई थीं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त, मेडिकल कॉलेज के डीन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

# पचमढ़ी में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीखेंगे मार्शल आर्ट, कांग्रेस बोली-जरूरी है, भाजपा ने कसा तंज

- रामेश्वर ने साधा निशाना, नेता मंच पर लड़ते हैं, ऐसे में सेल्फ डिफेंस जरूरी है
- पीसी बोले - जहां किसी निर्बल को प्रताड़ित किया, बचाव करने में मदद मिलेगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग कार्यक्रम 2 नवंबर से शुरू हो रहा है। प्रदेश के सभी कांग्रेस जिला अध्यक्ष में जुटेंगे और कई प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

इस दौरान जिलाध्यक्षों को मार्शल आर्ट भी सिखाया जाएगा। जहां कांग्रेस इसे राजनीति के साथ-साथ इसे जरूरी कदम बताया है। वहीं भाजपा ने कांग्रेस के इस कदम पर निशाना साधा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि पचमढ़ी में कांग्रेस जिला अध्यक्षों की 10 दिनों की ट्रेनिंग होगी। इस कार्यक्रम में कांग्रेस का इतिहास और कांग्रेस के स्वतंत्रता सेनानियों ने किस तरह ये लड़ाई अंग्रेजों से कैसे लड़ी, इसे बताया जाएगा। वे जेल गए और अंग्रेजों से डरे नहीं। दस दिनों के ट्रेनिंग के दौरान उन्हें मानसिक तौर पर मजबूत किया जाए।

उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट निश्चित तौर पर काम आएगा। जहां किसी निर्बल को प्रताड़ति किया जा रहा है, वहां उनके बचाव करने में मदद मिलेगी।

### शर्मा ने साधा निशाना, मंच पर तोड़-फोड़ी होगी

भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने इसे लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तमाशे की आदी हो गई। कांग्रेस का मूल कुछ बचा नहीं है। मूल नहीं बचा तो व्यवहार भी नहीं बचा। अब वे उपदेशात्मक व्यवहार करने की कोशिश करती है। योग कांग्रेस करने वाली नहीं है। योग करेंगे तो भारतीय संस्कृति का ठप्पा लग जाएगा, विशेष वर्ग के लोग नाराज हो जाएंगे। किसके द्वार वोट मांगने जाएंगे। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट उनके लिए जरूरी है, क्योंकि उनके यहां वाक युद्ध चल रहा है। ये वाकयुद्ध से हाथयुद्ध तक आएगा। मंच पर तोड़ा-फोड़ी होगी। एक नेता दूसरे नेता को पटकेंगे, इसलिए बचाव के लिए मार्शल आर्ट जरूरी है।

### 10 दिनों तक चलेंगी ट्रेनिंग

कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग 2 से 11 नवंबर तक पचमढ़ी में होगी। दस दिनों तक 71 जिला अध्यक्षों को पार्टी के दिशा-निर्देश, राजनीति के गुर और रणनीति समझाई जाएगी। अलग-अलग सेशन होंगे। एक सेशन में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे। ट्रेनिंग कार्यक्रम में एक सेशन मार्शल आर्ट का रखा गया है।

### मेंटेनेंस और सुरक्षा को लेकर एक ही डिजिटल प्लेटफार्म पर जानकारी मिल सकेंगी

# पीएम गति शक्ति में दर्ज होंगे सड़क, पुल, गेस्ट हाउस, एक्सप्रेस-वे सहित आरओबी, टोल प्लाजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्र सरकार की पीएम गति शक्ति में नई-पुरानी सड़कें, पुल, आरओबी, पीडब्ल्यूडी के भवन, गेस्ट हाउस, सड़क किनारे उपलब्ध सुविधा जैसे पेट्रोल पंप, विश्राम गृह, रेस्त्रा, टोल प्लाजा और एक्सप्रेस-वे भी दर्ज किए जाएंगे। इससे इन सभी के मेंटेनेंस और सुरक्षा को लेकर एक ही डिजिटल प्लेटफार्म पर जानकारी मिल सकेंगी। इससे मप्र को केंद्र सरकार से फंड ज्यादा मिलने की उम्मीद जागेगी।

पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह ने बताया कि पीएम गति शक्ति योजना में विभाग की पूरी अचल संपत्ति दर्ज की जाएगी। इसी तरह सड़क सुरक्षा सेवा में



रोड मार्किंग पुल-पुलियों की जानकारी, निर्माणाधीन सड़कों की स्थिति, विभाग के भवन, पार्क, विश्रामगृह आदि परिसंपत्तियां प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे को भी इसमें शामिल किया जाएगा, ताकि एक क्लिक में डिटेल जानकारी कोई भी ले सके।

### एक क्लिक में डिटेल जानकारी ले सकेंगे

### सुझाव देने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी

बारिश कालीन अपडेट के लिए ओवरफ्लो के कारण अवरुद्ध मार्गों की जानकारी तथा पब्लिक को लोक निर्माण विभाग के लिए सुझाव देने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इससे एक ही डिजिटल प्लेटफार्म पर पूरी जानकारी उपलब्ध हो सकेंगी।

### रिकॉर्ड के रूप में रखे जाएंगे सभी के दस्तावेज

जिले में सभी दस्तावेज अब इसी रिकॉर्ड रूम में रखे जाएंगे और इनकी डिजिटल कॉपी भी रहेगी। साथ ही कहां-कितनी संपत्ति है, उसका पूरा हिसाब मुख्यालय पर रखा जाएगा। इसमें सभी संपत्ति शामिल की जाएगी, लेकिन विवादित और दूसरे विभागों को लीज पर या किसी सरकारी योजना के लिए दी गई जमीन पर विशेष फोकस रहेगा। इस रिकॉर्ड रूम को संधारित करने का जिम्मा एक असिस्टेंट इंजीनियर का रहेगा। नोडल ऑफिसर जोन के चीफ इंजीनियर रहेंगे।



जबलपुर

शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष–3

वर्ष : 20, अंक : 175

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *


मौसम

अधि. 30

न्यून. 20


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8 गर्व से कहो, प्रदूषण के बादशाह हैं हम





मैट्रो

14 उन स्कूलों के आंकड़े पेश करो ...




बहनों ने तिलक किया और मुख्यमंत्री ने दिए उपहार

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर बहनों के साथ मनाया भाईदूज पर्व

# अब तक 29 किस्तों में सरकार ने लाड़ली बहनों को दिए करीब 45 हजार करोड़ रुपए

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन को अपनी नीति के केंद्र में रखा है। लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण, मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना जैसी योजनाओं से महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रदेश की हर बहन आत्मनिर्भर बने और समाज में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करे। डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास में आयोजित भाईदूज कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

- प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को अब हर माह 1500 रुपए मिलेंगे
- भाईदूज हमारी संस्कृति की आत्मा भाई-बहन के स्नेह-अपनत्व का प्रतीक
- बहनों के सम्मान, सुरक्षा, सशक्तिकरण के लिए निरंतर हो रहा काम



### लाड़ली बहनों पर पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाईदूज के पावन पर्व पर सभी लाड़ली बहनों पर पुष्पवर्षा कर भाईदूज की बधाई देकर मुख्यमंत्री निवास में आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित बहनों ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाया(

### मुख्यमंत्री निवास बहनों का अपना 'मायका'

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास लाड़ली बहनों के लिए सदैव खुला है। मुख्यमंत्री निवास बहनों का अपना मायका है। सैकड़ों बहनों ने अपनी चरण रज से फिर मेरे आंगन को धन्य कर दिया है। ईश्वर हमारी सभी बहनों का घर खुशियों से भर दे।

## खबर संक्षेप

### श्रद्धालुओं से भरी बस होटल में घुसी, 25 घायल



**ओंकारेश्वर।** मोरटक्का सड़क मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी एक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक निजी होटल में जा घुसी। हादसे में 25 से अधिक लोग घायल हो गए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा ऋतंभराजी के आश्रम के सामने हुआ, जब बस ओंकारेश्वर से इंदौर की ओर जा रही थी। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे।

### इंदौर आईआईटी बिजली स्टोर करेगी डिवाइस



**इंदौर।** आईआईटी इंदौर के शोधकर्ताओं ने भौतिकी विभाग की मैटेरियल्स एंड डिवाइस (एमएडी) लैब ने एक ऐसा अनोखा 'कलर-मॉड्यूलेटिंग सुपरकैपेसिटर' बनाया है, जो न केवल ऊर्जा स्टोर करता है, बल्कि रंग बदलकर अपनी चार्जिंग स्थिति भी बताता है और साथ ही इंफ्रारेड हीट को भी रोकता है। प्रो. राजेश कुमार के नेतृत्व में विकसित यह इलेक्ट्रोक्रोमिक सुपरकैपेसिटर चार्ज लेवल खुद दिखाता है।


### बेटे को बचाने गई मां की हत्या, बेटा गंभीर घायल

**रीवा।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के तरहटी मोहल्ले में जमीनी विवाद को लेकर चली आ रही रंजिश ने खूनी रूप ले लिया। बुधवार की रात पड़ोसियों ने युवक मोहम्मद शमशाद के साथ मारपीट की। बचाने पहुंची उसकी मां शहरून निशा पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मां-बेटे को अस्पताल ले जाया गया, सुबह महिला की मौत हो गई, जबकि बेटा अब भी घायल है।
पीड़ित परिवार ने पड़ोस में रहने वाले एक परिवार सहित अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका का शव अस्पताल की मर्चुरी में रखा गया है।

### कटनी और पन्ना में टीआई सहित 4 पुलिसकर्मियों को पीटकर सिर फोड़ने का मामला

# 2 जिलों में 300 से अधिक जवान '55 आरोपियों' की तलाश में जुटे

*कटनी के बाकल थाने पर बुधवार देर रात कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल - कटनी और पन्ना में पुलिसकर्मियों से मारपीट के बाद आरोपियों की तलाश तेज हो गई है। दोनों जिलों में 300 से जवान आरोपियों की खोजबीन में इलाकों में दबिश दे रहे हैं। कटनी और पन्ना की घटना में 55 लोगों को आरोपी बनाया गया है। जानलेवा हमला, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। कटनी के बाकल थाने पर बुधवार देर रात कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि 19 अक्टूबर को कुणाल सिंह राजपूत ने एफआईआर दर्ज कराई थी।

**एसपी का दावा - कई अज्ञात लोगों को हिरासत में लेकर हो रही पूछताछ**



कटनी में जमकर हुआ बवाल

*नागौद एसडीओपी के भाई से ढाबे पर मारपीट, ढाबा संचालक सहित चार आरोपी गिरफ्तार*

*कटनी में थाने पर हमले के मामले में हल्की धाराएं लगाने पर करणी सेना ने विरोध जताया*

### पन्ना में पुलिस को हथियार छोड़कर भागना पड़ा था

पन्ना जिले के बृजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गजना धरमपुर में पुलिस टीम पर जानलेवा हमला हुआ। हमले में बृजपुर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदौरिया और आरक्षक राम निरंजन कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सतना के बिड़ला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी भदौरिया अपनी टीम के साथ गैर इरादतन हत्या के आरोपी पंचम यादव पिता शिव सिंह यादव को पकड़ने के लिए धरमपुर गांव गए थे।

### नागौद एसडीओपी के भाई से मारपीट

सतना के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में नागौद एसडीओपी रघु केशरी के भाई रवि केशरी से एक ढाबे पर मारपीट हो गई। बुधवार देर रात हुई इस घटना में रवि केशरी के सिर में चोट आई है। रवि केशरी अपनी पत्नी के साथ कार में थे और रैगांव मोड़ के पास स्थित ढाबे के सामने उनकी आपस में कहा-सुनी हो रही थी। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

### कटनी थाना हमले में 5 नामजद

पुलिस ने इस मामले में 5 लोगों को नामजद आरोपी बनाया है, जबकि अन्य अज्ञात लोगों की तलाश जारी है। आरोपियों पर शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट, बलवा और अन्य गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। हमले में शामिल हर व्यक्ति की जल्द पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

**अभिनव विश्वकर्मा**, एसपी कटनी

### घायल पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर

ढाबे वाली वारदात में रात को ही फोर्स इलाके में तैनात कर दिया था। सुबह से अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है। फिलहाल, पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर है। वीडियो के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। इलाके में स्थिति काबू में है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

**निवेदिता नायडू**, एसपी, सतना



### केदारनाथ मंदिर के कपाट हुए बंद

## अब अगले 6 महीने तक उखीमठ में ही होगी पूजा

एजेंसी ▶▶ रूद्रप्रयाग

चारधाम तीर्थों में से एक बाबा केदारनाथ के कपाट भाई दूज के दिन गुरुवार को बंद कर दिए गए। अब 6 महीने तक बाबा भक्तों को दर्शन नहीं देंगे। सुबह 8:30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक परंपराओं के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। हजारों श्रद्धालुओं ने भी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान पूरी केदारघाटी हर हर महादेव और जय बाबा केदार के जयघोष से गूंज उठी। इस मौके पर सीएम पुष्कर सिंह धामी भी धाम पहुंचे। अब छह माह तक बाबा केदार की पूजा शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में होगी। शीतकाल में बाबा केदार के द्वार बर्फबारी की वजह से बंद हो जाते हैं क्योंकि वहां इतनी बर्फबारी पड़ती है कि मंदिर तक पहुंच जाना और आध्यात्मिक गतिविधियों को कर पाना मुश्किल हो जाता है।

**सर्दियों में चारों धाम बदलते हैं अपने स्थान**



### यमुनोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**बड़कोट।** विश्वप्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के कपाट भी गुरुवार को विशेष पूजाओं व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दोपहर 12:30 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इससे पूर्व सुबह सवेरे मां यमुना के शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से शनि समेश्वर देवता की डोली अपनी बहन को गाजे-बाजों के साथ धाम रवाना हुई थी(

### हादसे के दूसरे दिन रेलवे ट्रैक सामान्य

## वंदेभारत-शताब्दी एक्सप्रेस नियमित समय पर रवाना

*कल भी जाएंगी अभी रेलवे ट्रैक का मरम्मत कार्य जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मथुरा- पलवल रेल मार्ग पर दो दिन पहले मालगाड़ी पटरी से उतर गई थी। इसके चलते भोपाल-दिल्ली रेल रूट पूरी तरह बंद हो गया था। राजधानी भोपाल से चलने वाली आरकेएमपी-नई दिल्ली वंदे भारत व शताब्दी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों को बुधवार को निरस्त कर दिया गया था। लेकिन, गुरुवार को रेल यातायात शुरू हो गया है। सुबह रानी कमलापति स्टेशन से जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से रवाना हुई।

### मुंबई के जोगेश्वरी में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग



■ 15 लोगों को सुरक्षित बचाया गया

**मुंबई।** मुंबई के जोगेश्वरी पश्चिम इलाके में जेएमएस बिजनेस सेंटर में गुरुवार को भीषण आग लग गई। दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमारत में आग सुबह करीब 11 बजे का आसपास लगी थी।

## आग-धुएं के कारण डिजिटल लॉक नहीं खुला, अखंड ज्योत से लगी आग



सौम्या अग्रवाल (बेटी)



प्रवेश अग्रवाल (मृतक)







### पेंटहाउस जलकर खाक, कांग्रेस नेता की दम घुटने से मौत

*इंदौर। इंदौर में पेंटहाउस में आग लगने से नर्मदा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रवेश अग्रवाल की मौत हो गई। उनकी बड़ी बेटी सौम्या झुलस गई है, उसकी हालत गंभीर है। हादसा गुरुवार सुबह करीब 5 बजे हुआ। लसूड़िया इलाके में कांग्रेस नेता प्रवेश अग्रवाल का सौम्या महिंद्रा कार शोरूम है।*

### पचमढ़ी में पारा सामान्य से 8 डिग्री अधिक

### लेकिन, बादल बढ़ा रहे रात में गर्मी

## 5 सबसे ठंडे शहरों में पारा 16 से 19 डिग्री के 'बीच'

*15 जिलों में बादल बौछारों का चलेगा सिलसिला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



चेतक ब्रिज से लिया गया दृश्य, समय 5:49 बजे

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में अभी बादलों का असर बना हुआ है। इससे रात के तापमान में बढ़त होने से गर्मी और उमस बढ़ रही है। गुरुवार को रात के तापमान में बढ़त के बाद प्रदेश के सबसे कम न्यूनतम पारे वाले पांच शहरों का पारा 16 से 19 डिग्री के बीच रहा। भोपाल में 2.4 डिग्री बढ़कर 20.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3.2 डिग्री अधिक है। दिन का पारा आधा डिग्री बढ़कर 31.9 डिग्री रहा। यह सामान्य के करीब है। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार तक प्रदेश के 15 जिलों में बादल, बौछारों और बारिश का सिलसिला चल सकता है। इनमें रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, धार, इंदौर, देवास, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा जिला शामिल है।

### यूपीआई ने बनाया रिकॉर्ड: एक दिन में लेन-देन का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा

### लेन-देन की संख्या 75.4 करोड़ रही

## अब तक की 'सबसे बड़ी धनतेरस' 1.02 लाख करोड़ रु. का लेन-देन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बड़ी खबर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) प्लेटफॉर्म से 18 अक्टूबर यानी धनतेरस के दिन 1.02 लाख करोड़ रुपए के लेन-देन हुए हैं और इस दौरान लेन-देन की संख्या 75.4 करोड़ रही है, जो कि एक दिन में लेन-देन का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। वित्त मंत्री ने कहा कि धनतेरस से दीपावली के तीन दिनों के दौरान यूपीआई पर औसत लेनदेन की संख्या 73.69 करोड़ रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 64.74 करोड़ थी।

*इस साल खुदरा विक्रेताओं के लिए दीपावली धमाकेदार रही*



### पिछले साल से 25 प्रतिशत अधिक खरीदी

नवरात्रि से लेकर दीपावली तक चलने वाले फेस्टिव सीजन में गुड्स की बिक्री रिकॉर्ड 5.40 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान करीब 65,000 करोड़ रुपए की सर्विसेज भी ग्राहकों की ओर से खरीदी गई हैं। यह पिछले साल की अवधि में हुई 4.25 लाख करोड़ रुपए की फेस्टिव सेल्स की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।









# लठबंधन वाले सिर्फ लठ चलाना जानते हैं, इन्हें युवाओं की चिंता नहीं

## महागठबंधन पर जमकर बरसे पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार चुनाव में प्रचार करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार के मेरे युवा साथियों, आप सभी को भाई-दूज के पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं। आज चित्रगुप्त पूजा का पावन दिन भी है। छठी मइया की पूजा की तैयारी भी जोरों पर है। साथ ही बिहार लोकतंत्र का महापर्व भी मना रहा है। ये बिहार की समृद्धि का नया अध्याय लिखने का चुनाव है। इसमें बिहार के नौजवानों की बहुत बड़ी भूमिका है। बिहार में हर एक क्षेत्र में, हर एक दिशा में काम हो रहा है। जब स्थिरता होती है, तो विकास तेज होता है। आज बिहार का हर नौजवान उत्साह से कह रहा है रफ्तार पकड़ चुका है बिहार, फिर से एनडीए सरकार! पीएम ने कहा कि जो लोग अपने आप को गठबंधन कहते हैं, बिहार की जनता उनको लठबंधन कहती है। वो सिर्फ लठ चलाना और झगड़ा करना जानते हैं। लठबंधन वालों के लिए अपना स्वार्थ ही सबसे बड़ा है। इन्हें बिहार के युवाओं की चिंता नहीं है। दशकों तक देश और बिहार के नौजवान नक्सलवाद और माओवादी आतंक से पीड़ित रहे।



### सभी को पुरानी बातों को बताएं

पीएम मोदी ने कहा कि मैं बिहार के सभी नौजवानों से कहूंगा कि हर बूथ में सब नौजवानों को एकत्र करें और उस इलाके में जो बुजुर्ग लोग हों, वो आकर जरा सबको पुरानी बातों को बताएं। वो जो विचलित करने वाले उनके अनुभव हैं, वो सभी नई पीढ़ी को बताने का कार्यक्रम बनाया जा सकता है। बिहार के सभी युवा कार्यकर्ताओं को एक और काम करना है।

### मुझे 100 करोड़ लोगों ने दी ताकत

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे सारी ताकत 140 करोड़ देशवासियों से मिली है और ये सारी ताकत मतदाता के एक वोट की ताकत है। उस वोट ने ये परिस्थिति पैदा की है कि आज राम मंदिर भी बन गया, ऑपरेशन सिंदूर भी हो गया और देश नक्सलवाद से मुक्ति की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### फिर से जंगलराज न आने दें

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार को बाहर लाने में बहुत मेहनत लग रही है, लेकिन हम लोग कर रहे हैं। हमने 2014 के बाद से बड़ी मेहनत की है। एनडीए ने बिहार को जंगलराज के अंधेरे से निकालकर विकास की नई रोशनी में लाने का काम किया है। बीते वर्षों में बिहार में विकास के जो कार्य हुए हैं, उनसे एक मजबूत नींव बन गई है। अब हमें इसपर विकास की भव्य इमारत बनानी है। इसके साथ ही भाजपा के अन्य नेताओं ने भी महागठबंधन पर प्रहार किया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और रविशंकर प्रसाद ने हमला किया।

## गहलोत ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया ऐलान

# तेजस्वी होंगे सीएम का चेहरा और सहनी होंगे डिप्टी सीएम, अन्य उपमुख्यमंत्री भी होंगे

बिहार चुनाव को लेकर महागठबंधन ने गुरुवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद के चेहरों का ऐलान कर दिया। महागठबंधन ने स्पष्ट कहा कि पूरा गठबंधन एकजुट है। बिहार में बदलाव लाने के लिए तैयार है। महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा तेजस्वी यादव होंगे। वहीं मुकेश सहनी को महागठबंधन ने उपमुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया गया है। गहलोत ने कहा कि सरकार बनने पर अन्य वर्गों से भी उपमुख्यमंत्री बनाएं जाएंगे। सभी दलों ने एक स्वर में कहा कि भारी बहुमत से हमलोग सरकार बनाने जा रहे हैं।

### 28 को संयुक्त घोषणा पत्र जारी करेगा महागठबंधन, राहुल- तेजस्वी करेंगे रैली

महागठबंधन 28 अक्टूबर को पटना में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपना संयुक्त घोषणा पत्र जारी करेगा। पहले चरण के मतदान से पहले और उसके बाद दूसरे चरण की सीटों के लिए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव संयुक्त रैलियों को संबोधित करेंगे। प्रियंका गांधी वाड्रा और मल्लिकार्जुन खरगे भी छठ पूजा के बाद प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे।

### 'माई बहिन मान योजना' लांच की

बिहार विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस ने महिला वोटरों को साधने के लिए कर्नाटक चुनाव वाला दांव चल दिया है। कांग्रेस ने बिहार में महिलाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित 'माई बहिन मान योजना' नामक एक अभियान लांच किया है। माई बहिन मान योजना को लेकर कांग्रेस ने बिहार की महिलाओं से वादा किया है कि अगर उनकी पार्टी की सरकार बिहार में बनती है तो वो प्रत्येक जरूरतमंद महिला के बैंक खाते में हर महीने 2500 की धनराशि सरकार की ओर सीधे ट्रांसफर की जाएगी।

# बिहार चुनाव को 'विकास' और 'विनाश' के बीच की लड़ाई बताया

## औरंगाबाद और वैशाली में बरसे नड्डा

जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधा और उस पर एक परजीवी पार्टी होने का आरोप लगाया जो अपने कनिष्ठ सहयोगियों को खत्म कर देती है। राजद पर हमला बोलते हुए कहा कि लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली पार्टी 'रंगदारी' (जबरन वसूली), 'जंगल राज' (अराजकता) और 'दादागिरी' (धमकी) का प्रतीक है। तेजस्वी यादव द्वारा युवाओं को रोजगार देने और पलायन रोकने के वादे का मजाक उड़ाते हुए उन्होंने कहा कि राजद के ऐसे वादे उन्हें ज़मीन के बदले नौकरी घोटाले में पार्टी की कथित संलिप्तता की याद दिलाते हैं। राजद के चुनावी वादे की आलोचना करते हुए नड्डा ने जानना चाहा कि वेतन देने के लिए पैसे कहां से आएंगे।

कांग्रेस पर साधा निशाना, परजीवी पार्टी बताया



### 'जंगल राज' में अपहरण एक उद्योग बन गया था

राजद पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राजद के 'जंगल राज' के दौरान अपहरण एक उद्योग बन गया था। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का नाम लिए बिना नड्डा ने आरोप लगाया कि लोग इस तथ्य से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि अपहरण के मामलों में फिरौती की रकम तत्कालीन मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर तय होती थी। नड्डा ने कहा,युवाओं को अपने माता-पिता से 'जंगल राज' और 'गुंडा राज' के बारे में पूछना चाहिए।

### एनडीए समग्र विकास कर रही

वैशाली जिले के पातेपुर विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए, नड्डा ने कहा कि एनडीए सरकार बिहार के समग्र विकास के लिए काम कर रही है। बिहार में दस हवाई अड्डे बनाए जा रहे हैं, जिससे राज्य से निर्यात बढ़ेगा, साथ ही केंद्र द्वारा स्थापित मखाना बोर्ड किसानों की आय बढ़ाएगा। युवा आयोग युवाओं के जीवन में बदलाव लाएगा।

### 'लालू ने गैंगस्टर के संबंधियों को भी दे दिया टिकट

उन्होंने गैंगस्टर से नेता बने दिवंगत मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को आगामी चुनावों में टिकट देने के लिए भी राजद की आलोचना की और कहा कि इससे पता चलता है कि पार्टी बिहार के लिए कितनी चिंतित है। उन्होंने कहा कि राजद ने शहाबुद्दीन के बेटे को मैदान में उतारा है।

### मेरी परछाई भी अगर गलत काम करेगी तो उसको सजा दिलाऊंगा: तेजस्वी

सीएम पद का फेस घोषित होने के बाद तेजस्वी यादव ने मीडिया के जरिए बिहार के लोगों को अपना विजन बताया और कहा कि वह नया बिहार, विकसित बिहार बनाना चाहते हैं। आरजेडी की सरकार आने पर जंगलराज का भय दिखाने वालों को तेजस्वी ने जवाब दिया और कहा कि उनकी सरकार बनने पर भ्रष्टाचार और अपराध के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेगी। तेजस्वी ने कहा, तेजस्वी की परछाई (छाया) भी अगर गलत काम करेगी तो उसको भी तेजस्वी सजा दिलाने का काम करेगा, ये संकल्प है।

### जब तक भाजपा को तोड़ेंगे नहीं तब तक छोड़ेंगे नहीं: सहनी

वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा,भाजपा ने जिस तरह हमारी पार्टी को तोड़ा, हमारे विधायक को खरीदा,हमने संकल्प लिया था कि जब तक भाजपा को तोड़ेंगे नहीं तब तक छोड़ेंगे नहीं...वो समय आ चुका है।

## खबर संक्षेप

### सपा नेता शमशुद्दीन बसपा से बर्खास्त

**लखनऊ।** बसपा ने गुटबाजी व अनुशासनहीनता के आरोप में शमशुद्दीन राईन को पार्टी से



बर्खास्त कर दिया गया है। वे लखनऊ व कानपुर मंडल के प्रभारी थे। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष ने बयान जारी कर दिया गया है। उन्हें इस संबंध में चेतावनी भी दी गई लेकिन उन्होंने कार्यशैली में सुधार नहीं किया।

### कई राज्यों में तेज आंधी बारिश की संभावना

**चेन्नई।** यहां स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने गुरुवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी के



दक्षिण-पश्चिम में बना गहरा दबाव का क्षेत्र तीव्र हो गया है। इसके साथ ही अगले 24 घंटों में इसके तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटों की ओर बढ़ने की आशंका है। कुछ क्षेत्रों में मध्यम से भारी वर्षा की भविष्यवाणी की है।

### जयपुर से मधुबनी जा रही बस पलटी, 24 घायल

**कुशीनगर।** उत्तरप्रदेश के कुशीनगर में जयपुर से मधुबनी जा रही एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई।



24 से अधिक यात्री घायल हो गए। प्रशासन ने राहत कार्य शुरू कर दिया है। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। बस में सवार ज्यादातर यात्री मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, चनपटिया और आसपास के क्षेत्र के बताए जा रहे हैं।

### तमिल संगीतकार ने 68 साल में ली अंतिम सांस

**चेन्नई।** संगीतकार एमसी सबेश के निधन की खबर है। गुरुवार दोपहर उनका निधन हुआ। सबेश ने



संगीतकार और गायक के तौर पर तमिल सिनेमा को यादगार गीत दिए। वह संगीतकार मुरली की साथ जोड़ी बनाकर फिल्मों संगीत दिया करते थे। दोनों ने मिलकर तमिल सिनेमा को समृद्ध करने में बहुत अधिक योगदान दिया है।

## आलंद विधानसभा क्षेत्र में 'वोट चोरी' कांड की जांच में बड़ा खुलासा

# एक वोट हटवाने की कीमत 80 रुपए 6 संदिग्धों पर कस दिया शिकंजा

### एसआईटी की जांच में आया सामने

एजेंसी ▶▶ कालाबुरगी

कर्नाटक के कालाबुरगी जिले के आलंद विधानसभा क्षेत्र में हुए 'वोट चोरी' कांड की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने पाया है कि साल 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची से वोट डिलीट करने की साजिश रची गई थी। अब एजेंसी ने इन पर कार्रवाई शुरू कर दी है

कर्नाटक के कालाबुरगी जिले के आलंद विधानसभा क्षेत्र में हुए 'वोट चोरी' कांड की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने पाया है कि साल 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची से वोट डिलीट करने की साजिश रची गई थी। जांच में सामने आया कि प्रत्येक हटाए गए वोट के लिए संदिग्धों को 80 रुपए का भुगतान किया गया था। अब एसआईटी ने इस घोटाले में छह लोगों को मुख्य संदिग्ध मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के शीर्ष सूत्रों के अनुसार आलंद क्षेत्र में करीब 6,994 वोट डिलीट करने के लिए आवेदन दिए गए थे। इनमें से ज्यादातर फर्जी थे। यह क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का गृह जिला है और यहां से कांग्रेस विधायक बीआर पाटिल चुने गए हैं।

**करीब 6,994 वोट डिलीट करने के लिए दिए गए थे आवेदन**

**2023** के विधानसभा चुनाव में अनियमितता

यह क्षेत्र मल्लिकार्जुन खरगे का गृह जिला है



### पाटिल ने किया था पर्दाफाश



पाटिल और मंत्री प्रियांक खरगे ने इस साजिश का खुलासा किया था और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को इसकी जानकारी दी थी। पाटिल के मुताबिक, डिलीट करने के लिए जो वोट चुने गए थे, वे अधिकतर दलित और अल्पसंख्यक वर्ग से जुड़े कांग्रेस समर्थक थे।

### कांग्रेस की चेतावनी और एसआईटी की कार्रवाई

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई हफ्ते पहले नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस



'वोट चोरी' कांड को गंभीर चुनावी अपराध बताते हुए चेतावनी दी थी। राहुल गांधी ने आलंद के उदाहरण का हवाला देते हुए कहा कि मतदाता सूची से जानबूझकर वोट हटाने की कोशिशें लोकतंत्र के साथ धोखा हैं।

### इसके बाद बनी एसआईटी

इसी के बाद कर्नाटक सरकार ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया, जिसकी जिम्मेदारी सीआईडी के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस बीके सिंह को सौंपी गई। एसआईटी ने अब तक करीब 30 लोगों से पूछताछ की है, जिनमें से पांच से छह लोगों को मुख्य आरोपी के रूप में चिन्हित किया गया है।

### छापेमारी और सबूतों की बरामदगी

एसआईटी ने संदिग्धों से जुड़े डेटा सेंटरों पर छापेमारी की, जहां वोट डिलीट करने के लिए 'वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल' तकनीक का इस्तेमाल किया गया था। जांच एजेंसी ने भाजपा नेता सुबाष गुट्टेदार, उनके बेटों हर्षानंद और संतोष गुट्टेदार तथा उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट के ठिकानों पर भी छापे मारे। इस दौरान एसआईटी को गुट्टेदार के घर के पास जली हुई मतदाता रिकॉर्ड की फाइलें मिलीं। इस पर गुट्टेदार ने सफाई दी कि दिवाली की सफाई के दौरान घर के कर्मचारियों ने कचरा सामग्री जला दी थी और इसमें कोई गलत नीयत नहीं थी।

### जांच जारी, राजनीतिक हलचल तेज

आलंद विधायक बीआर पाटिल ने कहा कि वे एसआईटी की जांच के नतीजे का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर वे वोट डिलीट हो जाते, तो उनका चुनाव हारना तय था। साल 2023 के चुनाव में पाटिल ने भाजपा प्रत्याशी सुबाष गुट्टेदार को लगभग 10 हजार वोटों से हराया था।

### जरूरत पड़ी तो जांच का दायरा बढ़ेगा, कर्नाटक पर सवाल

इस बीच, मंत्री प्रियांक खरगे से इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। एसआईटी का कहना है कि अभी जांच आलंद तक सीमित है, लेकिन जरूरत पड़ने पर अन्य क्षेत्रों में भी जांच बढ़ाई जा सकती है। यह मामला कर्नाटक में चुनावी ईमानदारी पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

## 'ईज ऑफ एजुकेशन' की पहल

# जितेंद्र ने क्षेत्र की टॉपर छात्राओं को दिए लैपटॉप



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र के हर जिले की 2-2 टॉपर छात्राओं को सम्मानित किया। 10वीं की बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाली इन छात्राओं को मंत्री ने लैपटॉप भेंट किए। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों की टॉपर छात्राएं मंत्री के आवास पर नाश्ते और मिठाई वितरण समारोह में शामिल हुईं। इनमें कई छात्राएं दूरस्थ और पहाड़ी इलाकों जैसे कि किश्तवाड़ जिले के छतरो और पाडर क्षेत्र तथा रामबन जिले के पोगल क्षेत्र से आई थीं। डॉ. सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष मिशनों जैसे आदित्य-एल1 और चंद्रयान-3 में भी महिलाओं की अग्रणी भूमिका रही है।उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे तकनीक का उपयोग न केवल अपनी पढ़ाई के लिए करें बल्कि समाज के विकास के लिए भी उसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सरकार ने समाज के हर वर्ग और हर लिंग के छात्रों के लिए अवसरों के लोकतंत्रीकरण को सुनिश्चित किया है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में होगी इन्हें आसानी

लैपटॉप प्रदान करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि यह गर्व की बात है कि ये छात्राएं ऐसे छोटे-छोटे गांवों और कस्बों से आती हैं, जहां से अब प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच रही हैं। यह दिवाली का समय है और इस शुभ अवसर पर मेधावी छात्राओं के लिए शिक्षा को सुगम बनाने का इससे बेहतर उपहार नहीं हो सकता। जैसे हम 'ईज ऑफ बिजनेस' और 'ईज ऑफ लिविंग' की बात करते हैं, वैसे ही यह 'ईज ऑफ एजुकेशन' और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में आसानी की पहल है। आज के छात्र अब अपनी रुचियों और योग्यता के अनुसार विषय चुनने की आजादी रखते हैं। उन्होंने इसे भारत की शिक्षा प्रणाली में एक प्रगतिशील बदलाव बताया, जहां युवा अब अपनी आकांक्षाओं और जुनून के आधार पर करियर चुन रहे हैं।

### महिलाओं की भूमिका पर डाला प्रकाश

उन्होंने कहा आज देश में अवसरों और आकांक्षाओं का वास्तविक लोकतंत्रीकरण हुआ है। मंत्री ने बताया कि छात्र-युवा संबंधी मंत्रालयों में अपने अनुभव से प्रेरित होकर उन्होंने यह नई परंपरा शुरू की है, ताकि प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में देश में करीब 1.75 लाख स्टार्टअप्स पंजीकृत हैं, जिनमें से 50 से 60 हजार महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा में भी इस साल की तीनों ऑल इंडिया टॉपर लड़कियां ही हैं।

## कपाट बंद होने से पहले खुला यमुनोत्री का 'खजाना'

# मंदिर समिति को करीब 50 लाख रुपए की आय


## 6,45,000 श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की



एजेंसी ▶▶ यमुनोत्री

उत्तरकाशी से एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। यहां धाम में मां यमुना मंदिर के कपाट आज छह माह के लिए बंद कर दिए गए। इससे पहले मां यमुना मंदिर का खजाना खोला गया। यमुनोत्री धाम में इस साल 6,45,000 श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और चढ़ावा भेंट किया। इस यात्राकाल में यमुनोत्री मंदिर समिति को करीब 50 लाख रुपए की आय हुई है। गत वर्ष की अपेक्षा श्रद्धालुओं की आवाजाही में थोड़ी कमी आई है।

### *इस साल आय में कुछ कमी आई: मंदिर समिति*



यमुनोत्री मंदिर समिति के प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप उनियाल सचिव सुनील उनियाल ने बताया कि इस बार पिछले साल की अपेक्षा श्रद्धालुओं में कमी के साथ ही थोड़ी बहुत आय में भी कमी आई है। इस बार मंदिर समिति को दान पात्र और रसीद बुकों से करीब 50 लाख रुपए की चढ़ावा प्राप्त हुआ।

### सैनिक बैंड-बाजे और सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में कपाट बंद

यमुनोत्री धाम के कपाट भी गुरुवार को श्रद्धा और भक्तिभाव के बीच बंद कर दिए गए। सैनिक बैंड-बाजे और सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में मां यमुना की उत्सव डोली शीतकालीन प्रवास के लिए खरसाली के लिए रवाना हुई। धामों में अब बर्फबारी और ठंड बढ़ने के चलते कपाट बंद किए जा रहे हैं, ताकि गर्मियों में श्रद्धालु दर्शन कर सकें।

## मुर्मू ने केरल राजभवन में नारायणन की प्रतिमा का किया अनावरण

# उनकी स्मृति लोगों को समानता, ईमानदारी सार्वजनिक सेवा को बनाने को प्रेरित करेगी

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को केरल राजभवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित था व एक अधिक समावेशी, न्यायसंगत और करुणामय भारत बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी स्मृति लोगों को समानता, ईमानदारी और सार्वजनिक सेवा के उन मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगी, जिनके लिए वे खड़े थे। इस अवसर पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी उपस्थित रहे।

### पूर्व राष्ट्रपति से सीख लेने को कहा



### उनकी प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिए सम्मान की बात

राष्ट्रपति ने कहा कि नारायणन एक प्रख्यात राजनेता, राजनयिक और विद्वान थे। उनकी प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिए सम्मान की बात है। उनकी स्मृति लोगों को समानता, अखंडता और सेवा के उन मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगी। जिनके लिए वे सदैव प्रतिबद्ध रहे।"

### उन्होंने नैतिकता अखंडता की समृद्ध विरासत छोड़ी

उन्होंने कहा कि केआर नारायणन ने नैतिकता, अखंडता, करुणा और लोकतांत्रिक भावना की समृद्ध विरासत छोड़ी है। समर्पण और शिक्षा की शक्ति के माध्यम से वे हमारे राष्ट्र के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन हुए।

## रांझी, बरेला और कोतवाली क्षेत्र में मारपीट

# चाकूबाजी की वारदातों में महिला सहित 5 घायल

जबलपुर।

रांझी, बरेला और कोतवाली थाना क्षेत्रों में मारपीट की तीन वारदातें सामने आई हैं। मारपीट की इस वारदातों में बदमाशों ने एक महिला व पांच युवकों पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात लगभग 11 बजे बड़ा पत्थर दुर्गा मंदिर रांझी निवासी 35 वर्षीय श्रीमति राधा बाई कोल के घर के बाहर आयुष कोल शराब पी रहा था, जिसे उसने घर के सामने शराब पीने से मना किया तो, आयुष गालीगलौज कर चाकू से पेट पर प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



इसी तरह बरेला में बस स्टेंड बरेला निवासी 27 वर्षीय किसान शेख शानू गत दिवस अपने साथी अशोक दुबे, हर्षित दुबे के साथ मोटर सायकल से ग्राम देवरी पटपरा मे अपने साथी सौरभ विश्वकर्मा से मिलने जा रहे थे रात लगभग 8.30 बजे नरसिंह मंदिर के आगे रिछाई पहुॅचे तभी बीच रोड़ में एक लड़का जिसने अपना नाम बरेला निवासी अभिषेक बताया ने उन लोगों से लिफ्ट मांगी और उनकी बाईक का अगला ब्रेक दबाकर गाड़ी साईड में लगाने के लिये बोला तभी अभिषेक का दूसरा साथी आया और दोनों ने मिलकर चाकू से अशोक दुबे, शेख शानू और हर्षित पर प्राणघातक हमला कर दिया। तीनों जान बचाकर नरसिंह बब्बा मंदिर के अंदर आ गये। मंदिर में उपस्थित लोग बाहर आये और दोनों आरोपी शारदा मंदिर तरफ भाग गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 109, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी प्रकार कोतवाली में न्यू राजीव नगर चेरीताल निवासी 22 वर्षीय नमन दीक्षित गत दिवस अपने साथी सोमिल पटेल, साहिल बर्मन के साथ रात लगभग 8 बजे बल्देवबाग में चाय पीकर अपने घर लौट रहा था, जैसे ही न्यू राजीवनगर चेरीताल शोभा पटेल के घर के सामने रात 8.35 बजे पहुंचे तभी प्रशांत पटैल, गप्पू पटेल, अशोक पटेल सामने तरफ से आये और पुरानी रंजिश पर सोमिल पटेल को गालियां देने लगे, गालियां देने से मना करने पर तीनों सोमिल के साथ मारपीट करते हुए प्रशांत पटैल एवं गप्पू पटेल ने चाकू से उस पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। उसके दोस्त नमन दीक्षित ने बीच बचाव किया तो उस पर भी चाकू से हमला कर कान के पास चोटें पहुंचा दी। घायलों को उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### शराब पीने के लिये रूपये नहीं देने पर मारपीट

जबलपुर। मदनमहल थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर एक बदमाश ने एक युवक के साथ गालीगलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है।मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंह मंदिर के पास मदनमहल निवासी 38 वर्षीय अंडा आमलेट ठेला संचालक विकास रजक अपनी ग्राहकी निपटाकर अपने दोस्त हनी परिहार, संदीप पासी के साथ राजेश खत्री की दुकान में चाय पी रहे थे तभी रात लगभग 8.30 बजे मोहल्ले का अद्दू अल्तमस आया और उससे शराब पीने के लिए पेसों की मांग करने लगा, पैसे देने से मना करने पर गालीगलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। बताया गया है कि आरोपी अद्दू अल्तमस मोहल्ले में चाकू लेकर घूमता है तथा लोगों से पैसों की मांग करता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# आचार्यश्री पिसनहारी तीर्थ पहुंचे

जबलपुर। गुरुवार अपराह्न 4 बजे आचार्य भगवन्‌ 108 समयसागर जी महाराज स संघ चातुर्मास पूर्ण होने के उपरांत, लाखा भवन से रानीताल, अग्रवाल कालोनी यादव कालोनी,कछपुरा ब्रिज,गढ़ा पुरवा होते हुए पवित्र पिसनहारी जी तीर्थ पहुंचे जहां उनकी मंगल आगवानी ट्रस्ट कमेटी के उपाध्यक्ष संजय चौधरी,महामंत्री संजय अरिहंत,मंत्री कैलाश चंद्र मट्टू,कोषाध्यक्ष सुबोध कामरेड,कार्यकारणी सदस्य दिनेश चौधरी, राजू साइकिल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन उपस्थित थे ।



### विधायक मढियाजी तीर्थ पहुंचे

उत्तर मध्य क्षेत्र के विधायक भाई अभिलाष पांडे, विजय नगर में आचार्य श्री की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के निमित्त अतिशीघ्र बनाए जा रहे कीर्ति स्तंभ की प्रगति के विषय में आचार्य समय सागर को पूर्ण जानकारी देते हुए आगामी होने जा रहे दयोदय तीर्थ के पंच कल्याणक हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया।जैन पंचायत सभा के महामंत्री अनिल गुड्डा,अमित पढ़रिया, आशीष दिवाकर, पंकज जैन मनीष जैन कल्लू, सुनील शर्मा, नीतेश अग्रवाल प्रदीप कृष्ण सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी गुरुवर के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# कारबाईड गन ने की सैंकड़ों आंखें खराब

जबलपुर। कैल्शियम कार्बाइड गन में निर्मित विस्फोटक एसीटिलीन गैस से सैकड़ों की आंखें खराब हुईं। वास्तविकता में इस गन में निर्मित गैस हजार्डस वेस्ट नियम 2016 के पार्ट-सी के तहत विस्फोटक (कोड एच-1) तथा ज्वलनशील (कोड एच-3) के श्रेणियों में आते हैं। इसके बावजूद भी केवल इस गन के बिक्री पर रोक के निर्देश दिए गए, जबकि इस पर पूर्णतः बैन लग देना था।ऐसा आदेश जारी नहीं होने के फलस्वरूप सैकड़ों की आंखें खराब हुईं। 23 अक्टूबर को अलग अलग समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों के अनुसार 11 जिलों में 292 मरीज प्रभावित हुये.

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन को ईमेल से नोटिस भेज कर कार्बाइड गन के निर्माण, बिक्री पर बैन लगाने का आदेश तत्काल जारी करने को कहा है। नोटिस में यह मांग की गई कि प्रभावित जिलों के कलेक्टर को इन कार्बाइड गन से पीड़ित मरीजों को पर्यावरण रिलीफ फंड योजना 2008 के तहत राहत देने की प्रक्रियाओं को शुरू करने के निर्देश जारी करें।



# 15 दिनों तक चलेगा हेलमेट जागरूकता अभियान

**पहले समझाईश फिर होगी सख्ती**

जबलपुर। सड़क हादसों में होली वाली मौतों में कमी लाने के मकसद से जिला पुलिस ने 15 दिवसीय हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया है इसके तहत दो पहिया वाहनचालकों हेलमेट पहनाने जागरूक किया जायेगा। कल से शुरू किया गया हेलमेट अभियान आगामी 5 नवम्बर तक जारी रहेगा अभियान के बाद 6 नवम्बर से बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों पर सख्ती बरती जायेगी इस दौरान हेलमेट को लेकर सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाईन पर अमल कराने पुलिस काम करेगी। हेलमेट जागरूकता अभियान समाप्त होने पर यातायात पुलिस दो समूहों में बंटकर अलग-अलग लोकेशन पर तैनात होगी। हेलमेट जागरूकता मुहिम के तहत तीनों यातायात थानों का वल मोर्चा संभालेगा। आदेश के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी के मार्ग दर्शन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात थाना मालवीय चौक संतोष शुक्ला,उप पुलिस अधीक्षक यातायात गढ़ा बैजनाथ प्रजापति व उप पुलिस अधीक्षक घमापुर श्रीमती संगीता डमोर के नेतृत्व में यातायात पुलिस थानान्र्गत प्रमुख चौक चौराहों पर टीम बनाकर हेलमेट जागरूकता अभियान चलायेंगे। सूबेदार रोहित तिवारी मालवीय चौक व उनकी टीम रानीताल चौक पर तैनात रहेगी। वही सूबेदार राहुल सिंह व उनकी टीम पुराना बस स्टेण्ड में तैनात होगी। इसी तरह सुबेदार दिनेश शर्मा एवं उनकी टीम मालवीय चौक व सूबेदार मनीष प्यासी की टीम छोटी लाईन फाटक व कटंगा में मोर्चा संभांलेगे।

## स्पेशल कैम्पेन 5.0: ''स्मार्ट ऑफिस प्रतियोगिता'' 31 तक

जबलपुर। मध्यप्रदेश शासन की मंशा है कि अधिकारी कर्मचारी नागरिकों के प्रति संवेदनशील रहें और उनके अंदर सेवा का भाव भरा रहे। शासन द्वारा 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक वार्डो के अलावा मुख्यालय कार्यालय के साथ–साथ सभी कार्यालयों में भी विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाकर कार्यालयों को आदर्श कार्यालय के रूप में स्थापित करने की मंशा है, ताकि वहॉं काम कराने आने वाले नागरिकों को सम्मान मिले और उनके कार्य आसानी से सुगमतापूर्वक हो सके। शासन के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा सभी बिन्दुओं पर चर्चा के उपरांत स्मार्ट ऑफिस प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत 4 मापदण्डों को निर्धारित करते हुए 100 अंक का निर्धारण किया गया है। इस संबंध में अपर आयुक्त अरविन्द शाह के द्वारा सभी संबंधितों को आदेश जारी कर निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप प्रतियोगिता में भाग लेने निर्देशित किया गया है तथा इसके लिए क्यू.आर. कोड जारी किया गया है जिसके माध्यम से उत्कृष्ट कार्यालयों से संबंधी फीडबैक लिया जायेगा और उसी के अनुरूप पुरस्कार हेतु मूल्यांकन किया जायेगा। प्रतियोगिता के संबंध में अपर आयुक्त अरविन्द शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज 23 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता एवं कार्यालय प्रबंधन की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा नागरिकों को सुव्यवस्थित सेवाऍं प्रदान करने के उद्देश्य से ''स्मार्ट ऑफिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी संभागीय कार्यालयों के साथ–साथ नगर निगम मुख्यालय के समस्त विभागीय कार्यालयों को प्रतियोगिता में सम्मिलित किया गया है, दोनो संभागीय एवं मुख्यालय स्तर का मूल्यांकन पृथक–पृथक रूप से किया जायेगा तथा संभागीय और मुख्यालय स्तर पर एक–एक विजेता कार्यालय चयनित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन 100 अंकों का किया जायेगा जिसमें सुगम्यता के लिए 25, स्वच्छता के लिए 25, ऑफिस संगठन के लिए 25 एवं सिटीजन रेटिंग के लिए 25 अंक निर्धारित किये गए हैं।

# जबलपुर में "पाकिस्तानी स्मार्ट मीटर" का धमाका!

जबलपुर।

गुरुवार की सुबह जबलपुर के दीक्षितपुरा मोहल्ले में अचानक एक "स्मार्ट मीटर" में जोरदार धमाका हुआ। धमाके से पूरे मोहल्ले में भय और दहशत फैल गई। धमाके की वजह से आस.पड़ोस की दीवारें हिल गईंए घरों में धुआँ भर गया और कई वाहन भी जलकर क्षतग्रिस्त हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत बिजली विभाग और फायर ब्रिगेड को कई बार सूचित कियाए लेकिन किसी भी विभाग की ओर से मौके पर समय पर मदद नहीं पहुँची। इसके कारण मोहल्ले के लोग भय और असुरक्षा में घरों और सड़कों पर परेशान होते रहे। इस घटना ने यह साफ कर दिया कि वर्तमान व्यवस्था जनता की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील नहीं है।



इस गंभीर स्थिति में कांग्रेस बिजली समस्या नर्मिाण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा तुरंत मौके पर पहुँचे। उन्होंने बिजली विभाग के वरष्ठि अधिकारियों को बुलाकर स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित लोगों से मिलकर उनकी सुरक्षा सुनश्चिति करने का प्रयास किया।

सौरभ नाटी शर्मा ने जारी वज्ञिप्ति में बतायाए "जनता समय पर बिजली बिल देती हैए लेकिन अपनी जान नहीं दे सकती। जबलपुर के अधिकारी अपनी जम्मिेदारी निभाएँ। यह प्रशासनिक उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। जनता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।"सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस कमेटी इस घटना की गहन और नष्पिक्ष जांच की मांग कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रभावित परिवारों को राहत और मुआवजा दिया जाना चाहिए और भवष्यि में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए स्मार्ट मीटर की सुरक्षा और निगरानी प्रणाली को मजबूत किया जाए। साथ हीए जनता की सुरक्षा सुनश्चिति करने के लिए बिजली विभाग और फायर ब्रिगेड को हमेशा तत्पर रहना चाहिए।कांग्रेस कमेटी ने जनता के साथ खड़े होने का संदेश देते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जिले में 1.59 लाख किसानों की हुई फार्मर रजिस्ट्री

जबलपुर। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, समर्थन मूल्य पर फसलों के उपार्जन एवं अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लेने के लिए पड़ने वाली जरूरत को देखते हुए जबलपुर जिले में अभी तक 1 लाख 58 हजार 797 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। यह लक्ष्य का 96.08 प्रतिशत है। जिले में 1 लाख 65 हजार 270 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करने का लक्ष्य है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को शेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये हैं।

अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करने में पनागर तहसील जिले में पहले स्थान पर बना हुआ है। पनागर तहसील में अभी तक लक्ष्य के विरूद्ध 104 फीसदी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा चुकी है। पनागर तहसील में 14 हजार 783 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य रखा गया था, इसके विरूद्ध इस तहसील में अभी तक 15 हजार 409 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा चुकी है। जबलपुर तहसील 98.96 फीसदी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के साथ दूसरे और गोरखपुर तहसील 97.10 फीसदी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के साथ जिले में तीसरे स्थान पर है।

जिले की जबलपुर तहसील में 19 हजार 492 किसानों में से अभी तक 19 हजार 289, गोरखपुर तहसील में 552 किसानों में से 536, कुंडम तहसील में 21 हजार 299 किसानों में से 20 हजार 576, सिहोरा तहसील में 25 हजार 744 किसानों में से 24 हजार 647, पाटन तहसील में 26 हजार 799 किसानों में से 25 हजार 432, मझौली तहसील में 28 हजार 833 किसानों में से 27 हजार 272, शहपुरा तहसील में 26 हजार 891 किसानों में से 25 हजार 204, राँझी तहसील में 355 किसानों में से 265 तथा आधारताल तहसील में 522 किसानों में से 167 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी है।

फार्मर रजिस्ट्री के अतर्गत प्रत्येक कृषक भूमिस्वामी को एक यूनिक आईडी जनरेट कर प्रदान की जा रही है ताकि कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके और हितग्राहीमूलक योजनाओं हेतु

### रोजगार मेले में शामिल होंगे केन्द्रीय मंत्री

जबलपुर। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार जबलपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार 24 अक्टूबर को दोपहर 10 बजे भंवरताल उद्यान के समीप कल्चरल स्ट्रीट स्थित संस्कृति थियेटर में आयोजित रोजगार मेले में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार का गुरूवार 23 अक्टूबर की रात 10 बजे भोपाल से कार द्वारा जबलपुर आगमन हुआ। आज शुक्रवार को रोजगार मेले में शामिल होने के बाद दोपहर 2 बजे डुमना एयरपोर्ट और डुमना एयरपोर्ट से दोपहर 3.40 बजे वायुयान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

### जहर खाकर युवक ने की आत्महत्या

जबलपुर। घमापुर थाना अतंर्गत झामनदास चौक में जहरीली वस्तु का सेवन करने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार झामनदास चौक निवासी 33 वर्षीय जितेंद्र उर्फ रिंकू कुशवाहा गत दिवस 10.45 बजे घर में जहरीली वस्तु का सेवन करने के कारण परिवारजनों द्वारा विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार दौरान जितेंद्र उर्फ रिंकू कुशवाहा की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# श्री गुरु ग्रंथ साहिब का संदेश ईश्वर एक

**आस्था पूर्वक मनाया गया गुरुगद्दी दिवस**

जबलपुर। गुरुद्वारा गुरुवाणी प्रचार सभा हाथीताल प्रांगण में सिख धर्म के सर्वोच्च गुरु, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पवित्र गुरुगद्दी दिवस गुरुपर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। मशहूर रागी जत्था भाई हरजोत सिंह, जलंधर पंजाब ने सम सामयिक गुरुवाणी शबद ₹वाणी गुरु, गुरु है वाणी, विच वाणी अमृत सारे, वाणी कहे सेवक जन माने, परतख गुरु निस्तारे₹ की शानदार प्रस्तुति से साध संगत को रसविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में शामिल सिख गुरुओं, हिंदू भक्तों मुस्लिम फकीरों की सम्पूर्ण इलाही गुरुवाणी 31 रागों में लिपिबद्ध की गई है, जो हमें सीधे ईश्वर भक्ति से जोड़ती है। इस मौके पर विद्वान गुरुवाणी मीमांसक ज्ञानी हरमीत सिंह जम्मू ने गुरुवाणी व्याख्या के बीच कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पावन संदेश ईश्वर एक है, सृष्टि के सारे जीव इन्हीं की संतान हैं । ईश्वर की रचना में कोई भेदभाव नहीं है। गुरुवाणी पढ़ना, सुनना और गायन करना तभी सार्थक है जब हम गुरुवाणी के मर्म को समझकर इनका अनुसरण करते हुए अपने जीवन में उतारें । इनके साथ ही स्त्री सत्संग सभा हाथीताल एवं हुजूरी रागी जत्था भाई महिंदर पाल सिंह आदि ने भी गुरुवाणी गायन कर गुरु का यश अर्चन किया । मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जोगिंदर सिंह ने सरबत के भले की अरदास प्रार्थना संपन्न कराई और श्री गुरु ग्रंथ साहिब का मुखवाक आदेश श्रवण करवाया। गुरु का लंगर दिनभर वितरित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेक कर अपनी श्रद्धा भक्ति का इजहार किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव फुलबीर सिंह फूल ने किया। प्रधानसाहब हरदेव सिंह ने आभार व्यक्त किया। प्रबंधक समिति एवं विभिन्न सेवादारों का अतुलनीय योगदान रहा।

### यातायात व्यवस्थित करने निगम कर रहा लगातार कार्यवाही

जबलपुर। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के आदेशानुसार शहर की यातायात व्यवस्था को सु–ढ़ करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। शहर में जहं–जहं भी अतिक्रमण हुए हैं और यातायात बाधित हो रहा है इस बात को –ष्टिगत रखते हुए लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है और अस्थाई ठेले, टपरों व बैनर पोस्ट हटाकर यातायात व्यवस्थित करने निगम की टीम लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में अतिक्रमण शाखा के अधिकारियों एवं सभी दल प्रभारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आज भी की गयी। इस संबंध में सहायक अतिक्रमण अधिकारी अखिलेश ॠसह भदोरिया ने बताया कि आज कचनार गेट से अॠहसा चौक तक, अहिंसा चौक से श्मशान घाट उखरी तक, श्मशानघाट उखरी से रानीताल तक, रानीताल से नौदरा ब्रिज, सणकट हाउस और मुख्य रेल्वे स्टेशन तक अस्थाई ठेले टपरे, फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर को हटाने की कार्रवाई की गयी।

## निगमायुक्त ने संग्रहिताओं और राजस्व निरीक्षकों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

# राजस्व विभाग का वसूली अभियान रहा कमजोर

जबलपुर। नगर निगम के कार्यो में और अधिक पारदर्शिता और कसावट लाने के उद्देश्य से निगमायुक्त ने निर्णय लिया है कि नागरिकों के कार्य समय पर होने के साथ–साथ निगम की आय में बढ़ोत्तरी हो और शहर में सफाई व्यवस्था के साथ–साथ अन्य बुनियादी सुविधाऍं बेहतर हो। इसके साथ–साथ प्रशासकीय व्यवस्थाऍं भी चुस्त और दुरूस्त हो इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों तथा आउटसोर्स एजेन्सी के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की और सभी को दो टूक शब्दों में कहा कि काम के प्रति इफ एण्ड बट नहीं सुनूॅंगा मुझे सिर्फ काम चाहिए। उन्होने यह भी कहा कि कार्यो के प्रति कोताही बरतने वाले अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ अब कठोर कार्रवाई की जायेगी। जिन कर्मचारियों के द्वारा ईमानदारी से नौकरी नहीं की जायेगी उनको अयोग्य घोषित करते हुए अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की कार्रवाई की जायेगी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों के साथ आउटसोर्स एजेन्सी के प्रतिनिधियों को भी बैठक में निर्देशित किया कि ई–अटेंडेन्स के आधार पर ही अक्टूबर का भुगतान किया जायेगा। जितने कर्मचारियों की उपस्थिति ऑन लाइन दर्ज होगी सिर्फ उनके ही वेतन आहरण की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा आउटसोर्स के कर्मचारियों की भी 100 प्रतिशत ई–अटेंडेन्स अनिवार्य किया गया है।



समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा संभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि अपने–अपने कार्यालयों को साफ–स्वच्छ रखें और नागरिकों की सुनवाई करते हुए राहत प्रदान करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने संभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि सुबह 06 बजे से 09 बजे तक मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों के साथ स्वच्छता संबंधी कार्यो का निरीक्षण करेगें और कार्य करायेगें। इन कार्यो में गड़बड़ी करने वालों को निलंबित भी किया जायेगा।

समीक्षा बैठक में निगमायुक्त श्री अहिरवार ने राजस्व विभाग की भी समीक्षा की जिसमें 5 वार्डो की जीरो वसूली पर कार्रवाई करते हुए संबंधित 5 करसंग्रहिताओं क्रमशः शुभम जैन, रामेश्वर दुबे, रामप्रकश सोनी, विजेन्द्र दाहिया, राजेन्द्र चौधरी और 5 राजस्व निरक्षकों क्रमशः कुणार्क रावत, अरविन्द श्रीवास्तव, देवनाथ राठौर, कमल आनंद, एवं कीर्तिका बजाज, को कार्यो में रूचि न लेने के लिए कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए 1 दिन का अवैतनिक कर आदेश जारी किये हैं। बैठक में अपर आयुक्त अरविन्द शाह, व्ही.एन. बाजपेय, प्रशांत गोटिया, राजस्व अधिकारी इन्द्र कुमार वर्मा, बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह, के अलावा सभी संभागीय अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक, आउटसोर्स एजेन्सी के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# भाईयों के माथे पर बहनों ने लगाया स्नेह का टीका

# भाई दूज पर बहन ने की भाई के लिये अखण्ड मंगल कामना

जबलपुर।

**भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। गुरुवार को सुबह से ही बहनों का अपने भाईयों के घर पहुंचना प्रारंभ हो गया था। भाई दूज की पूजा करने के बाद बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। भाईयों ने उपहार देकर बहन के खुशहाल जीवन की कामना की। दूर-दूर से भाई-बहनें यह पर्व मनाने एक-दूसरे के घर पहुंचे। सेंट्रल जेल में निरुद्ध कैदी भाईयों को टीका लगाने बहनें बड़ी संख्या में पहुंची। जेल में उत्सव का माहौल रहा।**



**जबलपुर।** सेंट्रल जेल में भाई दूज पर्व पर सामूहिक रूप से भाई दूज मनाना वर्जित है, जहां पर मुलाकात होती है वहां पर कैदियों के प्रेजेंट द्वारा फोन से बात करके मेल जोल कराया गया।

अलग से जेल प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं की गई थीं। किसी की आंखों में चारदीवारी के अंदर की घुटन झलक रही थी, तो भाईयों को बंदी की शक्ल में देख बहनों की आंखें भी छलछला आईं। भाई दूज के पर्व के साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व का हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया।भाई दूज के पर्व को लेकर ऐसी मान्यता है कि यम की बहन यमुना के घर आज के दिन यमराज ने जाकर टीका लगवाया था। यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को अनेक प्रकार की भेंट प्रदान की। बहन के वर मांगने पर यमराज ने कहा कि आज के दिन जो बहन अपने भाई को घर बुलाकर टीका कर उसे भोजन कराएगी, उसके भाई की हमेशा रक्षा रहेगी, इसलिए इस त्यौहार को यम द्वितीया भी कहा जाता है।

## संत नामदेव जयंती की तैयारी बैठक संपन्न

**जबलपुर।** श्री नामदेव आश्रम ट्रस्ट गढ़ाफाटक एवं मप्र नामदेव नवयुवक सभा की बैठक एडवोकेट शैलेष सतीश नामदेव के निवास राइट टाउन में वरिष्ठ समाजसेवी भोजराज नामदेव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 01 नवम्बर शनिवार को संत नामदेव जयंती के मुख्य आयोजन एवं शोभायात्रा जुलूस को भव्यता प्रदान करने, नई प्रस्तुतियों को सम्मिलित करने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक का संचालन नवयुवक सभा के प्रांतीय अध्यक्ष मनोज नामदेव ने किया। बैठक में एड. शैलेष सतीश नामदेव, सीताराम, अनूप, योगेश, नारायण, आनंद, चंद्रप्रकाश, यतेन्द्र, उमेश, प्रमोद, बलराम, सूर्यांश, संदीप, तरुण, प्रतुल, प्रिंस, शिनाय नामदेव सहित बड़ी संख्या में नामदेव समाज के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## प्रभु प्रेमी संघ की महत्वपूर्ण बैठक 26 को

**जबलपुर।** प्रभु प्रेमी संघ जबलपुर कार्यसमिति की सूचना अनुसार 26/10/25 दिन रविवार को सायं 4 बजे शहर के गोलबाजार स्थित आरबी कैफे में गुरुदेव जूना पीठाधीश्वर अनंत विभूषित अवधेशानंदजी महाराज के प्रकाशोत्सव पर्व कार्तिक मास पूर्णिमा 05/11/25 के कार्यक्रम पर चर्चा हेतु महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रवक्ता डॉ. विजयकांत तिवारी ने बताया कि सभी समस्त सहयोगी प्रभु प्रेमी संघ जबलपुर के सदस्यों से उक्त बैठक में उपस्थित होने की अपील हरि ॐ गुरु सेवा में समर्पित कार्यसमिति प्रभु प्रेमी संघ जबलपुर ने की है।



## श्रीमद् भागवत कथा में कलश यात्रा आज

**बरेला।** शारदा नगर रिछाई में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन 24 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 30 अक्टूबर तक चलेगा। 31 अक्टूबर को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। व्यास पीठ से प्रसिद्ध कथा वाचक श्री विपिन बिहारी दास जी महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का श्रोताओं को रसा स्वादन कराएंगे। आयोजन समिति के प्रीतम कटारे ,विजय कटारे ,राजेंद्र कटारे, सुरेंद्र कटारे ने बताया कि 24 अक्टूबर को 11:00 बजे से विशाल कलश यात्रा का आयोजन भैरव मंदिर से प्रारंभ होगी।यह कलश यात्रा संपूर्ण नगर में भ्रमण करने के पश्चात शारदा नगर स्थित कथा स्थल पर



## एड. भावना निगम ने निर्धन बच्चों को दीपावली पर बांटे कपड़े, मिठाइयाँ और पटाखे

जबलपुर। मानव अधिकार अपराध नियंत्रण (महिला विंग) अध्यक्ष एड. भावना निगम के नेतृत्व में दीपावली के उपलक्ष्य में एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर निर्धन बच्चों को कपड़े, मिठाइयाँ और पटाखे वितरित किए गए। समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए एड. भावना निगम को सम्मानित भी किया गया।डॉ. अमित सिसोदिया (राष्ट्रीय अध्यक्ष) के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. आशीष त्रिपाठी (सचिव), डॉ. अभिषेक जैन (उपाध्यक्ष), एड. आशुतोष चतुर्वेदी, एड. अमित खत्री, एड. विजय बवारिया, एड. अंकित मिश्रा, एड. अमित शर्मा, एड. रोशन मध्यानी, एड. विनीत कुमार, एड. सोमेश शुक्ला, डॉ. श्रीकान्त साहू, डॉ. अशोक मेथवानी, डॉ. आनंद बहरानी, डॉ. अश्विनी पाठक, डॉ. कमल विश्वास तथा डॉ. अभिजीत जैन उपस्थित रहे।

## जगद्गुरु कृष्ण किंकर महाराज की 25 वीं पुण्यतिथि आज

जबलपुर। गौलोक धाम के अधिष्ठाता जगतगुरु कृष्णकिंकर महाराज की 25 वीं पुण्यतिथि पर आज शुक्रवार 24 अक्टूबर को गौलोक धाम गौरीघाट में प्रातः 10 बजे से पूजन हवन एवं गुरु चरण पादुका पूजन पूर्ण वैदिक विधि विधान के साथ सभी गुरु भाई बहिनों की उपस्थिति में वैदिक आचार्य पंडित शत्रुघन महाराज द्वारा संपादित कराया जाएगा। तदोपरांत दोपहर 12 बजे कन्या भोजन,ब्राह्मण भोज व भंडारा प्रसादी कार्यक्रम आयोजित है। नरसिंह रंगा, राजेश रंगा, रंधावा सिंह, विष्णु पटेल,एड. रोहित दुबे, सु लेखा नायर,मालती वर्मा,जगदीश पटेल,मनीष रंगा,आर एम केटले ,वीरेन्द्र पांडे,एड. सूरज पटेल,आशीष कुशवाहा,अनिल दुबे, संजय दुबे , नायर आदि नए उपस्थिति का आग्रह किया है।

## आधारताल चंडीमाई मंदिर में चंडी मेला आज

**जबलपुर।** सार्वजनिक चंडीमाई मंदिर विकास समिति द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक मास की चतुर्थी 24 अक्टूबर शुक्रवार को शाम 06 बजे कटरा आधारताल चंडीमाई मंदिर में चंडी मेला (मड़ई) का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति के अध्यक्ष चमन पासी ने बताया कि क्षेत्रीय श्रद्धालुजन झंडा यात्रा की मंगलमय शोभायात्रा निकालकर देवी चंडीमाई को झंडा चढ़ायेंगे, तत्पश्चात चंडी मेला प्रारंभ होगा। समिति के चमन पासी, रमेश कोरी, राजकुमार पासी, हरि सिंह पटेल, श्यामसुंदर रजक, छोटू चौधरी आदि ने उपस्थिति की अपील नागरिकों तथा व्यापारियों से की है।



## गोपाल मंदिर घमापुर में अंतस भक्तिमय सुरधारा का आयोजन हुआ

**जबलपुर।** अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा के पावन पर्व के अवसर पर अंतस साहित्यिक सामाजिक सांस्कृतिक संस्था जबलपुर के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के पावन स्थल गोपाल मंदिर घमापुर में अंतस भक्तिमय सुरधारा का आयोजन हुआ। आयोजन अत्यंत प्रभावशाली और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देने वाला रहा। गोपाल मंदिर घमापुर के गुरुजी के आत्मीय सहयोग, अंतस की निर्देशिका विनीता पैगवार 'विधि' के संयोजन, श्रीमती संगीता पैगवार के समन्वयन से कार्यक्रम गरिमामय, भक्तिमय एवं बेहद सफ़ल रहा। कार्यक्रम का संचालन संस्था संस्थापक डॉ अनिल कुमार कोरी ने किया एवं राजेश पाठक प्रवीण ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण के पूजन अर्चन से हुआ।आयोजन में दिनेश खड़ेतिया का शानदार संगीत संयोजन रहा, साथ ही मेहुल खड़ेतिया द्वारा इलेक्ट्रॉनिक पेड एवं राजेंद्र कोरी द्वारा ढोलक पर बेहतरीन संगत की। जिन कला साधकों को भगवान श्रीकृष्ण के पावन श्री चरणों में प्रस्तुति देने का सौभाग्य मिला उनमें इंजीनियर जीव्ही अग्रवाल, इंजीनियर अरुण भटनागर, सरोज संतोषी, राजेश तिवारी, अभय नायक, अनुकंपा नायक, अन्नूशाह, तुलसी राय, अनुराग कोरी, लता बख्शी, सुशील श्रीवास्तव, अभिषेक अराध्य, वीके भूमर, सुशीला नाथ, अनीता पैगवार, चंद्रावती पैगवार, सुनीता कोरी, मालती कोरी, रिचा कोरी, स्वाति पैगवार, प्रियंका कोरी, कीर्ति संतोषी, डॉ इशिता संतोषी, विनीता पैगवार 'विधि', डॉ अनिल कुमार कोरी की सराहनीय प्रस्तुतियां रहीं।



### श्री राम एनवायरमेंट सोशल सर्विस एसोसिएशन ने बस्ती के बच्चों संग मनाया दीपोत्सव

## संस्कारधानी में बच्चों संग जगमगाई दीपावली

**जबलपुर।** पूरे देश की तरह संस्कारधानी में भी दीपोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में सामाजिक संस्था श्री राम एनवायरमेंट सोशल सर्विस एसोसिएशन ने बदनपुर, गौरीघाट और पिपलेश्वर योजना क्रमांक 51 के आंगनबाड़ी केंद्रों में बस्ती के बच्चों के साथ दीपावली का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया।कार्यक्रम में बच्चों को नए कपड़े, मिठाई, पटाखे, चॉकलेट, बताशा, तेल, बिस्किट और खीर का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें दीपोत्सव के महत्व और खुशियाँ बांटने के संदेश से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद आशीष दुबे, वरिष्ठ उद्योगपति कमल ग्रोवर, समाजसेवी और भाजपा नेता विशाल दत्त, संस्था के संरक्षक उमेश सोनी, आलोक सक्सेना, संजय मल्होत्रा, शिवकुमार तिवारी, अमित शुक्ला, संस्था की अध्यक्ष सुनीता सिंह और श्रमजीवी पत्रकार परिषद की जिला अध्यक्ष सिमरन सिंह शुक्ला सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।संस्था ने इस अवसर पर "वोकल फॉर लोकल" का संदेश देते हुए फुटपाथ पर बैठे ग्रामीण व्यापारियों से दीप, बताशा और अन्य सामग्री की खरीदारी की। बच्चों की मुस्कान और खुशी ने दीपोत्सव को और भी उज्जवल बना दिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उषा सिंह और क्षेत्र की महिलाओं ने संस्था के इस परोपकारी प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया और ऐसे सामाजिक कार्यों को आगे भी जारी रखने की कामना की।

## अनंत ब्राह्मण महासभा का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 26 को

**जबलपुर।** अनंत ब्राह्मण महासभा जबलपुर द्वारा समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन मानस भवन राइट टाउन में 26 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 से शाम 04 बजे तक आयोजित है। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वान्ह 11 बजे दीप प्रज्जवलन से होगा, तदोपरांत भगवान परशुराम पूजन 11.15 बजे तथा बायोडाटा वाचन 11.30 बजे से होगा। आयोजन महासभा के अध्यक्ष पं. केके शर्मा, संयोजक एड. ओपी मिश्रा, संगठन मंत्री डॉ. अरुण पांडेय कोषाध्यक्ष रत्नेश पांडे, महानगर संयोजक पं. श्रीकांत उपरीत की उपस्थिति में होगा। उपस्थिति का अनुरोध पं. केके शुक्ला, पं. सीताराम कुरचारिया, पं. ओम दुबे, पं. आनंद शुक्ला, पं. देवेन्द्र भट्ट, पं. अजीत तिवारी, पं. श्यामसुंदर चौबे, पं. आशीष बड़ेरिया, राजेश तिवारी, पं. पुष्पराज पांडेय सहित एड. पीके तिवारी, एड. सिद्धार्थ शुक्ला, एड. प्रदीप दुबे, एड. अवनीश तिवारी, एड. चंद्रिका दुबे सहित अन्य ने किया है।

## भगवान श्री कुबेर मंदिर में ग्रामवासियों ने की महाआरती

**जबलपुर।** ग्राम पंचायत पडुआ के पोषक ग्राम जमुनिया में स्थित प्राचीन कलचुरिकालीन भगवान श्री कुबेर जी मंदिर में प्रति वर्ष अनुसार धनतेरस और छोटी दीपावली पर महाआरती का आयोजन ग्रामवासियों और पूर्व सरपंच शिव पटेल के द्वारा किया गया। इस पुण्य अवसर पर बरगी विधानसभा के विधायक नीरज सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष शिव पटेल, सरपंच वर्षाशिव पटेल, पार्षद अर्चना सिसोदिया, संध्या सिंह, उपाध्यक्ष मनोज पटेल, सुखराम पटेल, दिव्या पटेल, वंदना पटेल, उपसरपंच सन्दीप पटेल सहित मप्र उच्चन्यालय के न्यायाधीश अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारियों और जबलपुर जिले के बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने भगवान कुबेर की महाआरती में उपस्थित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ग्राम पंचायत पडुआ के नागरिकों और क्षेत्रीय विशाल जनसमुदाय की उपस्थिति से यह आयोजन अत्यंत सफल और भव्य बना। जो भी धर्मावलंबी इस अवसर पर नहीं पहुंच सके, हम आशा करते हैं कि आप इस पांच दिवसीय माता लक्ष्मी की उपासना पर्व के पुण्य अवसर पर उपस्थित होकर भगवान श्री कुबेर जी की कृपा प्राप्त करेंगे। भगवान श्री कुबेर के दर्शन और आरती एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें हम उनकी कृपा और आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। इस पुण्य अवसर पर उपस्थित होकर आप अपने परिवार के साथ पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं। भगवान कुबेर जी की कृपा आप सभी पर बनी रहे।



## रोटरी अवॉर्ड समारोह में 26 को जबलपुर आयेंगे मुख्यमंत्री

### अरुण अग्रवाल और संदीप जैन को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 अक्टूबर को जबलपुर में आयोजित होने वाले रोटरी इंटरनेशनल अवॉर्ड समारोह में शामिल होंगे। रोटरी इंटरनेशनल ने मानवता की सेवा में उत्कृष्टता अवॉर्ड अरुणकांत अग्रवाल को एवं नॉन रोटेरियन वर्ग में समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन 'गुड्डा' को प्रदान किये जाने हेतु चयन किया था।रोटरी क्लब के अखिल मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति प्रदान की है। 26 अक्टूबर रविवार को शाम 5.30 बजे होटल विजन महल में यह कार्यक्रम होगा। नॉन रोटेरियन में यह अवॉर्ड पूरे विश्व में अब तक केवल 165 लोगों को मिला है। यह पहला अवसर है जब किसी एक शहर को रोटरी इंटरनेशनल के दोनों सर्वोच्च सम्मान एक साथ प्राप्त होंगे। जबलपुर के सभी रोटरी क्लब और नागरिक इस ऐतिहासिक पल को लेकर उत्साहित हैं। कार्यक्रम में सभी वर्गों के लोग इस पल के साक्षी बने और कार्यक्रम पूरी भव्यता से संपन्न हो इस हेतु तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।






**श्री शैलेन्द्र (हप्पू) सरावगी-** विजय नगर ज्वाय स्कूल के पास निवासी शरद सरावगी (पप्पू) के अनुज कार्तिक के पिता शैलेन्द्र (हप्पू) सरावगी का गुरूवार को प्रातः6 बजे देवलोक गमन हो गया। अंतिम यात्रा रानीताल मुक्ति धाम में संपन्न हुई।



**श्री सुंदर दास मंगलानी-** सुखसागर कॉलोनी महानद्दा रोड निवासी श्री सुंदर दास मंगलानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दया यादव-** द्वारका नगर चुंगी चौकी निवासी श्री दया यादव (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला सोंधिया-** मदनमहल निवासी श्रीमती सुशीला सोंधिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरला राठौर-** मिलौनीगंज स्थित गोविंदगंज हितकारणी के पास निवासी श्री राजकुमार प्रसाद राठौर की धर्मपत्नी श्रीमती सरला राठौर (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजू-** गोरखपुर स्थित अनगढ़ महावीर मंदिर के सामने निवासी श्री राजू (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि शंकर बेन-** मरही माता मंदिर के पास राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री रवि शंकर बेन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरस्वती बाई साहू-** कांचघर निवासी श्री लखमी चंद साहू की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती बाई साहू (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती केशर बाई चौधरी-** भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री नंद किशोर चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती केशर बाई चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कल्लू लाल चक्रवर्ती-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री कल्लू लाल चक्रवर्ती (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता राजपूत-** करियापाथर सेवक की दुकान के पीछे निवासी श्री अमरदीप सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती गीता राजपूत (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सीमा दत्ता-** मोहनी अपार्टमेंट कटरा अधारताल निवासी श्री कालूपद दत्ता की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा दत्ता (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीतेंद्र कुशवाहा-** झामनदास चौक के पास द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री जीतेंद्र कुशवाहा (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बुद्धू लाल-** सेठी नगर कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री बुद्धू लाल (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय कुमार साहू-** फूटाताल निवासी श्री संजय कुमार साहू (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अबीर गोस्वामी-** पटेल नगर सुहागी निवासी श्री दीपक गोस्वामी के पुत्र श्री अबीर गोस्वामी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रत्ना बाई महार-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी हीरेंद्र महार की धर्मपत्नी श्रीमती रत्ना बाई महार (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मोहन सिंह ठाकुर-** गली नं. 19, सदर निवासी श्री मोहन सिंह ठाकुर (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## सीए अखिलेश जैन को भाजपा का कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर दिगम्बर फेडरेशन ने दी बधाई

**जबलपुर।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर मेन ग्रुप के वरिष्ठ पदाधिकारी, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के विशेष आमंत्रित सदस्य, और गेल इंडिया के डायरेक्टर सहज, सरल एवं सबको सम्मान देने वाले सीए अखिलेश वर्षा जैन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की सहमति से मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा पुनः मध्य प्रदेश भाजपा का कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन एवं जबलपुर मेन ग्रुप ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अखिलेश वर्षा जैन को दोबारा यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने पर सोशल ग्रुप फेडरेशन के पदाधिकारियों ने उनके प्रति अपना आत्मीय स्नेह और सम्मान व्यक्त किया है।आपकी पुनः नियुक्ति पर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झाँझरी, महासचिव विनय जैन, कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल एवं निवर्तमान अध्यक्ष राकेश विनायका, जबलपुर मेन ग्रुप अध्यक्ष मुल्कराज बादशा, पूर्व अध्यक्ष विकास जैन, पूर्व रीजन अध्यक्ष प्रदीप जैन, संजय सम्यक, महाकोशल विंध्य रीजनः अध्यक्ष सीए मनोज जैन, सचिव हेमंत जैन, कोषाध्यक्ष सुनील घीया एवं फेडरेशनः राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नितिन जैन आदि द्वारा ने सीए अखिलेश वर्षा जैन के सरल स्वभाव, सामाजिक योगदान और संगठनात्मक क्षमताओं की सराहना करते हुए, उनके नए कार्यकाल की सफलता की कामना ०अपनी बधाई प्रेषित की है।

## नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ में गोद भराई होगी

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ में कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर दिन बुधवार सुबह 8:30 बजे मंगलामुखी समाज के पूज्य संतों के नेतृत्व में जिन माताओ बहनों को शादी उपरांत मातृत्व की प्राप्ति नहीं हुई है उनकी गोद भराई की रस्म किन्नर समाज के द्वारा की जाएगी कई माताओ की मनोकामनाएं अभी तक पूर्ण हो चुकी. नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के संयोजक शीर्ष अग्रवाल एडवोकेट श्रीमती दिव्या पटेल श्रीमती वंदना पटेल श्रीमती छाया गुलाब बनी चंद्रकांता दीवान दीवान ने बताया किन्नर अखाड़ा से संत भी शामिल होगी. मंगलामुखी समाज की हीराबाई बबली तिवारी केट शर्मा काजल दीदी पदमा गुरु रेखा दीदी खिलौना दीदी राधिका दीदी रजनी मोना कामिनी आदि के नेतृत्व में गोद भराई का कार्यक्रम होगा।

CHANGE OF NAME
AND DATE OF BIRTH
I DRAKSHAYANI Mother of 4588716A Rank NK SHARATH KUMAR YN, presently Residing at- VILL-YARAGANALU, PO. YARAGANALU, TEH- ARSIKERE, DIST- HASSAN, STATE- KARANATAKA PIN CODE-573164, I have changed of my name from DRAKSHAYANI & Date of birth 01/07/1971 (name & date of birth as per my son army service records) to DAKSHAYINI & date of birth 10/03/1973 (name & Date of birth as per my AADHAR CARD) vide Affidavit dated in 22/10/2025 format) before SUBHASHISH CHATTERJEE Public notary, JABALPUR M.P.
CORRRECT NAME-DAKSHAYINI
INCORRRECT NAME-DRAKSHAYANI
CORRRECT DATE OF BIRTH
10/03/1973
INCORRECT DATE OF BIRTH
01/07/1971

## खबर संक्षेप

### एसबीआई को 'विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक का पुरस्कार




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक को विश्व बैंक/आईएमएफ की वार्षिक बैठक के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में न्यूयॉर्क स्थित ग्लोबल फाइनेंस से दो प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। देश के सबसे बड़े ऋणदाता बैंक ने दो खिताब 'वर्ल्ड्स बेस्ट कंज्यूमर बैंक 2025' और 'बेस्ट बैंक इन इंडिया 2025') जीते।

### पावरग्रिड ने दो परियोजनाओं का किया अधिग्रहण

पावरग्रिड POWERGRID

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने 3,375 करोड़ रुपये की दो प्रमुख परियोजनाओं का अधिग्रहण किया है। ये परियोजनाएं भारी लोड वाले पारेषण गलियारों पर भार कम करने, बिजली की विश्वसनीयता में सुधार लाने और विभिन्न क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा के निर्बाध हस्तांतरण को सुगम बनाने में मदद करेंगी।

### नौ नवंबर से शंघाई-दिल्ली उड़ानें फिर होंगी शुरू



**नई दिल्ली।** चीन की चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस नौ नवंबर से शंघाई और दिल्ली के बीच सीधे विमान सेवा फिर से शुरू करेगी। यह सेवा सप्ताह में तीन दिन यानी बुधवार, शनिवार और रविवार को चलेगी। इसके लिए एयरबस ए330-200 विमान इस्तेमाल होगा। भारत और चीन के बीच सीधे हवाई संपर्क पांच साल से अधिक समय बाद 26 अक्टूबर से फिर से शुरू होंगे।

### बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से वायदा कारोबार में बिनौला तेल खली की कीमत 21 रुपये की गिरावट के साथ 2,870 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। अनुबंध की कीमत 21 रुपये यानी 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,870 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

### मजबूत हाजिर मांग तांबा वायदा कीमतों में तेजी



**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के बीच वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को तांबा की कीमत 0.91 प्रतिशत की तेजी के साथ 989.85 रुपये प्रति किग्रा हो गई। एमसीएक्स में ताांबा के नवंबर माह में डिलीवरी वाले तांबा अनुबंध की कीमत 8.95 रुपये अथवा 0.91 प्रतिशत की तेजी के साथ 989.85 रुपये प्रति किग्रा हो गई।

# अमेजन ने मीशो पर ठोका 127 करोड़ रुपये बकाया होने का दावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मीशो को अमेजन वेब सर्विसेज की क्लाउड सर्विस के बकाया का भुगतान न करने के कारण कानूनी लड़ाई का सामना करना पड़ रहा है।

कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए दायर ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस में इसका खुलासा हुआ है। इसके अनुसार, फरवरी, 2022 में हस्ताक्षरित एक निजी मूल्य निर्धारण परिशिष्ट से जुड़े बकाया का हवाला देते हुए मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के तहत 3 सदस्यीय न्यायाधिकरण के समक्ष कार्यवाही शुरू की गई।

**मध्यस्थता और सुलह के लिए 3 सदस्यीय न्यायाधिकरण के समक्ष कार्यवाही शुरू**

### अब मध्यस्थता विवाद में उलझा मामला

मीशो की ओर से प्रतिदावा किए जाने के बाद अमेजन वेब सर्विसेज ने मार्च में अपना जवाब दाखिल किया और मामला मध्यस्थ न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित है। यह विवाद मीशो की अपने विशाल वैल्यू-कॉमर्स इकोसिस्टम को चलाने के लिए क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर पर गहरी निर्भरता को उजागर करता है। डीआरएचपी यह भी दर्शाता है कि मीशो ने अपने आगामी 4,250 करोड़ रुपये के आईपीओ से 1,390 करोड़ रुपये अपनी टेक्नोलॉजी और क्लाउड सर्विस मजबूत करने के लिए आवंटित करने की योजना बनाई है।







### दोनों कंपनियों ने एक-दूसरे के खिलाफ किए दावे

अमेजन वेब सर्विसेज ने मीशो से 127.45 करोड़ रुपये के बकाया का दावा किया है, जिसमें खर्च प्रतिबद्धता की कमी भुगतान राशि, लंबित सेवा शुल्क, संबंधित भुगतानों पर ब्याज और मध्यस्थता की लागत शामिल है। वहीं दूसरी तरफ इस मांग पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने विवाद करते हुए अमेजन वेब सर्विसेज की ओर से प्रदान की गई सेवाओं में कमियों का आरोप लगाया है और पीपीए के न्यूनतम प्रतिबद्धता सेगमेंट की वैधता को चुनौती दी है। प्रतिदावे में उसने 86.49 करोड़ रुपये की मांग की है।

### सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां अनुपालन जोखिमों का आकलन कर रहीं

# रूसी कंपनियों पर प्रतिबंधों से रिलायंस को झटका; पीएसयू के जरिए होगी तेल खरीदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों से रिलायंस इंडस्ट्रीज के रूस से कच्चे तेल के आयात पर असर पड़ने के आसार हैं जबकि सरकारी रिफाइनरियां फिलहाल मध्यस्थ व्यापारियों के माध्यम से खरीद जारी रख सकती हैं।

उद्योग जगत के सूत्रों ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां अनुपालन जोखिमों का आकलन कर रही हैं, लेकिन रूसी कच्चे तेल के प्रवाह को तुरंत रोकने की संभावना नहीं है क्योंकि वे अपनी आवश्यकता का सभी तेल व्यापारियों से खरीदते हैं जिनमें से अधिकतर यूरोपीय व्यापारी हैं (जो प्रतिबंधों के दायरे से बाहर हैं)। रूस के 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से भारत, रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया है जिसने पश्चिमी खरीदारों के हटने के बाद मिली भारी छूट का लाभ उठाया है।



### रिलायंस को संतुलित करना पड़ेगा आयात




उन्होंने कहा कि उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को अपने आयात को फिर से संतुलित करना पड़ सकता है क्योंकि यह सीधे रूस की 'रोसनेफ्ट' से कच्चा तेल खरीदती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड भारत में रूसी कच्चे तेल की सबसे बड़ी खरीदार है और रूस से देश के प्रतिदिन 17 लाख बैरल आयात का लगभग आधा हिस्सा खरीदती है।

### यूक्रेन पर हमले को लेकर कार्रवाई

*अमेरिकी प्रशासन ने इन कंपनियों पर यूक्रेन पर रूस के हमले को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया है। दोनों कंपनियां मिलकर प्रतिदिन 31 लाख बैरल तेल का निर्यात करती हैं। केवल रोसनेफ्ट वैश्विक तेल उत्पादन का छह प्रतिशत और रूस के कुल तेल उत्पादन का लगभग आधा हिस्सा निर्यात करती है।*

### प्रतिबंधित कंपनी से रिलायंस का 25 वर्ष पुराना नाता

रिलायंस ने दिसंबर 2024 में रूस की कंपनी रोसनेफ्ट (जो अब प्रतिबंधित है) के साथ 25 वर्ष तक प्रतिदिन 5,00,000 बैरल रूसी तेल आयात करने के लिए एक सावधिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह बिचौलियों से भी तेल खरीदता है। कंपनी को इस पर प्रतिक्रिया हासिल करने के लिए ईमेल किया गया लेकिन उससे खबर लिखने तक कोई जवाब नहीं मिला।

### अमेरिका ने दो कंपनियों पर लगाया है प्रतिबंध

अमेरिकी वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने 'ओपन ज्वाइंट स्टॉक' कंपनी रोसनेफ्ट ऑयल कंपनी और लुकोइल ओएओ पर और प्रतिबंध लगा दिए हैं। ये रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियां हैं।

# टाटा टेक्नोलॉजीज अमेरिका में बढ़ाएगी स्थानीय नियुक्तियां




- एच-1बी वीजा पर सख्ती
- कंपनी अमेरिका में और अधिक स्थानीय नागरिकों को भर्ती करेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी सरकार द्वारा एच-1बी वीजा शुल्क में की गई बढ़ोतरी का असर अब कंपनियों में कर्मचारियों की नियुक्ति पर दिखने लगा है। टाटा टेक्नोलॉजीज के सीईओ वॉरेन हैरिस ने कहा कि कंपनी अमेरिका में और अधिक स्थानीय नागरिकों को भर्ती करेगी।

यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लागू नए वीजा नियमों और शुल्क पर प्रतिक्रिया है। कंपनी का उद्देश्य विदेशी कर्मचारियों पर निर्भरता कम करना और स्थानीय रोजगार बढ़ाना है।

### एच-1बी वीजा और भारतीय कर्मचारियों पर असर

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल एच-1बी वीजा लाभार्थियों में से लगभग तीन-चौथाई भारतीय थे। टाटा टेक्नोलॉजीज के पास दुनिया भर में 12,000 से अधिक कर्मचारी हैं, जिसमें अमेरिका में भी बड़ी संख्या शामिल है। 2024-25 में कंपनी के कुल 51.68 अरब रुपये के राजस्व का लगभग पांचवां हिस्सा अमेरिका से आया। नए नियमों और शुल्क से अमेरिकी संचालन में बदलाव आ सकता है, जिससे स्थानीय भर्ती की आवश्यकता और बढ़ गई है।

### स्थानीय नागरिकों को रोजगार और अमेरिकी बाजार

टाटा टेक्नोलॉजीज पहले से ही चीन, स्वीडन, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका में 70 प्रतिशत से अधिक स्थानीय नागरिकों को रोजगार देती रही है। कंपनी ऑटोमोटिव ग्राहकों के लिए अभी तक आउटसोर्सिंग सेवाओं पर निर्भर है। अमेरिकी टैरिफ में बदलाव और नियमों से कंपनियों पर दबाव बढ़ा है। इसके बावजूद, टाटा टेक्नोलॉजीज अमेरिका के बाजार को महत्वपूर्ण मानती है और अगले 6-9 महीनों में तेजी की उम्मीद कर रही है।

# मस्क की टेस्ला कंपनी का मुनाफा तीसरी तिमाही में 37 प्रतिशत घटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एलन मस्क की कार कंपनी टेस्ला ने आज (23 अक्टूबर) तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजे घोषित कर दिए हैं। रिकॉर्ड इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री के बावजूद ऊंची लागत और टैरिफ के कारण टेस्ला का मुनाफा 37 प्रतिशत घटकर 1.4 अरब डॉलर (लगभग 120 अरब रुपये) रह गया। इससे पता चलता है कि संघीय नीतियों में बदलाव और बढ़ती लागत के कारण कंपनियों पर दबाव बढ़ रहा है। नतीजों के बाद टेस्ला के शेयरों में करीब 2 प्रतिशत की गिरावट आई।

### तीसरी तिमाही के वित्तीय आंकड़े

टेस्ला ने 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में कुल 28.1 अरब डॉलर (लगभग 2,500 अरब रुपये) का राजस्व दर्ज किया। प्रति शेयर लाभ 50 सेंट रहा, जो विश्लेषकों के अनुमान 55 सेंट से कम था और कंपनी का सकल मार्जिन 18 प्रतिशत रहा। इलेक्ट्रिक वाहन की बढ़ती बिक्री के बावजूद राजस्व उम्मीद से बेहतर रहा, लेकिन लाभ अनुमान से कम होने के कारण निवेशकों को निराशा हुई। इससे पता चलता है कि उत्पादन और लागत पर असर पड़ा है।




*कंपनी को नुकसान क्यों हुआ? : टेस्ला ने बताया कि टैरिफ, राजकोषीय नीतियों में बदलाव और आयात शुल्क के कारण लागत में वृद्धि हुई। परिचालन व्यय इस तिमाही में 50 प्रतिशत बढ़कर 3.4 अरब डॉलर (लगभग 300 अरब रुपये) हो गया। इसके अलावा, अन्य वाहन निर्माताओं से प्राप्त नियामक क्रेडिट में भी गिरावट आई और इन कारणों से मुनाफे पर दबाव पड़ा।*

### मुक्त नकदी प्रवाह अनुमान से अधिक

इस तिमाही में टेस्ला का मुक्त नकदी प्रवाह लगभग 4 अरब डॉलर (लगभग 350 अरब रुपये) रहा, जो विश्लेषकों के अनुमान 1.25 अरब डॉलर (लगभग 110 अरब रुपये) से काफी अधिक है। रोबोटैक्सी और बे एरिया की राइडशेयर सेवा के बारे में सीमित जानकारी दी गई। कंपनी ने कहा कि वह दीर्घकालिक विकास, नवाचार और उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग और टैक्स क्रेडिट की समय सीमा ने बिक्री में अस्थायी बढ़ोतरी का समर्थन किया।

## विक्रम सोलर को 148.9 मेगावाट का मिला ठेका



**नई दिल्ली।** सौर समाधान प्रदाता विक्रम सोलर को सनश्योर एनर्जी से 148.9 मेगावाट उच्च दक्षता वाले सौर मॉड्यूल का ठेका मिला है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, 595 वॉट पावर वाले ये मॉड्यूल महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में लगाए जाएंगे। इस ठेके के तहत विक्रम सोलर सनश्योर को अपने उन्नत एम10आर एन-टाइप टॉपकॉन मॉड्यूल की आपूर्ति करेगा। सनश्योर एनर्जी के सह-संस्थापक एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी मनीष मेहता ने कहा हमारी आगामी परियोजनाओं के लिए विक्रम सोलर के साथ प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# क्वांटम कंपनियों में निवेश की तैयारी में ट्रंप प्रशासन - रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन कई क्वांटम-कंप्यूटिंग कंपनियों के साथ बातचीत कर रहा है। वॉल स्ट्रीट जनरल की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सरकार इन कंपनियों में संघीय वित्त पोषण के बदले इक्विटी हिस्सेदारी लेना चाहती है। आयनक्यू, रिगेटी कंप्यूटिंग और डी-वेव क्वांटम जैसी कंपनियां इस योजना पर चर्चा कर रही हैं। इसके तहत प्रत्येक कंपनी को वाशिंगटन से कम से कम 1 करोड़ डॉलर (लगभग 90 करोड़ रुपये) का वित्त पोषण मिलने की संभावना जताई जा रही है।

## मेटा अपने एआई विभाग से करेगी 600 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर टेक कंपनियां लगातार अपने कर्मचारियों की छंटनी कर रही हैं। इसी क्रम में फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा एक बार फिर कर्मचारियों की संख्या में कटौती करने जा रही है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मेटा अपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इकाई सुपरइंटेलिजेंस लैब्स में करीब 600 पदों की छंटनी कर रही है। यह कटौती फेसबुक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च, उत्पाद आधारित एआई और इंफ्रास्ट्रक्चर इकाइयों में होगी, जबकि नई टीबीडी लैब इससे अलग रहेगी।




## शेयर बाजार हरे निशान पर बंद, सेंसेक्स 130 अंक और निफ्टी भी 22 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में आज (23 अक्टूबर) बढ़त दर्ज हुई है। सेंसेक्स 130 अंक की बढ़त के साथ आज 84,556.40 अंकों के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 22 अंक चढ़कर 25,891.40 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 15 अंक की गिरावट के साथ 16,799.00 अंक पर बंद हुआ।

*ये शेयर रहे टॉप गेनर्स और लूजर्स : टॉप गेनर्स में आज वोडाफोन-आइडिया, इंफो एज और भारत फोर्ज ने क्रमशः 5.78 फीसदी, 4.77 फीसदी और 4.56 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया।*

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**हाई मास्ट टावरों के रखरखाव के लिए ई-निविदा सूचना**

**निविदा सं.:** ईएल-जी-ई-ओटी-25-26-22
दिनांक: 16.10.2025
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल में स्थापित हाई मास्ट टावरों की दो वर्ष की अवधि के लिए मरम्मत और रखरखाव अनुबंध, स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति के साथ।
**निविदा मूल्य:** ₹ 81,62,022/-
**बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 1,63,300/-
**निविदा प्रस्तुति की तारीख एवं समय:** दिनांक **03.11.2025** से **17.11.2025** के दोपहर **3:00** बजे तक।
**निविदा का खोलना:** दि. **17.11.2025** को।
अधिक जानकारी के लिए कृपया वरिष्ठ डीईई (आरएसएंडजी)/नागपुर के कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें/डाउनलोड करें।
**सहायक मंडल विद्युत अभियंता (जी),**
FL/33-159 **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्य करने वाले वरिष्ठ विभागीय अभियंता (सह)/एस.ई.सी. रेलवे, नागपुर द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है: -

**एसएल.क्र.1. निविदा सूचना क्रमांक: एन-38-एनजीपी-2025-2026**
**कार्य का नाम:** (1) एडीईएन/एन आईआर के अधिकार क्षेत्र में RUB NM-2, NM-60 और NM-74 का सुधार - कवर शेड, सम्प, ड्रेन, एपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि का निर्माण और (2) एडीईएन / एन आईआर के अधिकार क्षेत्र में RUB-33, RUB-36, RUB-38 और RUB-275A का सुधार-कवर शेड, सम्प, ड्रेन, एपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि का निर्माण।
**अनुमानित निविदा मूल्य(रु:** 3,57,57,708/-
**बयाना राशि (रु):** 3,28,800/-

**एसएल.क्र.2. निविदा सूचना क्रमांक: एन-39-एनजीपी-2025-2026**
**कार्य का नाम:** (1) एडीईएन/एनआईआर के अधिकार क्षेत्र में RUB GJ-180, GJ-188 और GJ-196 का सुधार-कवर शेड, सम्प, ड्रेन, एपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि का निर्माण और (2) एडीईएन/एनआईआर के अधिकार क्षेत्र में RUB NIR/J-216A और NIR/J-372 का सुधार-कवर शेड, सम्प, ड्रेन, एपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि का निर्माण।
**अनुमानित निविदा मूल्य (रु):** 3,25,12,374/-
**बयाना राशि (रु):** 3,12,600/-

**एसएल.क्र.3. निविदा सूचना क्रमांक: एन-40-एनजीपी-2025-2026**
**कार्य का नाम:**(1) एडीईएन/सीडब्ल्यूए के अधिकार क्षेत्र में RUB-281, 279, 272, 267 और 265 के ड्रेनेज में सुधार, कवर शेड प्रदान करना, सम्प, ड्रेन, एपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि का निर्माण और (2) एडीईएन/ सीडब्ल्यूए के अधिकार क्षेत्र में RUB-263, 260, 258 और 248 के ड्रेनेज में सुधार, कवर शेड प्रदान करना, सम्प, ड्रेन, एपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि का निर्माण।
**अनुमानित निविदा मूल्य (रु):**3,68,81,378/-
**बयाना राशि (रु):** 3,34,400/-

**एसएल.क्र.4. निविदा सूचना क्रमांक: एन-41-एनजीपी-2025-2026**
**कार्य का नाम:**(1) एडीईएन/सीडब्ल्यूए के अधिकार क्षेत्र में RUB-36, 28, 25, 23, 21, 19, 5 और 286 के ड्रेनेज में सुधार, कवर शेड प्रदान करके, सम्प, ड्रेन, एपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि का निर्माण और (2) एडीईएन /सीडब्ल्यूए के अधिकार क्षेत्र में RUB-217, 224 और 225 के ड्रेनेज में सुधार, कवर शेड प्रदान करके, सम्प, ड्रेन, एपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि का निर्माण।
**अनुमानित निविदा मूल्य (रु.):** 3,68,65,175/-
**बयाना राशि (रु.):** 3,34,300/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोली **18.11.2025 को 3.00 बजे तक** प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है और ऐसी किसी भी मैनुअल ऑफ़र को अस्वीकार कर दिया जाएगा। विवरण हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं: **www.ireps.gov.in**

**विभागीय अभियंता (उत्तर)**
AAA/33/156 **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# जोहो उपभोक्ता भुगतान ऐप 'जोहो पे' कर सकती है लॉन्च

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सॉफ्टवेयर कंपनी जोहो अब उपभोक्ता भुगतान क्षेत्र में कदम रख रही है। कंपनी 'जोहो पे' नाम से नया ऐप लॉन्च करेगी, जो उसके चैट प्लेटफॉर्म 'अरट्टई' में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। यह ऐप गूगल पे और फोनपे जैसे प्लेटफॉर्म से मुकाबला करेगा। जोहो पे के जरिए यूजर्स पैसे भेजने-प्राप्त करने, सुरक्षित भुगतान करने और बिना रुकावट के तेज लेनदेन करने की सुविधा पा सकेंगे और भविष्य में और नई सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

*फिनटेक क्षेत्र में जोहो का विस्तार*

*जोहो का कहना है कि जोहो पे कंपनी की वित्तीय सेवाओं के विस्तार की बड़ी योजना का हिस्सा है।*

### अरट्टई में जल्द जुड़ेगा पेमेंट फीचर

जोहो का अरट्टई ऐप 2021 में लॉन्च हुआ था और यह एक सुरक्षित घरेलू चैट प्लेटफॉर्म है। इसमें पहले से ग्रुप चैट, वीडियो कॉल और फाइल शेयरिंग जैसी सुविधाएं हैं। अब इसमें जोहो पे को जोड़ा जाएगा, जिससे यूजर्स चैट छोड़ने बिना भुगतान कर सकेंगे। कंपनी फिलहाल इस उत्पाद का आंतरिक परीक्षण कर रही है और आने वाले महीनों में इसे चरणबद्ध तरीके से लॉन्च करने की योजना है, ताकि अनुभव और भी बेहतर हो सके।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड छिंदवाड़ा**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा जारी करने का दिनांक 16.10.2025

निविदा जारी करने का दिनांक 16.10.2025 निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित निविदाओ हेतु निविदा प्रपत्र डाउन लोड / क्रय करने की दिनांक 16 अक्टूबर 2025 समय 10.30 बजे से प्रारंभ है । निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

कार्य का नाम- खण्ड छिंदवाड़ा के अधीन विकासखण्ड मोहखेड़ के विभिन्न ग्रामों में "जल जीवन मिशन के अंतर्गत " पुनरीक्षित योजनाओं में विद्यमान ( स्थापित ) नलजल योजनाओं में 50 एवं 100 कि.ली. जलक्षमता 12 मीटर ऊंचाईयुक्त आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी 30 कि. ली. क्षमता आर.सी.सी. सम्पवैल निर्माण कार्य तथा विभिन्न प्रकार एवं व्यास के पाईप लाईन बिछाने एवं जोड़ने रेडीमेट मिनी पंप हाउस, निर्माण, ब्रिकमेसोनरी वाल्व चेम्बर बाउण्ड्रीवॉल निर्माण, विद्युतिकरण तथा रेट्रोफिटिंग कर शतप्रतिशत घरेलु नल कनेक्शन के माध्यम शुद्ध पेयजल व्यवस्था हेतु आवश्यक सामग्री सहित सम्पूर्ण कार्यपूर्ण होने के पश्चात 90 दिन ट्रायल - रन कमिशनिंग कार्य। (As per BOQ)

| ई टेण्डर आई.डी. क्रमांक | निविदा क्रमांक दिनांक | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (रु लाख) में | अनुमानित राशि रूपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की नियत दिनांक | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED_457830_1 | 41/25-26 Dt- 16.10.2025 | मोहखेड़ | 203.81 | 203810 | 15000 | 27.10.2025 05:30 PM | 28.10.2025 5:30 PM | म.प्र. लो.नि.वि. के नवीन केन्द्रीकृत पद्धति में पंजीकृत | 6 माह वर्षाकाल सहित |

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश - कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त बेवसाइड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही क्रय किए जा सकते है।
विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित बेवसाईड पर देखी जा सकती है।

सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन /
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड
छिंदवाड़ा (म.प्र.)

G-20492/25 "पोषण है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

**Public Work Department**
**Office of the Executive Engineer Public Works (West) Division Chhatrapati Sambhajinagar**
Address :- Public Works Premise, Padampura, Chhatrapati Sambhajinagar 431005
E-mail aaddress :- westaurangabad.ee@mahapwd.gov.in
Telephone/Fax Number :-0240 2331288

**E-Tender Notice No.(28) of 2025-26**

E-Tender for the following work in B-1 Tender Form is invited via online e- tendering system from Eligible Contractor by the Executive Engineer, Public Works (west) Division, Chhatrapati Sambhajinagar on behalf of Public Works Department, Government of Maharashtra Tender Document are downloaded from goverment portal https://mahatenders.gov.in Right to select or reject is reserved by Executive Engineer, Public works (west) Division, Chhatrapati Sambhajinagar. Conditional Tender will be not accepted. (Number of 03 Works)

All information of e-tender is available on following portal.
A) अ) https://pwd.maharashtra.gov.in
B) ब).https://mahatenders.gov.in
If any change made in this e-tender is informed on above portal.

Executive Engineer,
Public works(west)Division,
ROC-2025-26/क्र-5/C3440 Chhatrapati Sambhajinagar

## चिंतन

# एक बार फिर बेनकाब हो गया पाक की झूठ

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल ही में सैन्य संघर्ष देखने को मिला था। इसके बाद पाकिस्तान ने बड़ी-बड़ी डींगें हांकते हुए ऐलान किया कि उसने टीटीपी की कमर तोड़ दी है। संघर्ष विराम से पहले ही टीटीपी की चूलें हिला दी गई थी। आपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान ने ऐसे ही दावे किए थे। अमेरिका के सामने युद्ध विराम के लिए गिड़गिड़ाने वाले पाक हुक्मरान युद्ध खत्म होते ही जीत के दावे करने लगे थे। आनन-फानन में पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत कर दिया गया ताकि आवाम को लगे कि पाक ने जीत दर्ज की है, लेकिन कुछ ही दिनों के बाद जब भारत के हमलों के बाद हुए पाक सैन्य ठिकानों की तस्वीरें सामने आने लगी तो पाकिस्तानी नेताओं के झूठ की पोल खुल गई। ऐसा ही टीटीपी को लेकर भी हो रहा है। टीटीपी की कमर तोड़ने का दावा करने वाले पाकिस्तान के एक बड़े हिस्से पर इस आतंकी संगठन ने अपना शिकंजा कस दिया है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वां प्रांत की राजधानी पेशावर में न सिर्फ टीटीपी के लोग खुलकर घूम रहे हैं बल्कि सड़कों पर चेकपोस्ट भी बना लिए हैं। पेशावर के पास से ऐसे कथित वीडियो सामने आए हैं, जिसमें टीटीपी लड़ाके सड़कों पर चौकियां बना रहे हैं। इससे पता चलता है कि इस इलाके में पाकिस्तान की सरकार और सेना का पूर्ण नियंत्रण नहीं है। पेशावर के आसपास के इलाकों में न पाकिस्तानी सेना है और न ही पुलिस। यहां टीटीपी के लड़ाके ही सब कंट्रोल कर रहे हैं। यहां पाक सरकार नकारा साबित हो चुकी है। टीटीपी तो क्या आम नागरिक भी सरकार के निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं। उनका समर्थन भी टीटीपी के साथ नजर आ रहा है। असल में पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में एक इलाका पड़ता है। नाम है फेडरली एडमिनिस्ट्रेटेड ट्राइबल एरियाज़ जिससे पता चलता है यहां ट्राइबल ज्यादा रहते हैं। पश्तून कबीलों की संख्या यहां ज्यादा है। बाजौर, मोहम्मद, खैबर, ओऱकज़ई, कुर्रम जैसे जिले यहां पड़ते हैं। अफगानिस्तान से यह इलाका सटा हुआ है। अब पाकिस्तान का हिस्सा है लेकिन 2018 के पहले ऐसा नहीं था। यह सेमी-ऑटोनोमस हुआ करता था। यानी पूरी तरह पाकिस्तान के कानून यहां नहीं चलते थे। कबीलाई राज था यहां। वे अपने कानूनों के मुताबिक़ फैसले लेते थे। यहीं से टीटीपी की शुरुआत हुई। यह इलाका अफगानिस्तान से सटा हुआ है। इसलिए वहां हुई किसी भी हलचल का असर यहां पड़ता है। अमेरिका के नेतृत्व में जब नाटो सेना अफगानिस्तान में घुसी तब, अफगान तालिबान, अलक़ायदा और दूसरे चरमपंथी संगठन वहां से भागे। ये सब बॉर्डर क्रॉस करके यहां घुसे थे। उस समय पाकिस्तान में परवेज मुशर्रफ की सरकार थी। अमेरिका ने मुशर्रफ पर दबाव बनाया, पैसे भी दिए तो मजबूरन मुशर्रफ को पाक सेना भेजनी पड़ी। इससे इन कबीलों में नाराज़गी हुई। वहां की जनता भी सरकार से नाराज़ हुई। चरमपंथी संगठनों ने इस नाराज़गी को हवा दी। उन्होंने आम लोगों को लड़ने के लिए उकसाया। जो उनके साथ नहीं आए, उन्हें रास्ते से हटा दिया गया। इसके बाद इन गुटों ने आपस में मिलकर पाक आर्मी के ख़िलाफ़ मिलकर लड़ना शुरू किया। अब ये संगठन इतना ताकतवर हो गया है कि पाकिस्तान आर्मी से मुकाबला करने लगा है। ये अपना कानून चला रहे हैं। कहने को तो पाक पुलिस भी वहां है, लेकिन केवल दिखावे मात्र के लिए। आदेश टीटीपी के ही चलते हैं। हालात ऐसे ही कि ये हिस्सा कभी भी पाक से अलग हो सकता है। दूसरे के लिए कुआं खोदने वाले का ऐसा ही अंजाम होता है।



अनदेखी
ज्ञानेन्द्र रावत

# गर्व से कहो, प्रदूषण के बादशाह हैं हम

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को जहरीली हवा से बचाने के दावे पहले की तरह इस बार भी फिर फेल साबित हुए हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक में हमारी दिल्ली दुनियाभर में शीर्ष पर है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। भला हो तेज हवाओं का जिन्होंने प्रदूषण को एक जगह ठहरने नहीं दिया वर्ना हालात और खराब होते। यह हालात तब रहे जबकि सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखों के चलाये जाने की अनुमति दी थी लेकिन ग्रीन पटाखों के नाम पर जो पटाखे बेचे गए और चलाये गए, उनसे यह प्रदूषण हुआ। जाहिर है सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों-आदेशों का खुलेआम उल्लंघन हुआ। इस बार पिछले पांच सालों के मुकाबले दिवाली पर पीएम 2.5 की मात्रा सबसे ज्यादा रिकार्ड की गई।

अभी दो दिन ही बीते हैं दिवाली को कि दुनिया में हमारे देश की राजधानी दिल्ली ने प्रदूषण के मामले में कीर्तिमान बनाकर यह साबित कर दिया है कि भले हमारी सर्वोच्च अदालत कुछ भी कहे, वह लाख निर्देश दे लेकिन हम नहीं सुधरेंगे। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को जहरीली हवा से बचाने के दावे पहले की तरह इस बार भी फिर फेल साबित हुए हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक में हमारी दिल्ली दुनियाभर में शीर्ष पर है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। भला हो तेज हवाओं का जिन्होंने प्रदूषण को एक जगह ठहरने नहीं दिया वर्ना हालात और खराब होते। यह हालात तब रहे जबकि सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखों के चलाये जाने की अनुमति दी थी लेकिन ग्रीन पटाखों के नाम पर जो पटाखे बेचे गए और चलाये गए, उनसे यह प्रदूषण हुआ।

जाहिर है सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों-आदेशों का खुलेआम उल्लंघन हुआ। उसी का नतीजा रहा कि इस बार पिछले पांच सालों के मुकाबले दिवाली पर पीएम 2.5 की मात्रा सबसे ज्यादा रिकार्ड की गई। यह हालात अकेले देश की राजधानी दिल्ली के ही नहीं रहे, कमोबेश पूरा देश इसका शिकार हुआ है। दुख तो इस बात का है कि जब वायु गुणवत्ता सूचकांक की बात की जाती है तो इस पर खेद व्यक्त करने की जगह हमारे देश के भावी कर्णधार कहें या पुरोधा गर्व से यह कहते हैं कि- 'पटाखे तो ऐसे ही चलेंगे। पटाखे चलाने से कुत्ते डर जाते हैं। ऐसे लोगों के पेट में दर्द होता है। वायु प्रदूषण पर कुत्ते तो भौंकते ही रहते हैं, ऐसे लोगों को आगे देखेंगे, उनको सबक सिखाना पड़ेगा। ये कुत्ते तब नहीं बोलते, जब ईद पर लाखों बकरे कुरबानी के नाम पर मौत के घाट उतार दिए जाते हैं। तब प्रकृति प्रेमी नहीं बोलते। जज साहब ने आज तक ज्ञान नहीं दिया कि कितने बकरे काटे जाने चाहिए। बकरों का काटा जाना और दावतें उड़ाना इनके लिए आनंद का विषय है। इन्हें दीपावली पर वायु प्रदूषण और होली पर जल प्रदूषण दिखाई देता है।' दरअसल यहां इस प्रकरण का हवाला देने का एकमात्र मकसद यह था कि ऐसा अलवर में एक प्रकृति प्रेमी द्वारा वायु गुणवत्ता सूचकांक के सीमा से अधिक बढ़ने पर खेद जताने पर उसे देश के पुरोधाओं द्वारा सोशल मीडिया पर ऐसी सम्मानजनक टिप्पणी और देख लेने की धमकियां तक दी गई। कहने का आशय मात्र यह है कि वायु प्रदूषण पर दुख व्यक्त करने पर लोगों की इस तरह की सोच है, उस हालत में वायु प्रदूषण से मुक्ति की आशा कैसे संभव है। ऐसे लोगों को न जनता के स्वास्थ्य की चिंता है,न पर्यावरण की और न देश की सुप्रीम कोर्ट की। ऐसे लोगों से देशहित की आशा करना ही बेमानी है। दरअसल ग्रीन पटाखों से वायु प्रदूषण कम करने का दावा तो फुस्स हो ही चुका है क्योकि यदि ग्रीन पटाखे चले होते तो प्रदूषण 50 फीसदी तक कम होता लेकिन हुआ उसके बिल्कुल उलट। स्थिति यह रही कि प्रतिबंधित पटाखे न केवल खूब बिके बल्कि खुलेआम चले भी और जिस पुलिस पर इनके रोकथाम की जिम्मेवारी थी, वह ऐसा होते देखती रही या यूं कहें कि उसने कमाई के चक्कर में अपनी आंखें मूंद लीं। नतीजतन पटाखे 40 फीसदी ज्यादा बिके और दिल्लीवासी जहरीली हवा में सांस लेने को विवश हुए। हालात गवाह हैं कि दिल्ली में इस बार पिछले सालो के मुकाबले प्रदूषण सबसे ज्यादा रहा। सीएसआईआर भी इसकी पुष्टि करता है। यह पटाखों की



गुणवत्ता तय मानक के अनुरूप रहे, इस पर अंकुश पर निर्भर करता है। ऐसी स्थिति में नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अमिताभ कांत का आशावाद बिल्कुल बेमानी है कि जब लास ऐंजिलिस,बीजिंग और लंदन प्रदूषण कम कर सकते हैं तो हम क्यों नहीं। उनका यह कहना कि दिल्ली की हवा बेहद खराब है। 38 में से 36 निगरानी केन्द्र रेड जोन में हैं और दिल्ली के प्रमुख इलाकों में एक्यूआई 400 के पार है। सुप्रीम कोर्ट ने समझदारी दिखाते हुए पटाखे जलाने के अधिकार को जीने और सांस लेने के अधिकार से ऊपर रखा है। इससे बचने के लिए और लगातार इस दिशा में काम करने और सख्ती से पहल करने की जरूरत है। इसके लिए एकीकृत कार्य योजना बेहद जरूरी है। उनकी राय है कि फसल और बायोमास जलाना बंद करना चाहिए। थर्मल पावर प्लांट और ईंट भट्टों को बंद करना चाहिए या फिर उनको क्लीन टेक से माडर्न बनाना चाहिए। 2030 तक सभी ट्रांसपोर्ट को इलेक्ट्रिक में बदलना,कंस्ट्रक्शन की धूल पर सख्ती बरतना,कचरे को पूरी तरह अलग करना और प्रोसेसिंग को जरूरी बनाना होगा। दिल्ली को ग्रीन, पैदल चलने लायक बनाना होगा। ट्रांजिट पर फोकस करने के हिसाब से कार्ययोजना बनाकर फिर से डिजाइन करनी होगी। तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। सीपीसीबी की मानें तो देश के 200 से ज्यादा शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहा है। इनमें नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ जैसे शहर सर्वाधिक प्रभावित रहे। प्रदूषण बढ़ने से अस्पतालों में आंखों में जलन, गले में खराश,गले में दर्द की समस्या,सांस लेने में परेशानी,ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों का तांता लगा रहा। हार्ट अटैक का खतरा बढ़ा है। पीएम 10 व पीएम 2.5 के कण फेफड़े में प्रवेश करने से सूजन बढ़ने के मरीज बढ़े। पीएम 2.5 बढ़ने से धमनियों में ब्लाकेज का खतरा बढ़ जाता है जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ने तथा सांस लेने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रदूषण से 8 से 18 फीसदी हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है और कभी-कभार जानलेवा भी साबित हो जाता है। यह सब ग्रीन पटाखों की अनदेखी का परिणाम है। जबकि ग्रीन पटाखों से पीएम कण 30 फीसदी व हानिकारक गैसें दस फीसदी कम उत्सर्जित होती हैं। ऐसी स्थिति में घर के बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, पुराने रोगी और बच्चे घर में ही रहें। पर्याप्त पानी पियें। खानपान में कोल्डड्रिंक, ठंडी,खट्टी चीजों का परहेज करें। आवश्यक हो तो मास्क पहनकर बाहर जायें। गले में खराश होने पर गरारे करें और नाक जाम होने पर सुबह शाम भाप लें। पौष्टिक आहार लें व आंवले का सेवन करें। इससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। घर में एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। आने वाले समय में पराली हमारे जीवन की प्रत्याशा पर ग्रहण लगाने वाली है। इसीलिए यह याद रखें कि सतर्कता ही हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी और बचाव की प्रमुख विधि है। इसमें दो राय नहीं।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सियासत
डॉ. मोनिका शर्मा



# जापान की पहली महिला पीएम सकारात्मक बदलाव की आशा

दुनियाभर में चल रही राजनीतिक उठापटक के बीच पहली बार जापान की सत्ता की कमान एक महिला प्रधानमंत्री को मिली है। ध्यातव्य है कि लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख 64 वर्षीय साने ताकाइची जापान की प्रधानमंत्री के रूप में शिगेरु इशिबा की जगह लेने जा रही हैं। वैश्विक स्तर पर चल रही गठबंधन की राजनीति के इस दौर में एक नए सहयोगी जापान इनोवेशन पार्टी के साथ गठबंधन के बाद जापान में कुछ समय से चल रहा राजनीतिक संकट समाप्त हुआ है। माना जा रहा है कि यह सत्तारूढ़ गठबंधन दक्षिणपंथी विचारधारा की ओर झुकाव रखने वाला होगा। हालांकि जापान के लिए उनका सत्तासीन होना एक ऐतिहासिक घटना है। जापान को 104वीं प्रधानमंत्री के रूप में इतिहास में पहली बार एक महिला प्रधानमंत्री मिली हैं। असल में लंबे समय जापान के सियासी पटल पर सक्रिय रहीं साने ताकाइची आर्थिक सुरक्षा, आंतरिक मामलों और लैंगिक समानता जैसे क्षेत्रों में कार्य कर चुकी हैं। वे जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख चेहरों में से एक हैं। हालिया चुनावों में उनकी पार्टी को बहुमत नहीं मिलने और गठबंधन टूटने के कारण वहां नई सरकार को लेकर एक अनिश्चितता बन गई थी। ऐसे में ताकाइची ने मजबूत नेतृत्व और शासकीय स्थिरता का भरोसा देते हुए प्रधानमंत्री का पद हासिल किया है। ज्ञात हो कि चार महीने पहले लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की करारी हार के बाद से ही वहां राजनीतिक शून्यता और उलझाऊ स्थितियां बनी हुई थीं। निस्संदेह, एक महिला प्रधानमंत्री के रूप में वे जापान को नई दिशा देने का प्रयास करेंगी। देश के एक आम परिवार से आने वाली ताकाइची के परिवार की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। जापान के दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की शिष्या रहीं ताकाइची 10 बार सांसद चुनी गईं हैं। यही वजह है कि साने ताकाइची ने आर्थिक मोर्चे पर पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की एबेनोमिक्स नीति को बल देने की बात भी कही है। इस नीति के अंतर्गत वे कर-कटौती और सार्वजनिक निवेश बढ़ाकर विकास को गति देने वाला दृष्टिकोण रखती हैं। जापान जैसे विकसित देश में एक महिला का प्रधानमंत्री पद पर पहुंचना ऐसे कई मोर्चों पर बदलाव लाने वाला माना जा रहा है। ज्ञात हो कि ताकाइची राजनीतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय मसलों पर स्पष्ट और मजबूत राय रखती आई हैं। विशेषकर जापान की सुरक्षा-नीति को सशक्त बनाने की हिमायती रही हैं। उनके विचारों को आमजन का समर्थन भी मिलता रहा है। जापान में ताकाइची को आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता है।

जापान की राजधानी टोक्यो की सड़कों पर उतरे नागरिकों ने ताकाइची प्रधानमंत्री बनने का स्वागत किया। वहां की स्त्रियों ने इसे नए युग की शुरुआत बताया है। जापान के राजनीतिक परिदृश्य में ताकाइची की पहचान एक दक्षिणपंथी नेता के रूप में बनी हुई है। वे राजनीतिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर ही नहीं सामाजिक-पारिवारिक विषयों पर भी पारंपरिक विचार रखती है। समान-लिंग विवाह और विवाहित दंपतियों के अलग-अलग उपनाम रखने जैसे मुद्दों का विरोध करती हैं। आप्रवासन पर कड़ा रुख रखने वाली ताकाइची ने यह भी कहा है कि नियम तोड़ने वाले आगंतुकों और अप्रवासियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विचारणीय है कि जापान में हुए सत्ता परिवर्तन से भारत पर भी असर पड़ेगा। भारत और जापान लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी, सशक्त आर्थिक सहयोग और सामाजिक-सांस्कृतिक विनिमय के धरातल पर जुड़े हुए हैं। जापान की कई बड़ी कम्पनियों की उत्पादन इकाइयां भारत में स्थापित हैं। दोनों देशों के बीच पुख्ता आर्थिक, सांस्कृतिक और सामरिक संबंध हैं ।

इतना ही नहीं, दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग का भी मजबूत गठजोड़ है। बौद्ध धर्म के माध्यम से देखा जाए तो भारत और जापान के सभ्यतागत संबंध बरसों पुराने हैं। आपसी सामंजस्य और जुड़ाव के ये सभी पक्ष बहुत महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की सत्ता संभालने वाली महिला प्रधानमंत्री साने ताकाइची को बधाई देते हुए दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की इच्छा जताई है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी जापान यात्रा के दौरान टोक्यो में 15वें भारत-जापान आर्थिक फोरम को संबोधित करते हुए कहा भी था कि 'भारत की विकास यात्रा में जापान एक अहम भागीदार है।' ऐसे में साने ताकाइची का सत्ता संभालना भारत और जापान केलिए बहुत से मोर्चों पर मजबूत साझेदारी का मार्ग प्रशस्त करेगा। तकनीक, व्यवसाय, सुरक्षा और संस्कृति हर स्तर पर यह जुड़ाव और बेहतर होने की आशा है ।

( लेखिका प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मन पतंग, श्वास डोर!



संकलित
दर्शन

केवल एक स्वस्थ कली ही खिल सकती है। उसी प्रकार केवल एक स्वस्थ व्यक्ति ही सफल हो सकता है। तो स्वस्थ होना क्या है? यदि आपके भीतर कड़ापन, बेचैनी या असंतोष है, तो आप स्वस्थ नहीं हैं। यदि मन अस्थिर और अशांत है, तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। यदि भावनाएं असंतुलित हैं, तो आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। पूर्ण स्वास्थ्य की स्थिति प्राप्त करने के लिए मन को शांत, स्थिर और भावनाओं को कोमल रखना आवश्यक है। पूर्ण स्वास्थ्य हमारे भीतर से बाहर और बाहर से भीतर निरंतर प्रवाहित होना चाहिए। संस्कृत में स्व या आत्मा में स्थित होने को स्वास्थ्य कहते हैं। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि हमारा अस्तित्व के पांच कोश (परत) होते हैं। पहला है पर्यावरण, अर्थात हमारे चारों ओर का वायुमंडल- यह हमारा मूल आवरण है। दूसरा है भौतिक शरीर। तीसरा है प्राणमय कोश, अर्थात जीवन ऊर्जा। चौथा है मनोमय कोश, जिसमें विचार, भावनाएं और कल्पनाएं होती हैं। पांचवां है विज्ञानमय या अंतर्ज्ञानमय कोश, जिसमें सहज अनुभूति और गहरी समझ होती है- यह अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। जब कोई रोग उत्पन्न होता है, तो वह पहले विचार रूप में आता है, फिर ध्वनि रूप में, फिर प्रकाश रूप में आभामंडल में प्रकट होता है, और अंततः शरीर में दिखाई देता है।

## पांच मिनट का जीवन



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गए वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी मांगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आए हैं लेकिन चूंकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूं। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहां लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## सटाका




## आज की पाती

### खराब सड़कों पर बढ़ता ट्रॉफिक

इन दिनों राजनानी में त्योहारों के चलते लोग खरीददारी करने आ रहे हैं। बाजार में भारी संख्या में दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है, तो दूसरी और सड़कों की खराब हालत के कारण शहर में ट्रैफिक जाम का लगना आम हो गया है। शहर की मुख्य सड़क हो या मेन बाजार इन पर अब घंटों जाम लग रहा है। जिसके कारण लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कत हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण सड़कों पर बनने वाले बड़े-बड़े गड्ढे हैं। जो किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। मेरा प्रशासन से आग्रह है कि सड़कों की मरम्मत के साथ इस पर दुकान लगाकर बैठने वालों पर उचित कार्रवाई की जाए ताकि हादसों की संभावना कम हो और लोग सुरक्षित रहें।

*- मनोज कुशवाहा, रायपुर*

## ट्रेंड

### आवासीय परिसर



गांधीनगर में विधायकों के लिए नवनिर्मित आवासीय परिसर का उद्घाटन किया। इस आवासीय परिसर में गुजरात विधानसभा के सदस्य एक ही परिसर में रह सकेंगे, जिससे जनप्रतिनिधियों और लोगों के बीच संवाद और भी सुगम होगा।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### अमृत रेलवे स्टेशन



10 वर्षों में रेलवे में एनडीए सरकार ने दस गुना ज्यादा बजट दिया है। 20 वंदे भारत ट्रेन और 26 अमृत भारत ट्रेन बिहार से गुजरती हैं। 98 नए अमृत रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट की तरह चमचमा रहे हैं।

-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### तैयारियों का जायजा



छठ महापर्व के पूर्व झुमरी छठ घाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्व शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हो, इस दिशा में हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### चिटनिस के निधन से दुःख




दूरदर्शी वैज्ञानिक और संस्थान निर्माता प्रो. ई.वी. चिटनिस के निधन से अत्यंत दुःख हुआ, जिन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके योगदान ने वैज्ञानिक नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

### 13 अक्टूबर आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस घोषित



संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 1989 में, 13 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस घोषित किया। उस समय, इसका उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण को दुनिया भर में रोज़मर्रा की सोच का हिस्सा बनाना था। आज यह लक्ष्य पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है, क्योंकि आपदाएं पहले की तुलना में अधिक तीव्रता और आवृत्ति से आ रही हैं। हालांकि इस दिशा में काफी प्रगति हुई है, लेकिन अब भी आपदा जोखिम और उनके प्रभावों को कम करने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि आपदाओं को लेकर हमारी सोच और बातचीत का तरीका भी कई बार दीर्घकालिक संकटों को नजरअंदाज कर देता है। तात्कालिक घटनाओं जैसे भूकंप, तूफान और जंगल की आग पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है, जबकि जलवायु परिवर्तन जैसे धीमी गति से बढ़ने वाले संकटों पर कम। ईश्वरीय दंड से मानवीय जिम्मेदारी तक इतिहास में आपदाओं को अक्सर ईश्वर का दंड या आस्था की परीक्षा के रूप में देखा गया। प्राचीन ग्रंथों जैसे 'गिलगमेश' महाकाव्य, इस्लामिक परंपराएं, बौद्ध और हिंदू धर्मों में भी प्राकृतिक आपदाओं को आध्यात्मिक या धार्मिक दृष्टिकोण से समझा गया।

## ऑफ बीट

### तैरते सौर पैनल होंगे भविष्य की ऊर्जा के स्रोत



भूमध्य रेखा के पास शांत समुद्रों में तैरते सौर पैनलों की विशाल श्रृंखला दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम अफ्रीका में घनी आबादी वाले देशों को प्रभावी ढंग से असीमित सौर ऊर्जा प्रदान कर सकती है। हमारे नए शोध से पता चलता है कि अकेले इंडोनेशिया में अपतटीय सौर ऊर्जा एक वर्ष में लगभग 35,000 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) सौर ऊर्जा उत्पन्न कर सकती है, जो वर्तमान वैश्विक बिजली उत्पादन (प्रति वर्ष 30,000 टीडब्ल्यूएच) के समान है। वैसे दुनिया के अधिकांश महासागर तूफानों का अनुभव करते हैं, लेकिन भूमध्य रेखा पर कुछ क्षेत्र अपेक्षाकृत ठहरे हुए और शांत हैं। इसलिए अपेक्षाकृत सस्ती इंजीनियरिंग संरचनाएं अपतटीय फ्लोटिंग सौर पैनलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त हो सकती हैं। हमारे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले वैश्विक ताप मानचित्र दिखाते हैं कि नाइजीरिया के पास इंडोनेशियाई द्वीपसमूह और भूमध्यरेखीय पश्चिम अफ्रीका में अपतटीय तैरते सौर पैनलों के लिए सबसे बड़ी संभावना है। सदी के मध्य तक सौर ऊर्जा नियम वर्तमान रुझानों को देखते हुए लगता है वैश्विक अर्थव्यवस्था 2050 तक बड़े पैमाने पर डीकार्बोनाइज्ड और विद्युतीकृत हो जाएगी, जो बड़ी मात्रा में सौर और पवन ऊर्जा द्वारा समर्थित होगी।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## भारतीय सेना को मिलेगी नई ताकत

# तैयार हो रही 20 भैरव बटालियन, दुश्मनों की उड़ेगी नींद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय सेना अगले छह महीनों के भीतर 20 भैरव बटालियन तैयार कर रही है। पांच भैरव लाइट कमांडो पहले से ही भारतीय सेना में तैनात हैं। जो देश के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय हैं। भारतीय सेना की इंफ्रेंट्री शाखा के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार ने बताया कि इन पांच बटालियनों के अलावा करीब चार और तैयार हैं, जबकि बाकी 16 अगले छह महीने के भीतर तैयार हो सक्रिय हो जाएंगी।

दरअसल, भैरव बटालियन का काम सेना पारंपरिक बल औरविशिष्ट पैरा-स्पेशल बलों के बीच पुल का काम करेंगी। ये हल्के और घातक कमांडो बटालियनें हैं। जिसे चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर तेज गति से ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया है।

### खास बातें

- एक भैरव बटालियन में 250 सैनिक शामिल
- 5 भैरव लाइट कमांडो पहले से ही सेना में तैनात
- शेष 16 बटालियन अगले 6 माह में तैयार

*भैरव बटालियन का काम सेना पारंपरिक बल औरविशिष्ट पैरा-स्पेशल बलों के बीच पुल का काम करेंगी। ये हल्के और घातक कमांडो बटालियनें हैं। जिसे चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर तेज गति से ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया है*



### देश के अलग-अलग हिस्सों में तैनात

एक भैरव बटालियन में 250 सैनिक होते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में जारी हैं। इसमें नमें एक लेह, एक श्रीनगर और एक नगरोटा में है। बाकी दो बटालियन वेस्टर्न और ईस्टर्न बॉर्डर के रेगिस्तानी और पहाड़ी इलाकों में तैनात हैं। लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार ने बताया कि एक लेह में 14 कॉर्प्स के साथ है, एक श्रीनगर में 15 कॉर्प्स के साथ और एक नगरोटा में 16 कॉर्प्स के साथ तैनात किया गया है।

### सेना के पास फिलहाल 380 इंफ्रेंट्री यूनिटें

भैरव बटालियन सामान्य पैदल सेना जैसी नहीं हैं, बल्कि इनमें एयर डिफेंस, तोपखाना और सिग्नल जैसी आर्म्स के सैनिक भी शामिल हैं। कुमार ने बताया कि भारतीय सेना के पास फिलहाल 380 इंफ्रेंट्री (पैदल सेना) यूनिटें हैं। जो पूरी तरह ड्रोन संचालन के काम में लगेंगी। इन प्लाटून के पास कई तरह के ड्रोन हैं, जिनसे दुश्मन पर निगरानी, जानकारी जुटाने और हमले जैसे काम किए जा सकते हैं।

### दुश्मन सैनिकों की टोह लेंगे

भैरव कमांडो स्पेशल फोर्सेज के समान होंगे, जिनमें हर भैरव बटालियन को परिचालन क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षित और नियुक्त किया जाएगा। हालांकि इन टुकड़ियों को भारी हथियारों से लैस नहीं किया जाएगा और ना ही उन्हें सबसे जटिल मिशन नहीं सौंपे जाएंगे। उनका मुख्य कार्य दुश्मन सैनिकों की टोह लेना और उनके हमलों को नाकाम करना होगा।

### स्वतंत्र रूप से करेगी काम

*लेफ्टिनेंट जनरल कुमार के मुताबिक भैरव बटालियन को अचानक हमले, आतंकवाद-रोधी और सीमा गश्त जैसे उच्च-प्रभाव वाले अभियानों को अंजाम देने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भैरव बटालियन को उनकी एकीकृत संरचना ही अलग बनाती है। इस बटालियन में ना सिर्फ सेना की इंफ्रेंट्री से बल्कि आर्मी एयर डिफेंस और आर्टिलरी रेजिमेंटों से भी सैनिकों को शामिल किया जाएगा ताकि कठिन परिस्थितियों में स्वतंत्र रूप से काम करने में सक्षम कुशल टीमें बनाई जा सकें।*

### ड्रोन प्लाटून से सुसज्जित हुई सेना

*कुमार ने बताया कि भारतीय सेना इंफ्रेंट्री आधुनिकीकरण योजना के तहत 2,770 करोड़ रुपए की लागत से 4.25 लाख युद्धक कार्बाइन भी खरीद रही है। 380 पैदल सेना बटालियनों में से हर एक के पास अब एक अश्नि ड्रोन प्लाटून है जिसमें कम से कम चार निगरानी ड्रोन शामिल हैं और छह सशस्त्र श्रेणी के हैं। सशस्त्र ड्रोनों में कामिकेज ड्रोन और सटीक गोला-बारूद गिराने वाले मानवरहित हवाई वाहन भी शामिल होंगे।*

## खबर संक्षेप

### पंजाबी युवक ने नशे में ट्रक दौड़ाया, 3 की मौत



**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में पंजाब के ट्रक ड्राइवर ने करीब 10 वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा 22 अक्टूबर को हुआ। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया है। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान 21 साल के जशनप्रीत सिंह के रूप में हुई है।

### सुनील ने जीता ब्रिटिश अकादमी पुरस्कार



**लंदन।** भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत को उनकी किताब 'द बर्निंग अर्थः एन एनवायर्नमेंटल हिस्ट्री ऑफ द लास्ट 500 इयर्स' के लिए ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार प्रदान किया। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 25,000 पाउंड की रकम मिलती है, जो दुनिया की सर्वश्रेष्ठ गैर-काल्पनिक कृतियों को दिया जाता है।

### दाऊद से जुड़ा दुबई से आया सलीम शेख अरेस्ट



**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 7 ने दुबई से डिपोर्ट कर दाऊद नेटवर्क से जुड़े सलीम डोला के करीबी साथी मोहम्मद सलीम सुहेल शेख को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से दुबई में बैठकर भारत में चल रहे ड्रग नेटवर्क को संचालित कर रहा था। जांच में सामने आया कि उसका कनेक्शन सांगली जिले में चल रही मेफेड्रोन फैक्ट्री से था।

### वांगचुक की पत्नी बोली आईबी पीछा कर रही




**नई दिल्ली।** लद्दाख के सामाजिक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में यह दावा किया है कि उनके पीछे लगातार इंटेलिजेंस ब्यूरो का सर्विलांस लगा हुआ है। इसके चलते उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। मैं जहां भी जाती हूं खुफिया अधिकारी मेरा पीछा करते हैं।

## डीएसी की बैठक में 79000 करोड़ के सैन्य प्रस्तावों को मिली मंजूरी

### तीनों सेनाओं को मिलेंगे घातक हथियार

# नाग मिसाइल सिस्टम, लैंडिंग डॉक्स लंबी दूरी की टारगेट प्रणाली शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में आयोजित रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में भारतीय थलसेना, नौसेना और वायुसेना के लिए कुल 79,000 करोड़ रुपए के महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। इन प्रस्तावों से तीनों सेनाओं की लड़ाकू क्षमता, निगरानी व्यवस्था और लॉजिस्टिक सपोर्ट में जबरदस्त बढ़ोत्तरी होगी। सभी प्रस्तावों को 'आवश्यकता की स्वीकृति' (एओएन) प्रदान कर दी गई है। इस पूरी खरीद से तीनों सेनाओं की ताकत में इजाफा होगा। सेना को दुश्मन से लड़ने में आसानी होगी, नौसेना समुद्र में अपनी पकड़ मजबूत करेगी, और वायु सेना हवा में दुश्मन को चकमा दे सकेगी। इस रक्षा खरीद से न सिर्फ सेनाओं को मजबूती मिलेगी, बल्कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' का विजन भी धरातल पर उतरेगा। साथ ही, ये सिस्टम्स 24/7 काम करेंगे, जिससे हमारी सुरक्षा हमेशा बनी रहेगी। राहत और बचाव कार्यों में भी ये मददगार साबित होंगे। अब ये प्रोजेक्ट्स को फाइनल करने और बनाने का काम शुरू होगा। सरकार और सेनाएं मिलकर इस पर तेजी से काम करेंगी ताकि जल्द से जल्द ये हथियार और सिस्टम्स हमारे जवानों के हाथ में हों।

**इस पूरी खरीद से तीनों सेनाओं की ताकत में इजाफा होगा। सेना को दुश्मन से लड़ने में आसानी होगी, नौसेना समुद्र में अपनी पकड़ मजबूत करेगी, और वायु सेना हवा में दुश्मन को चकमा दे सकेगी। इस रक्षा खरीद से न सिर्फ सेनाओं को मजबूती मिलेगी, बल्कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' का विजन भी धरातल पर उतरेगा**

» **स्वदेशी टॉरपीडो से परमाणु पनडुब्बी पर भी हमला**

» **वायुसेना ऑटोनोमस तरीके से करेगी दुश्मन पर वार**



### थलसेना को मिलेंगे 3 प्रमुख उपकरण

थलसेना की ताकत में इजाफा करने के लिए डीएसी ने 3 प्रमुख उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी है। इनमें शामिल हैं:- नाग मिसाइल सिस्टम (ट्रैक्ड) एमके-II (एनएएमआईएस): यह ट्रैक वाली मिसाइल प्रणाली दुश्मन के टैंकों, बंकरों और मैदानी किलेबंदी को आसानी से नष्ट करने में सक्षम होगी। ग्राउंड बेस्ड मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस सिस्टम (जीबीएमईएस): यह प्रणाली दुश्मन के इलेक्ट्रॉनिक संकेतों और एमिटर्स पर 24×7 खुफिया निगरानी रखेगी। हाई मोबिलिटी व्हीकल (एचएमवी) विद मटेरियल हैंडलिंग क्रेन: ये वाहन कठिन भौगोलिक क्षेत्रों में सामान ढुलाई और हैंडलिंग की क्षमता को बढ़ाएंगे। इससे सेना को हर मौसम और जगह पर फायदा होगा।

### वायुसेना के लिए बिना पायलट का प्लेन

*सरकार ने एयरफोर्स के लिए कोलैबरेट लांग रेंज टारगेट सेचुरेशन और डिस्ट्रक्शन्स सिस्टम (सीएलआरटीएस/ डीएस) को मंजूरी दी है। ये सिस्टम बिना पायलट के प्लेन को टेकऑफ, लैंडिंग, नेविगेशन, टारगेट डिटेक्शन और अटैक करने की ताकत देगा। यानी ये ऑटोनॉमस तरीके से दुश्मन पर वार करेगा। इससे एयरफोर्स की स्ट्राइक पावर और बढ़ जाएगी।*

### नौसेना की क्षमता भी होगी मजबूत

भारतीय नौसेना की क्षमताओं को मजबूत करने के लिए भी कई प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया है। इनमें प्रमुख हैं:- लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक (एलपीडी): यह जहाज थलसेना और वायुसेना के साथ संयुक्त उभयचर अभियानों को संचालित करने में सक्षम होगा। ये जहाज सेना को किनारे पर उतारने और एम्फीबियस ऑपरेशंस यानी समुद्र से जमीन पर करने में आसानी देंगे। साथ ही शांति स्थापना, मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों में भी उपयोगी रहेगा। 30 मिमी नेवल सरफेस गन (एनएसजी): नौसेना और तटरक्षक बल की कम तीव्रता वाली समुद्री कार्रवाइयों और समुद्री डाकू-विरोधी अभियानों में मदद करेगी। एडवांस्ड लाइट वेट टॉरपीडो (एएलडब्ल्यूटी): डीआरडीओ की एनएसटीएल द्वारा विकसित यह स्वदेशी टॉरपीडो परंपरागत, परमाणु और छोटी पनडुब्बियों को निशाना बनाने में सक्षम है। इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल इंफ्रा-रेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम (ईओआईआरएसटी): दुश्मन लक्ष्यों की दूर से पहचान और ट्रैकिंग में सहायक होगा। स्मार्ट एम्यूनिशन (76 मिमी सुपर रैपिड गन माउंट के लिए): निशानेबाजी की सटीकता और प्रभावशीलता में वृद्धि करेगा।

## मलेशियाई पीएम ने की पुष्टि

# आसियान समिट में वर्चुअली भाग लेंगे पीएम मोदी, जयशंकर आएंगे



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

आसियान समिट में मोदी-ट्रंप की मुलाकात नहीं होगी। पीएम मोदी का मलेशिया दौरा टल गया है। मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। पीएम इब्राहिम ने लिखा कि बुधवार को पीएम मोदी का फोन आया। हमने भारत-मलेशिया के संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। हमने इस दौरान आसियान समिट पर भी बात की।

मोदी ने मुझे बताया कि वे इस समिट में ऑनलाइन हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी की जगह इस बार विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समिट में हिस्सा लेंगे। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने भी ट्वीट किया कि मेरे प्रिय मित्र, मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल रूप से शामिल होने और आसियान-भारत की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए उत्सुक हूं।

### ट्रंप का सामना करने से डरे पीएमः कांग्रेस

*पीएम मोदी के मलेशिया न जाने के फैसले पर कांग्रेस ने गुरुवार को दावा किया कि इसके पीछे की वजह डोनाल्ड ट्रंप हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मोदी ट्रंप के सामना करना नहीं चाहते। उन्होंने लिखा कि पीएम वहां नहीं जाएंगे। इसका मतलब है कि कई विश्व नेताओं से गले मिलने, फोटो खिंचवाने और खुद को विश्वगुरु बताने के कई मौके हाथ से निकल गए। पीएम मोदी के वहां नहीं जाने की वजह साफ है- वे राष्ट्रपति ट्रंप के सामने नहीं आना चाहते, जो वहां मौजूद होंगे। उन्होंने कुछ हफ्ते पहले मिस्र में गाजा शांति शिखर सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी इसी वजह से ठुकरा दिया था। रमेश ने आगे लिखा- सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ट्रंप की तारीफ में पोस्ट करना एक बात है, लेकिन उस व्यक्ति के साथ आमने-सामने होना, जिसने 53 बार ऑपरेशन सिंदूर रोकने का दावा किया है और 5 बार यह कहा है कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने का वादा किया है - यह दूसरी बात है। यह उनके लिए काफी जोखिम भरा है।*

### ट्रंप जाएंगे मलेशिया

47वें आसियान सम्मेलन में भाग लेने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मलेशिया जाएंगे। ट्रंप मलेशिया के अलावा दक्षिण कोरिया, जापान की भी यात्रा करेंगे। दक्षिण कोरिया में ट्रंप की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात होगी। ट्रंप ने बुधवार को ही मलेशिया जाने की पुष्टि की और साथ ही बताया कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ होने वाली बैठक को फिलहाल रद्द कर दिया है।

## 6जी की छलांग लगाएगा भारत

# ब्रिटेन के साथ 'इनोवेशन सेंटर' शुरू करने के लिए मिलाया हाथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत 6जी की छलांग लगाने की पूरी तैयारी कर चुका है। इस मामले में भारत ने ब्रिटेन के साथ मिलकर नया कनेक्टिविटी और इनोवेशन सेंटर शुरू करने के लिए हाथ मिलाया है।

यूके इन इंडिया ने 'एक्स' पर लिखा कि यूके और भारत ने एक नया कनेक्टिविटी और इनोवेशन सेंटर शुरू करने के लिए हाथ मिलाया है, जो 6जी के भविष्य के निर्माण की दिशा में एक बड़ी छलांग है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस में घोषित, 24 मिलियन पाउंड (करीब



255 करोड़ रुपए) की यह संयुक्त पहल नेटवर्क को तेज, स्मार्ट और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए एआई का उपयोग करेगी। यूके-भारत प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल और विजन 2035 के तहत कार्यान्वित, यह केंद्र डिजिटल पहुंच को अधिक समावेशी और विश्वसनीय बनाने के लिए दोनों देशों के शीर्ष विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा।

## इसरो प्रमुख नारायणन का दावा

# गगनयान में 90% काम पूरा 2027 में स्पेस में जाएंगे मानव

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसरो के प्रमुख वी. नारायणन ने बताया कि अब तक मिशन से जुड़ा लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है।

उन्होंने कहा कि गगनयान भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है और इसके लिए कई जटिल तकनीकों को विकसित करना पड़ा है। गगनयान मिशन बहुत अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है। इस मिशन के लिए रॉकेट को मानव उड़ान के लिए उपयुक्त बनाना था, ऑर्बिटल



मॉड्यूल तैयार करना था, और पर्यावरण नियंत्रण व सुरक्षा प्रणाली विकसित करनी थी। इसके अलावा, क्रू एस्केप सिस्टम, पैराशूट सिस्टम और अन्य मानव-संबंधी तकनीकें भी बनानी पड़ीं। इसरो प्रमुख ने कहा कि अब तीन बिना मानव वाले मिशनों को पूरा करना बाकी है। इन मिशनों के सफल होने के बाद ही 2027 में अंतरिक्षयात्रियों को भेजा जाएगा।

## भारतीय नौसेना की 'कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2025' शुरू

# एडमिरल त्रिपाठी बोले- देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए इंडियन नेवी सदैव तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली में भारतीय नौसेना की कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2025 शुरू हुई। इस दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नौसेना के समर्पण, व्यावसायिक दक्षता और सतत प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शित उत्कृष्ट संचालन क्षमता को राष्ट्र के लिए गर्व का विषय बताया।

कहा कि भारतीय नौसेना क्षेत्र में राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए तत्पर, अनुकूल और सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए तत्परता, अनुकूलनशीलता और सक्रिय सहभागिता के माध्यम से क्षेत्र में अपनी भूमिका सशक्त रूप से निभा रही है।



### एयरचीफ मार्शल सिंह ने भी संबोधित किया

*सम्मेलन के पहले दिन वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भी नौसेना के कमांडरों को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय नौसेना की हिंद महासागर क्षेत्र में निर्णायक भूमिका की सराहना की और सामान्य योजना, समन्वित अभियानों तथा संयुक्तता को सशक्त बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं के बीच संयुक्त वायु अभियानों, इंटरऑपरेबिलिटी और एकीकृत संचालन को और मजबूत करने की आवश्यकता है।*

## ईयू ने भी दिया पुतिन को झटका

# तेल बेड़े पर लगाया प्रतिबंध, रूसी राजनयिकों की आवाजाही सीमित

एजेंसी ▶▶ ब्रुसेल्स

रूस पर यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए दबाव बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन द्वारा रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के एक दिन बाद यूरोपीय संघ ने भी रूस के छद्म तेल बेड़े पर प्रतिबंध लगा दिया है।

साथ ही यूरोपीय संघ ने रूस से होने वाले एलएनजी आयात पर भी नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। गुरुवार को डेनमार्क के विदेश मंत्री और यूरोपीय संघ के अध्यक्ष लार्स लोके रासमुसेन ने नए प्रतिबंधों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज यूरोप और यूक्रेन के लिए एक अच्छा दिन है। 27 देशों वाले यूरोपीय संघ के भीतर रूसी राजनयिकों की आवाजाही को सीमित करने पर भी सम्मेलन में सहमति बनी। नए प्रतिबंधों का उद्देश्य रूस के तेल उद्योग पर दबाव बनाना और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बातचीत की मेज पर लाना है। अमेरिका का मानना है कि रूस के तेल उद्योग ही यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को वित्तपोषण दे रहा है। यही वजह है कि अब अमेरिका और पश्चिम के देश रूस की इसी ताकत पर प्रहार कर रहे हैं।



### रूस की दो तेल कंपनियां बैनः यूएस

*अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बुधवार को घोषणा की है कि अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल सहित दर्जनों सहायक कंपनियों पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। रोसनेफ्ट और लुकोइल के साथ-साथ दर्जनों सहायक कंपनियों पर प्रतिबंध का यह निर्णय महीनों से चल रहे दलीय दबाव के बाद लिया गया। बता दें, रूस के लिए अंतरराष्ट्रीय शिपिंग नियमों के तहत अपना कच्चा तेल बेचना मुश्किल हो गया है। युद्ध के लिए धन जुटाने के लिए रूस का कच्चे तेल की बिक्री करना बेहद जरूरी है। रूस के छाया बेड़े में पुराने जहाज शामिल हैं।*

## 4 मिनट में 895 करोड़ रुपए का बेशकीमती सामान साफ

# 72 घंटे बाद भी नहीं मिला सुराग, लूव्र म्यूजियम में जुटे 100 स्पेशल एजेंट


एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस की राजधानी पेरिस की लूव्र म्यूजियम में रविवार को हुई डकैती को लेकर अब तक पुलिस को कोई बड़ा सुराग नहीं मिला है। पेरिस के अभियोजक लॉर बेक्कुओ के अनुसार चोरी हुए गहनों की कीमत करीब 895 करोड़ रुपए है।

चोरी हुए सामान में एक शाही नीलम का हार, शाही पन्ने का हार-इयररिंग्स और नेपोलियन तृतीय की पत्नी का एक ताज भी शामिल है। बेक्कुओ ने कहा कि अगर चोर इन गहनों को पिघला कर वापस बेचने की कोशिश करेंगे तो ऐसे में उन्हें बड़ी रकम मिलना मुश्किल है। बेक्कुओ ने ये भी कहा कि अगर वे गहनों को ब्लैक मार्केट में बेचते हैं तो उन्हें मोटा मुनाफा मिल सकता है।

शाही गहने गायब जांच जारी

सुरक्षा में चूक सवाल उठे



### किंग चार्ल्स की ऐतिहासिक तलवार भी चोरी


पेरिस के लूव्र म्यूजियम के इतिहास में इससे पहले कई बार बेशकीमती चीजों की चोरी हो चुकी है। इसमें किंग चार्ल्स की ऐतिहासिक तलवार भी शामिल है। साल 1792 में 10 हजार से अधिक कीमती पत्थरों को चुरा लिया गया था। इसमें 'फ्रेंच ब्लू हीरा' शामिल था। साल 1976 में किंग चार्ल्स - 10वें की हीरे जड़ी तलवार और 1998 में 'द पाथ ऑफ सेवेस' की पेंटिंग भी चुराई गई, जो आजतक नहीं मिली।

### पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे नहीं

*उधर, फ्रांस के गृह मंत्री लॉरेंट न्यूनेज, संस्कृति मंत्री राशिदा दाती और न्याय मंत्री जेराल्ड डामनिन ने इस चोरी के सिलसिले में म्यूजियम में बैठक की। बैठक में डामनिन ने कहा कि घटना के दौरान म्यूजियम में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे नहीं थे। डकैती के समय अलार्म बजने के बावजूद पुलिस सक्रिय नहीं दिखी। फिलहाल जांच दल 100 स्पेशल एजेंटों के साथ खोजबीन कर रही है।*

### 1200 सुरक्षा गार्ड के होते हुए चोरी

*बता दें, म्यूजियम की सुरक्षा में 1200 गार्ड और 52 से अधिक दमकलकर्मी शामिल थे। म्यूजियम के गार्ड लंबे समय से काम की खराब स्थिति की शिकायत कर रहे थे। इसी म्यूजियम में दुनियाभर में मशहूर मोनालिसा की पेंटिंग को बुलेटप्रूफ बॉक्स में रखा गया है। वहीं, चोरी हुए सामानों में कुछ गहने ऐसे भी हैं जिन्हें 887 की नीलामी के बाद दोबारा खरीदा गया था।*



# एक फ्रेम में साथ नजर आए संजय और जावेद

**मुंबई।** 'बूगी वूगी' शो से प्रसिद्ध हुए नावेद जाफरी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर संजय दत्त और अपने भाई जावेद के साथ एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में संजय और जावेद को एक साथ देख कर फैंस को फिल्म 'धमाल' की याद आ गई। तस्वीर में संजय दत्त, जावेद जाफरी और नावेद जाफरी तीनों मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। नावेद ने इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, 'संजू भाई से मिलना हमेशा खुशी देता है। वो बहुत विनम्र और जमीन से जुड़े इंसान हैं। उनकी गर्मजोशी और सादगी कभी नहीं बदलती। उनके साथ बातचीत हंसी और सकारात्मकता से भरी होती है।

लाइफ Style

# जान्हवी
## करण की गंदी बात सुन हुईं हैरान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड के मशहूर फिल्ममेकर करण जौहर अपने बेबाक अंदाज और मजेदार बातों के लिए जाने जाते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने ऐसा खुलासा किया कि सुनकर वहां मौजूद हर कोई दंग रह गया। हाल ही में करण अभिनेत्री काजोल और ट्विंकल खन्ना के शो 'टू मच' में पहुंचे।

इस दौरान उनके साथ जान्हवी कपूर भी प्राइम वीडियो के शो में गेस्ट के तौर पर पहुंचीं, जहां उन्होंने भी अपनी निजी जीवन से जुड़ी कई बातों का जिक्र किया। शो के दौरान एक मजेदार सेगमेंट 'ट्रूथ और लाए' में ट्विंकल ने करण से कहा कि वो कोई एक स्कैंडलस बात बताएं जो सबको चौंका दे। इस पर जाह्नवी कपूर ने भी उन्हें थोड़ा छेड़ते हुए कहा- 'एक सच और एक झूठ बताओ, हम अंदाजा लगाएंगे क्या सच है।' इसी के जवाब में करण ने कहा, 'मैंने अपनी वर्जिनिटी 26 साल की उम्र में खोई थी और मैं तुम्हारे परिवार के एक सदस्य के साथ इंटिमेट रहा हूं।' जैसे ही करण ने ये कहा जाह्नवी हैरान रह गईं। इसके ठीक बाद करण ने हंसते हुए कहा कि वो मजाक कर रहे हैं। करण ने कहा, 'असल में मैंने 26 साल की उम्र में वर्जिनिटी खोई थी, लेकिन तुम्हारे परिवार के किसी सदस्य के साथ कभी इंटिमेट नहीं रहा। हालांकि, ख्याल ज़रूर आया था कुछ बार।' उनके इस जवाब पर वहां मौजूद सब हंस पड़े, लेकिन जाह्नवी तब भी सोच में ही नजर आईं। इसी बातचीत के दौरान चर्चा पहुंची रिश्तों और शादी में वफादारी के मुद्दे पर। करण जौहर ने इस पर अपना नजरिया रखते हुए कहा, 'मैं नहीं मानता कि फिजिकल इंफिडेलिटी (शारीरिक तौर पर धोखा देना) कोई डील ब्रेकर है।'



हॉलीवुड मसाला



# बीइंग एडी... का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर डॉक्यूमेंट्री 'बीइंग एडी' का ट्रेलर जारी किया। इस वीडियो पोस्ट के साथ एक कैप्शन भी साझा किया गया है। जिसमें लिखा है, 'वास्तविक और बेबाक।' इस डॉक्यूमेंट्री के जरिए एक्टर एडी मर्फी की पूरी कॅरियर जर्नी को, एचीवमेंट्स को समेटा गया है। 'बीइंग एडी' का प्रीमियर 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। बीइंग एडी डॉक्यूमेंट्री के ट्रेलर में एडी मर्फी के शुरुआती कॅरियर से लेकर अब तक की एक्टिंग जर्नी को दिखाया गया।



# ग्रेस की अंगूठी शाहरुख के 'मन्नत' से भी है कीमती

**लॉस एंजिल्स।** 1955 में, प्रिंस रेनियर तृतीय ने ग्रेस केली को हीरे और रूबी से जड़े एक इटरनिटी बैंड के साथ प्रपोज किया था। 1956 तक, जब इस कपल ने आधिकारिक तौर पर अपनी सगाई की घोषणा की, केली ने अपनी 10.48 कैरेट की अंगूठी पहन रखी थीं। केली ने अपनी अंगूठी 1956 में आई अपनी फिल्म 'हाई सोसाइटी' के सेट पर भी पहनी थी, जो मोनाको की राजकुमारी बनने से पहले उनका आखिरी रोल था। 'ब्राइड्स' के मुताबिक, 1956 में इस अंगूठी की कीमत करीब 4 मिलियन डॉलर (3.5 करोड़ रुपए) थी जो आज लगभग 38.8 मिलियन डॉलर के बराबर है यानी अब इस अंगूठी की कीमत करीब 340.53 करोड़ हो गई है। अब अगर ग्रेस की इस अंगूठी की बात करें तो ये बॉलीवुड के सबसे अमीर एक्टर शाहरुख खान के घर 'मन्नत' से भी महंगी है, जिसकी कीमत करीब 200 करोड़ रुपए के आसपास है।



# सोहा- सबा ने सैफ के साथ मनाया भाई दूज

**मुंबई।** सैफ अली खान की दोनों बहनों सबा पटौदी और सोहा अली खान ने भाई दूज मनाया। इसके साथ ही सबा ने सोशल मीडिया हैंडल पर सेलिब्रेशन की तस्वीरें भी शेयर कीं। जिसमें करीना कपूर अपने दोनों बेटों जेह और तैमूर के साथ दिखाई दीं। सबा पटौदी और सोहा अली खान ने गुरुवार को अपने भाई सैफ के साथ भाई दूज का जश्न मनाया। इस जश्न में करीना कपूर खान, जहांगीर अली खान पटौदी और तैमूर अली खान पटौदी भी नजर आए। इन तस्वीरों में परिवार का प्यार और भाई-बहन का खूबसूरत रिश्ता नजर आता है। एक तस्वीरों में सबा, सैफ, करीना और परिवार के साथ हंसी-मजाक करते दिखाई दे रहे हैं। एक तस्वीर में वे कमल सदाना के साथ हैं, तो दूसरी में मनोज बाजपेयी और शर्मिला टैगोर के साथ नजर आ रही हैं।



# काश मैं बहनों के और करीब रह पाता

**मुंबई।** भाई-दूज के पावन त्योहार पर जहां हर कोई अपने करीबियों को याद कर रहा है और भाई-बहन की फोटोज शेयर कर रहा है। वहीं, एक्टर बॉबी देओल ने भी अपनी बहनों विजेता और अजेता के बारे में बात की है। वह उदास होकर कहते हैं कि काश उनके और उनकी बहनों के बीच की शारीरिक दूरी कम हो जाती। एक्टर कहते हैं, 'अब जब हम सब बड़े हो गए हैं और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में रहते हैं, तो मुझे एहसास हुआ है कि यह रिश्ता कितना अनमोल है, लेकिन हम पहले से कहीं ज्यादा करीब हैं। हम एक-दूसरे के लिए कुछ भी कर सकते हैं, हम एक-दूसरे की बहुत परवाह करते हैं और चाहे कितनी भी दूरी क्यों न हो, हम हमेशा एक-दूसरे के साथ रहते हैं।' वह उदास होकर कहते हैं कि काश उनके और उनकी बहनों के बीच की शारीरिक दूरी कम हो जाती।

टीवी मसाला




# अमिताभ की सलामती के लिए राजकुमार ने मांगी थी मनोकामना

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन ने 'केबीसी 17' में दिवंगत कन्नड़ सुपरस्टार डॉ. राजकुमार से जुड़ा दिल छू लेने वाला किस्सा सुनाया है। बिग बी ने ऋषभ शेट्टी को बताया कि जब 'कुली' के दौरान उन्हें चोट लगी थी, जब राजकुमार ने उनकी सलामती के लिए मंदिर में लोटकर परिक्रमा की थी। यही नहीं, राजकुमार ने उरुलु सेवे की थी, जिसमें मनोकामना पूरी होने के लिए मंदिर के चारों ओर जमीन पर लोटकर प्रार्थना की जाती है। डॉ. राजकुमार के सरल स्वभाव के बारे में बात करते हुए अमिताभ बच्चनन ने ऋषभ शेट्टी से कहा, 'कर्नाटक में, उन्हें भगवान जैसा माना जाता है, लेकिन जब मैं उनसे मिला तो वे बहुत ही सरल और जमीन से जुड़े हुए थे। वे साधारण कपड़े पहनते थे और एक बहुत ही साधारण घर में रहते थे। उन्हें देखकर कोई नहीं कह सकता था कि वे कोई बड़े सुपरस्टार हैं।' राजकुमार के दिल में अपने लिए असीम प्यार को याद करते हुए बिग बी ने कहा, 'मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि थी... जब 1982 में, 'कुली' के सेट पर मेरा एक्सीडेंट हुआ। यह बेंगलुरु में हुआ था। उसके बाद बहुत कुछ हुआ। बहुत से लोगों ने मेरे लिए प्रार्थना की, लेकिन राजकुमार जी का कर्नाटक में एक खास मंदिर है, वे वहां गए और परंपरा है कि वहां गीले कपड़े पहनते हैं और जमीन पर लोटकर परिक्रमा करते हैं। उन्होंने मेरे जीवन के लिए प्रार्थना करने के लिए ऐसा किया।' बिग बी ने आगे कहा, 'तब से लेकर उनके डॉ. राजकुमार के निधन तक, वह और मैं एक-दूसरे से जुड़े रहे।

## कलाकारों ने साझा कीं भाई दूज की दिल छू लेने वाली कहानियाँ

**मुंबई।** भाई दूज, जो भाई-बहन के पवित्र बंधन का सुंदर उत्सव है। भावनाओं से भरा त्योहार पर एंडटीवी की कलाकार हिमानी शिवपुरी (हप्पू की उलटन पलटन में कटोरी अम्मा) और विदिशा श्रीवास्तव (भाबीजी घर पर हैं में अनीता भाभी) ने भाई दूज उपहारों और उनसे जुड़ी प्यारी यादों को साझा किया। हिमानी शिवपुरी, जो के हप्पू की उलटन पलटन में कटोरी अम्मा की भूमिका निभा रही हैं, बताती हैं, "भाई दूज पर आज भी वो सुंदर बनारसी लाल साड़ी याद है जो मेरे भाई ने कई साल पहले भाई दूज पर मुझे उपहार में दी थी। वह सिर्फ एक साड़ी नहीं थी, बल्कि उसके प्रेम और स्नेह का प्रतीक थी। आज भी, हर साल जब वह भाई दूज पर मुझसे मिलने आता है, मैं वही साड़ी पहनती हूँ — उसकी ममता की याद में। उसके प्रति अपने प्यार को जताने के लिए मैं उसकी पसंदीदा डिशेज़ बनाती हूँ — सूजी की खीर, गुलाब जामुन और अन्य पारंपरिक मिठाइयाँ। हमारे परिवार में यह एक परंपरा है कि भाई दूज पर मीठे व्यंजन बनाए जाते हैं। इन मिठाइयों की मिठास हमारे रिश्ते की मिठास को दर्शाती है, और मैं हर साल इन पलों को फिर से जीने के लिए बेसब्र रहती हूँ।" विदिशा श्रीवास्तव, जो भाबीजी घर पर हैं में अनीता भाभी का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, "भाई दूज मेरे दिल के बहुत करीब है। मेरे भाई द्वारा दिया गया यादगार उपहार एक खूबसूरत घड़ी थी। वह सिर्फ एक घड़ी नहीं, बल्कि हमारे रिश्ते की याद दिलाने वाली एक निशानी है, जिसे मैं आज भी पहनती हूँ। हर साल हमारे परिवार में यह परंपरा है कि हम मिश्री, पान के पत्ते, काले चने, सुपारी और फल अपने भाइयों को भेंट करते हैं और फिर उनकी आरती उतारते हैं। यह हमारे लिए प्रेम, आशीर्वाद और आभार व्यक्त करने का तरीका है। बदले में, मैं भाई को उसकी पसंद का परफ्यूम गिफ्ट करती हूँ क्योंकि उसे खुशबूओं का शौक है। यह उपहारों का आदान-प्रदान रिश्ते को और गहराई देता है और त्योहार को और भी खास बना देता है।"



# किस किसको प्यार करूं-2 के रिलीज डेट का ऐलान

**मुंबई।** मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा अभिनीत फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' को लेकर बड़ी अपडेट आ गई है। यह फिल्म बहुत जल्द दर्शकों के बीच आने वाली है। निर्माताओं ने इसके रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। कपिल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया। यह क्लिप फिल्म के पोस्टर की एक स्लाइड थी जिसमें सभी कलाकार नजर आ रहे हैं। रिलीज की तारीख का खुलासा करते हुए, कॉमेडियन-अभिनेता ने लिखा, दोगुने कन्फ्यूजन और चार गुना मस्ती के लिए तैयार हो जाइए। 'किस किसको प्यार करूं 2', हंसी का धमाल सिर्फ सिनेमाघरों में 12 दिसंबर को शुरू होगा। रिलीज डेट के सामने आते ही नेटिजंस काफी खुश हो गए हैं। एक यूजर ने लिखा, 'फिल्म से ज्यादा हनी सिंह के गाने का इंतजार है।' वहीं, दूसर यूजर ने कहा, 'फिल्म बहुत शानदार होने वाली है।' एक और यूजर ने कहा, 'केंडी यो यो हनी सिंह।' इसके अलावा अन्य यूजर्स कपिल शर्मा के कॉमेडी अंदाज को देखने का इंतजार कर रहे हैं।



# किशोर कुमार के इस गाने को सुन ठहर जाता है समय राजेश खन्ना पर फिल्माया गया था दर्द भरा गीत

**नई दिल्ली।** किशोर कुमार सिनेमा जगत के सबसे लोकप्रिय गायकों में से एक थे। उनके निधन को लगभग 4 दशक होने वाले हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके गीतों को खूब सुना जाता है। किशोर दा ने अपने सिंगिंग कॅरियर में हर किस्म के सॉन्ग को अपनी आवाज दी थी। लेकिन, आज हम आपको जिस गाने का बारे में बताने जा रहे हैं, वह दर्द भरे गीत के तौर पर सुनने वालों का फेवरेट माना जाता है।इस गाने को सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना पर फिल्माया गया था।

***किशोर कुमार का यादगार गीत :*** अभिनेता राजेश खन्ना के साथ गायक किशोर कुमार की जोड़ी काफी सफल रही थी। किशोर दा ने अभिनेता राजेश खन्ना के लिए कई गानों में अपनी मधुर आवाज दी थी। उनमें से एक गाना काफी सुपरहिट हुआ था, जो साल 1974 में आई राजेश खन्ना की फिल्म आप की कसम था। जितनी पॉपुलर ये मूवी रही, उससे कई गुना ज्यादा इसके गानों को सभी ने पसंद किया, खासतौर पर किशोर कुमार की आवाज में जिंदगी के सफर में... गीत को।



### आनंद बक्शी थे गीतकार

*जी हां, आप की कसम फिल्म का ये सॉन्ग आज भी कल्ट माना जाता है। जो लोग पुराने गाने सुनना पसंद करते हैं, उनकी प्लेलिस्ट में ये गीत आसानी से सुनने को मिल जाता है। इस गाने को संगीतकार आर. डी. बर्मन ने अपने संगीत की धुनों पर तैयार किया था, जबकि गीतकार आनंद बक्शी की कलम से इसके बोल निकले थे। इसके बाद रही बची कसर को किशोर कुमार ने अपनी जादुई आवाज से पूरा कर दिया और आप की कसम का जिंदगी के सफर में गाना हिट बन गया। अभिनेता राजेश खन्ना पर फिल्माया गया ये गीत सुनकर आपके दिल को सुकून पहुंच जाएगा।*

***कैसे हुई थी किशोर कुमार की मौत :*** *58 साल की उम्र में 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। हार्ट अटैक की वजह से किशोर दा का देहांत हो गया था। आपको ये जानकार हैरानी होगी कि उसी दिन उनके बड़े भाई और अभिनेता अशोक कुमार अपना 76वां जन्मदिन मना रहे थे।*

## कांतारा चैप्टर 1 अभी भी दर्शकों के दिलों और टिकट खिड़कियों पर कर रही राज

# थामा की बॉक्स ऑफिस पर दहाड़, एक दीवाने की दीवानियत का भी दिखा जलवा

***मुंबई।*** *दिवाली का त्योहार हर साल बॉक्स ऑफिस पर नई रौनक लेकर आता है और इस बार भी नजारा कुछ ऐसा ही रहा। बीते मंगलवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई मैडॉक फिल्म्स की हॉरर कॉमेडी 'थामा'ने पहले ही दिन धमाकेदार ओपनिंग के साथ आयुष्मान खुराना के कॅरियर की अब तक की सबसे बड़ी शुरुआत दर्ज की। वहीं, साथ रिलीज हुई हर्षवर्धन राणे की 'एक दीवाने की दीवानियत' ने भी उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन कर सबको चौंका दिया। दूसरी ओर, ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' अभी भी दर्शकों के दिलों और टिकट खिड़कियों पर राज कर रही है, जबकि वरुण धवन और जान्हवी कपूर की 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की चमक अब फीकी पड़ती नजर आ रही है।*



**थामा :** आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी 'थामा'दिवाली के मौके पर दर्शकों के लिए हंसी और डर का शानदार मिश्रण लेकर आई है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। पहले दिन फिल्म ने 24 करोड़ रुपए की कमाई के साथ मजबूत शुरुआत की और दूसरे दिन भी यह जोश बरकरार रहा। बुधवार को फिल्म ने 18.1 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया, जिससे दो दिनों का कुल कलेक्शन 42.1 करोड़ रुपए पहुंच गया। करीब 150 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म ने शुरुआती दो दिनों में ही मजबूत पकड़ बना ली है। परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे दिग्गज कलाकारों की मौजूदगी ने फिल्म को और दमदार बना दिया है।

**एक दीवाने की दीवानियत :** कम बजट की फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' ने दिवाली पर अपनी सादगी और इमोशनल टच से दर्शकों का दिल जीत लिया। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की जोड़ी वाली इस रोमांटिक ड्रामा ने पहले दिन 8.5 करोड़ रुपए की कमाई की, जबकि बुधवार को 7.5 करोड़ का बिजनेस किया। दो दिन में फिल्म की कुल कमाई 16.5 करोड़ रुपए पहुंच गई है, जो इसके 30 करोड़ रुपए के बजट को देखते हुए शानदार शुरुआत मानी जा रही है।

**कांतारा चैप्टर 1**

ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' ने रिलीज के 20वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा कायम रखा है। नई फिल्मों की एंट्री के बावजूद इस फिल्म की रफ्तार धीमी नहीं हुई। बुधवार को फिल्म ने 4.1 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया, जिससे भारत में इसकी कुल कमाई 179.8 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। विश्वभर में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन अब 547 करोड़ रुपए के पार चला गया है, जो इसे इस साल की सबसे सफल फिल्मों में से एक बना देता है।

**सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी**

वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर रोमांटिक कॉमेडी 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' अब अपनी आखिरी सांसें गिनती नजर आ रही है। दिवाली के मौके पर भी फिल्म दर्शकों को आकर्षित करने में नाकाम रही। मंगलवार को फिल्म ने मात्र 50 लाख रुपए कमाए, जिससे इसका कुल कलेक्शन अब 60.20 करोड़ रुपए के आसपास पहुंच गया है।

## गल्ला मंडी में अनाज व्यापारियों किया कांटा पूजन और मुहूर्त सौदे

# सोयाबीन 800 रुपए नीचे गिरकर 4501 पर और मक्का 1651 रु. क्विंटल पर हुआ नीलाम



वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

करोंद स्थित भोपाल कृषि उपज अनाज मंडी में गुरूवार की सुबह लाइसेंसी व्यापारियों ने 11.40 बजे से कांटा पूजन किया। तत्पश्चात नए कारोबारी साल में मंडी प्रांगण में सोयाबीन, मक्का, गेहूं और चना के मुहूर्त सौदे किए। नीलामी के दौरान सोयाबीन के मुहूर्त सौदे पिछले साथ से 800 रुपए नीचे भाव पर हुआ। पिछले साल सोयाबीन के मुहूर्त सौदे 5301 रुपए था, जो आज मंडी में सबसे ऊंचा सौदा 4501 रुपए क्विंटल के भाव हुआ।

### मंडी में करीब 100 ट्रॉली कृषि उपज की आवक हुई



यायातात एसीपी यादव और थाना प्रभारी प्रतिनिधि चौहान का किया सम्मान

अनाज मंडी के व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि मंडी में विभिन्न कृषि उपज की करीब 100 ट्राली कृषि उपज की आवक हुई। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि आज मंडी प्रांगण में 70 ट्राली सोयाबीन , 15 ट्राली मक्का , 10 ट्राली गेहूं, और 8-10 ट्राली चने की आवक हुई। मुहूर्त सौदे गेहूं 3001 रुपए क्विंटल, मक्का 1651 रुपए क्विंटल और चना मे 5401 से 5501 रुपए के मुहूर्त सौदे हुए। एसोसिएशन अध्यक्ष हरीश ज्ञानंचदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि मुहूर्त सौदे में 5 ट्रॉली सोयाबीन 4501 रुपए के भाव की ऊंची नीलामी बोली दीपक ट्रेडर्स ने और 40 क्विंटल सोयाबीन की 4361 रुपए के भाव के ऊंची बोली नमन ट्रेडर्स ने लगाकर खरीदी की, तो 30 क्विंटल मक्का का मुहूर्त सौदा 1651 रुपए क्विंटल के भाव की ऊंची बोली पूजा इंटरप्राइजेज ने लगाकर खरीदा, जबकि 3001 रुपए के भाव गेहूं का मूहुर्त सौदा राजीव जैन ने लगाकर 10 से 12 क्विंटल गेहूं खरीदा।

### मुहूर्त सौदों की अपेक्षा काफी नीचे

*अनाज कारोबारी संजीव जैन ने बताया कि मंडी के व्यापारियों ने पांच दिन बाद आज सुबह गल्ला व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर कांटा पूजन के पश्चात मुहूर्त सौदे किए। उन्होंने बताया कि कृषि उपजों के भाव गत वर्ष मुहूर्त सौदों की अपेक्षा काफी नीचे रहे हैं। सोयाबीन के मूहुर्त सौदे 800 रुपए, गेहूं 200 से 250 रुपए, चना 500 रुपए, मक्का 300 रुपए प्रति क्विंटल नीचे भाव पर खुले । इसके अलावा मंडी में कृषि उपज की आवक भी कमजोर रही।*

### एसोसिएशन परिसर में एक-दूजे के गले मिले व्यापारी, दी दिवाली की बधाई

*उल्लेखनीय है कि आज अनाज व्यापारियों की एसोसिएशन द्वारा नीलामी पश्चात एसोसिएशन परिसर में स्नेह सम्मेलन भी आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में यायातात एसीपी श्री यादव और निशातपुरा थाना प्रभारी प्रतिनिधि श्री चौहान उपस्थित हुए। इस मौके पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी आंगतुक मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को शॉल से सम्मानित किया। भोपाल ग्रेन एंड आईल सीड्स मर्चेन्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी, कैट मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, भोपाल दाल चावल व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष ईश्वरदास संगतानी, सुंगधीलाल जैन, महेन्द्र कुमार डागा, दिलीप कुमार भूरानी, मनोहरलाल वासवानी, सुधीर कुमार मोता, राजेश जैन, निहालचन्द्र मोटवानी, नंदलाल सचदेव, राजेश गुप्ता, स्वदेश मंगल, चन्द्रप्रकाश अग्रवाल, संजीव कुमार जैन और संदीप कुमार जैन, राजीव जैन, रोहित जैन, विनोद मंगल, सुधीर माहेश्वरी, ईश्वरदास संगतानी सहित अन्य शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी और होलसेल अनाज व्यापारी, तुलावटी उपस्थित रहें। सभी लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर दीपावली की शुभकामनाएं दी।*

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा-देश की ग्रोथ स्टोरी में अहम भूमिका

# एसबीआई को न्यूयॉर्क बेस्ड ग्लोबल फाइनेंस से दो प्रतिष्ठित अवॉर्ड मिले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने गुरुवार को कहा कि उसे न्यूयॉर्क बेस्ड ग्लोबल फाइनेंस से दो प्रतिष्ठित अवॉर्ड मिले हैं, जिसमें वर्ल्ड बेस्ट कंज्यूमर बैंक 2025 और बेस्ट बैंक इन इंडिया 2025 शामिल हैं। बैंक की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हमारे अपने भारतीय स्टेट बैंक को ग्लोबल फाइनेंस, न्यूयॉर्क द्वारा 2025 के सर्वश्रेष्ठ बैंक अवॉर्ड समारोह में इसकी उत्कृष्ट सेवा और विश्वव्यापी ग्राहक विश्वास के लिए दो प्रतिष्ठित उपाधियों से सम्मानित किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहाकि इस बहुप्रतीक्षित सम्मान के लिए समस्त एसबीआई परिवार को हार्दिक बधाई। वित्तीय समावेशन के प्रति एसबीआई की दृढ़ प्रतिबद्धता और समाज के हर वर्ग की सेवा के लिए उसके निरंतर प्रयास, भारत की ग्रोथ स्टोरी को आगे बढ़ाने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका का प्रमाण हैं। विश्व बैंक और आईएमएफ की वार्षिक बैठक 2025 के दौरान आयोजित ग्लोबल फाइनेंस अवार्ड समारोह में न्यूयॉर्क स्थित ग्लोबल फाइनेंस द्वारा यह अवॉर्ड प्रदान किया गया। एसबीआई के समूह अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा कि ग्लोबल फाइनेंस द्वारा एसबीआई की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को मान्यता दिए जाने से हम बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं। 52 करोड़ ग्राहकों की सेवा करने और प्रतिदिन 65,000 नए ग्राहक जोड़ने के लिए टेक्नोलॉजी और डिजिटलीकरण में निवेश की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि एक 'डिजिटल फर्स्ट, उपभोक्ता फर्स्ट' बैंक के रूप में, हमारा प्रमुख मोबाइल एप्लिकेशन 10 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है, जिसके 1 करोड़ दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं। यह दोहरी मान्यता इनोवेशन, वित्तीय समावेशन और ग्राहक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध एक वैश्विक बैंकिंग अग्रणी के रूप में एसबीआई की स्थिति को मजबूत करती है। एसबीआई ने एक बयान में कहाकि ये पुरस्कार तकनीकी नेतृत्व बनाए रखते हुए और भारत के विविध भौगोलिक परिदृश्य में सेवाओं का विस्तार करते हुए विश्व स्तरीय बैंकिंग अनुभव प्रदान करने में बैंक की सफलता को मान्यता देते हैं। एसबीआई ने बताया कि उसने वित्त वर्ष 2024 में 'एसएमई डिजिटल बिजनेस लोन' योजना शुरू होने के बाद से अगस्त 2025 तक 2.25 लाख एसएमई डिजिटल लोन प्रोसेस किए हैं, जिनकी कुल क्रेडिट सीमा 74,434 करोड़ रुपए है। इसमें 3,242 करोड़ रुपए के 67,299 एमएसएमई मुद्रा लोन की प्रोसेसिंग शामिल है।

# विजय वल्लभ किसान सेवा केंद्र ने पारंपरिक ढंग से मनाए सभी त्यौहार


वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



करोंद स्थित पंडित लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी के नरेंद्र मोदी प्रवेश द्वार यानी अनाज मंडी गेट के सामने संचालित विजय वल्लभ किसान सेवा केंद्र (भारत पेट्रोलियम का पेट्रोल पंप) पर पंप संचालक राजेश जैन के दिशा निर्देश और मार्ग दर्शन में पंप स्टॉप और कर्मचारियों द्वारा नवरात्रि से लेकर भाई दूज तक सभी त्यौहार पारंपरिक और धूम धाम से मनाए गए। विजय वल्लभ किसान सेवा केंद्र के नाम से संचालक बीपीसीएल के इस पेट्रोल पंप पर पंप संचालक राजेश जैन द्वारा आकर्षक साज-सज्जा की गई। तथा यहां के सभी कर्मचारियों ने पारंपरिक परिधान धोती-कुर्ता, साड़ी, कुर्ता-पाजामा पहनकर त्यौहारों की खुशियों में चार चांद लगाए। इसके अलावा पंप पर ग्राहकों के लिए आकर्षक उपहार योजना चलाई गई और ग्राहकों उपहारों का वितरण किया।

## भारतीय अर्थव्यवस्था को लगा भाई दूज पर बूस्टर डोज का टीका

# भाईदूज पर देशभर में हुआ बाईस हजार करोड़ रुपए का रिकॉर्ड कारोबार



वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित मध्यप्रदेश और देशभर में भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व भोपाल सहित देशभर के बाजारों में लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। व्यापारिक संस्था कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने बताया कि भाई दूज के अवसर पर पूरे देश में अनुमानित 22,000 करोड़ रुपए का बड़ा कारोबार हुआ। यह आंकड़ा भारतीय अर्थव्यवस्था में पर्व के महत्व को दर्शाता है।

### लोगों ने जमकर उपहार, मिठाई और अन्य पारंपरिक वस्तुएं खरीदीः सुनील



कैट मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि कि भाई दूज का पर्व भाई-बहन के इस विशेष बंधन का है अतः इसे मनाने के लिए लोगों ने जमकर उपहार, मिठाई और अन्य पारंपरिक वस्तुएं खरीदीं, जिससे बाजारों में भारी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने बताया कि कि गुरुवार को भाई दूज का त्योहार शहरों, कस्बों और गांवों में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। तिलक लगाने और उपहारों के आदान-प्रदान से लेकर पारिवारिक समारोहों और दावतों तक यह दिन खुशी और एकजुटता से भरा रहा। उन्होंने कहा कि मिठाई और ड्राई फ्रूट्स, कपड़े और साड़ियां, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरण और गिफ्ट हैंपर्स जैसी श्रेणियों में जबरदस्त मांग रही। इसके अलावा ट्रैवल, कैब सेवाएं, रेस्टोरेंट और होटलों के कारोबार में भी भारी उछाल दर्ज किया गया।

### वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत को मिली मजबूती

*कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि भाई दूज केवल एक पारिवारिक त्योहार नहीं है, बल्कि यह भारत की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के समारोहों ने सरकार के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियानों को भी मजबूती दी। कैट ने रिपोर्ट दी कि स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री में पिछले साल की तुलना में लगभग 50 फीसदी की वृद्धि हुई है। पारंपरिक मिठाई, हाथ से बने उपहार, ड्राई फ्रूट्स और हथकरघा कपड़ों की ज़ोरदार मांग रही। खंडेलवाल ने इस बात पर जोर दिया कि यह त्योहार भारत के गैर-कॉर्पोरेट और गैर-कृषि क्षेत्र की लचीलापन को दर्शाता है, जो देश के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कैट का मानना है कि भाई दूज जैसे अवसर न केवल सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देते हैं।*

### जितना बड़ा त्यौहार उतना बड़ा व्यापार : नवनीत

*अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री नवनीत अग्रवाल ने बताया कि इस बड़े कारोबार में मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल का 30 करोड़ रुपए से अधिक का योगदान दिया। उन्होंने कहकि भारतीय संस्कृति और सनातन के अनुसार अब स्थित ऐसी निर्मित हो गई है कि जितना बड़ा त्यौहार उतना बड़ा व्यापार होता है। जो भारतीय अर्थव्यवस्था को बूस्टर डोज देता है और आर्थिक स्थित को मजबूती प्रदान करता है।*

### डीसीबी बैंक ने की दूसरी तिमाही के परिणाम की घोषणा

**मुंबई।** डीसीबी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने मुंबई में हुई अपनी बैठक में 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही और वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। इस बैठक में वैधानिक लेखा परीक्षकों 'वर्मा एंड वर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट' और 'बीएसआर एंड कंपनी एलएलपी, चार्टर्ड अकाउंटेंट' की सीमित समीक्षा रिपोर्ट को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैंक ने बताया कि वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में उसका कर-पश्चात मुनाफा 18 प्रतिशत बढ़कर 184 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 155 करोड़ रुपए था। अग्रिम में साल-दर-साल 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें मॉर्गेज में 13 प्रतिशत, सह-ऋण में 140 प्रतिशत, निर्माण वित्त में 29 प्रतिशत और कृषि एवं समावेशी बैंकिंग में 13 प्रतिशत की वृद्धि शामिल है। वहीं, जमा वृद्धि दर भी साल-दर-साल 19 प्रतिशत रही। 30 सितंबर, 2025 तक बैंक का सकल एनपीए 2.91 प्रतिशत और शुद्ध एनपीए 1.21 प्रतिशत रहा। इसी अवधि में प्रावधान कवरेज अनुपात 74.15 प्रतिशत और स्वर्ण ऋण एनपीए को छोड़कर पीसीआर 74.81 प्रतिशत दर्ज किया गया। बैंक की पूंजी पर्याप्तता स्थिति मजबूत बनी हुई है। और 30 सितंबर, 2025 तक इसका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.41 प्रतिशत रहा, जिसमें बेसल-III मानदंडों के अनुसार टियर-I पूंजी 13.97 प्रतिशत और टियर-II पूंजी 2.44 प्रतिशत रही।डीसीबी बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण कुट्टी ने कहा कि जमा और अग्रिम में निरंतर वृद्धि बनी हुई है। जमा और उधार की लागत में कमी लाने से एनआईएम में सुधार हुआ है। कर्मचारी उत्पादकता और प्रौद्योगिकी अपनाने से लगातार पांच तिमाहियों से औसत परिसंपत्तियों की लागत में गिरावट आई है। बेहतर संग्रह और वसूली के चलते ऋण लागत में भी उल्लेखनीय कमी हुई है। उन्होंने कहा कि बैंक को उम्मीद है कि यह सकारात्मक रुझान आने वाली तिमाहियों में भी जारी रहेगा।

## लगाया डाटा स्क्रैपिंग का गंभीर आरोप

# रेडिट ने परप्लेक्सिटी और तीन अन्य कंपनियों पर दायर किया मुकदमा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी परप्लेक्सिटी समेत SerApi, ऑक्सीलैब्स और एडब्लयूएमप्रॉक्सी पर मुकदमा किया है।

द न्यू यॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, रेडिट का कहना है कि इन कंपनियों ने बिना अनुमति के उसके सर्च रिजल्ट्स से डाटा चुराया और उसका व्यावसायिक इस्तेमाल किया। यह मुकदमा उस कानूनी कार्रवाई के बाद आया है जो रेडिट ने एआई स्टार्टअप एंथ्रोपिक के खिलाफ दायर की थी।

### परप्लेक्सिटी की भूमिका पर सबसे ज्यादा सवाल

रेडिट ने दावा किया कि पेरप्लेक्सिटी ने उसके कंटेंट को बिना अनुमति स्क्रैप किया और अपने उत्तर इंजन में उपयोग किया। जांच में पाया गया कि परप्लेक्सिटी ने एक परीक्षण पोस्ट से जानकारी ली, जो केवल गूगल पर थी और कहीं उपलब्ध नहीं थी। इससे साबित हुआ कि कंपनी ने रोबोट्स टीएक्सटी प्रोटोकॉल की अनदेखी की। परप्लेक्सिटी ने कहा कि उसे मुकदमा नहीं मिला है और वह सार्वजनिक ज्ञान की स्वतंत्र पहुंच का समर्थन करती है।





### डाटा सुरक्षा के लिए रेडिट का सख्त कदम

रेडिट हाल के महीनों में अपने डाटा की सुरक्षा को लेकर काफी सख्त हुआ है। कंपनी ने 2024 में अज्ञात बॉट्स और वेब क्रॉलर्स की पहुंच सीमित कर दी थी। अगस्त, 2025 में रेडिट ने इंटरनेट आर्काइव की वेबैक मशीन को भी अपनी साइट तक पहुंचने से रोका। इसके अलावा, कंपनी अब एक नया 'रियली सिंपल लाइसेंसिंग' मानक लागू करना चाहती है, जिससे वेबसाइटों को डाटा क्रॉल करने के लिए नए नियमों का पालन करना होगा।

### लाइसेंसिंग फीस बचाकर कंटेंट कर रहीं उपयोग

*रेडिट का आरोप है कि ये कंपनियां उसके पोस्ट और कंटेंट को स्क्रैप कर एआई ट्रेनिंग के लिए उपयोग करती हैं। कंपनी का कहना है कि इससे वे लाइसेंसिंग फीस से बचती हैं। इसी कारण रेडिट ने वित्तीय हर्जाने और इन कंपनियों पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि वे पहले से स्क्रैप किए गए डाटा को बेच न सकें। रेडिट ने गूगल और ओपन एआई जैसी कंपनियों के साथ आधिकारिक लाइसेंस समझौते किए हैं।*

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।


**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

### एक नवंबर के बाद बैंक खाता धारक बना सकेंगे चार नॉमिनी

**नई दिल्ली।** अब बैंकों के ग्राहक अपने खाते में चार व्यक्तियों तक को नामित कर सकेंगे। इसका उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली में दावों के निपटान की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, समान और प्रभावी बनाना है। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि नई व्यवस्था एक नवंबर, 2025 से लागू हो जाएगी। इन संशोधनों के अनुरूप बैंक ग्राहक अपने खातों में एक साथ या क्रमवार ढंग से चार व्यक्तियों तक को नॉमिनी बना सकते हैं। इससे खाताधारक या उनके वैध उत्तराधिकारियों को दावा निपटान में सुविधा होगी। प्रत्येक नामित का प्रतिशत भी तय कर सकते हैं।

## शब्द पहेली - 6026



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा -2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

### शब्द पहेली -6025 का हल



## सूडोकु बवाल- 6036

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल- 6035 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |



रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी

# वाओ, इट्स अमेजिंग!

बच्चो, देश-विदेश में एक से बढ़कर एक सुंदर इमारतें बनाई गई हैं। इनमें से कुछ तो देखने में बहुत ही अजब-गजब हैं, वास्तुकला का अद्भुत नमूना हैं। इन्हें देखकर अनायास ही मुंह से निकलता है-वाओ, इट्स अमेजिंग! जानो, ऐसी ही कुछ अनोखी बिल्डिंग्स के बारे में।

## बिग बास्केट बिल्डिंग अमेरिका



**अमेरिका के** न्यूयॉर्क में एक अनोखी टोकरीनुमा इमारत है, इसे 'बास्केट बिल्डिंग' के नाम से जाना जाता है। इसका निर्माण लॉन्गाबर्गर कंपनी ने वर्ष 1997 में किया था। यह बास्केट बिल्डिंग हाथ से बनी मेपल की लकड़ी की टोकरियों के प्रसिद्ध निर्माता लॉन्गाबर्गर कंपनी का मुख्यालय रही है। विश्व की सबसे बड़ी बास्केट बिल्डिंग होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी इस बिल्डिंग के नाम है। इस 7 मंजिला इमारत में नेचुरल लाइट के लिए कांच की छत है। इसके ऊपर दो स्टील के हैंडल लगे हैं, जिनमें से प्रत्येक का वजन करीब 75 टन है। टोकरी के बड़े हैंडल सर्दियों में किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए गर्म रखे जाते हैं। इमारत पर दो टैग लगे हैं, जो लॉन्गाबर्गर द्वारा बेची जाने वाली हर टोकरी पर लगे लेबल से मिलते-जुलते हैं। *

## साइबरटेक्चर एग बिल्डिंग भारत

**मुंबई में** स्थित जेम्स लॉ साइबरटेक्चर बिल्डिंग का डिजाइन अपने आप में बहुत अनूठा है। इस इमारत को हॉन्ग-कॉन्ग की एक फर्म ने डिजाइन किया है। 13 मंजिला यह कमर्शियल बिल्डिंग अंडे के आकार की है। इस इमारत को बनाने में कंक्रीट, स्टील और ग्लास का इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसके ऑफिस का कैंपस 33,000 स्क्वेयर मीटर में बना हुआ है। तीन अंडरग्राउंड लेवल्स में 400 गाड़ियों के लिए पार्किंग स्पेस भी है। अपनी डिजाइनिंग के लिए ही नहीं, अपने एन्वॉयरनमेंट फ्रेंडली स्ट्रक्चर के लिए भी यह इमारत प्रसिद्ध है। *

## बर्ड्स नेस्ट स्टेडियम चीन



**बीजिंग राष्ट्रीय** स्टेडियम, जिसे बर्ड्स नेस्ट यानी 'चिड़िया का घोंसला' के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरी दुनिया में अपनी तरह की एक अनोखी संरचना है। यह चीन के बीजिंग के चाओयांग में ओलंपिक ग्रीन में स्थित एक स्टेडियम है। इस स्टेडियम की क्षमता लगभग 80,000 लोगों की है। यह वर्ष 2008 में बनकर तैयार हुआ था। इस स्टेडियम को खासतौर से 2008 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए डिजाइन किया गया था। *

## गिटार शेप्ड होटल अमेरिका



**अमेरिका के** दक्षिण फ्लोरिडा में स्थित गिटार के आकार का होटल, अपनी तरह का पहला होटल है। अक्टूबर 2019 में इसका निर्माण शुरू हुआ था। यह होटल 35 मंजिला है। यह गिटार होटल दक्षिण फ्लोरिडा में 450 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। दक्षिण फ्लोरिडा के पर्यटन क्षेत्र में इसका अनोखा स्थान है। इसमें 600 से ज्यादा कमरे हैं। रात में इसकी जगमगाती लाइट्स, गिटार के तारों जैसी लगती हैं। *

## बिग पाइनएप्पल ऑस्ट्रेलिया



**बिग पाइनएप्पल,** क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया के सनशाइन कोस्ट क्षेत्र के वूम्बी, नैंबोर कनेक्शन रोड पर स्थित एक आकर्षक दर्शनीय बिल्डिंग है। इसे पेडल थॉर्प और हार्वे, पॉल लफ और गैरी स्मॉलकॉम्ब एंड एसोसिएट्स ने डिजाइन किया था। इसे सनशाइन प्लांटेशन के नाम से भी जाना जाता है। इसको 6 मार्च 2009 को क्वींसलैंड हेरिटेज रजिस्टर में शामिल किया जा चुका है। *

## हाई-हील वेडिंग चर्च ताइवान



**ताइवान के** बुदाई टाउनशिप में यह एक विशाल कांच का चर्च है, जो सिंड्रेला के कांच के जूते के आकार का है। यह हाई-हील वेडिंग चर्च महिला श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से 2016 में बनाया गया था। इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी हाई-हील के आकार की संरचना के रूप में प्रमाणित भी किया गया है। *

## नोंक पर टिका चर्च कनाडा



**कनाडा के** कैलेगरी में यह चर्च स्थित है। यह देखने में उल्टा लगता है। यह एक नोंक पर टिका हुआ चर्च है। कनाडा आने वाले पर्यटकों के लिए यह आकर्षण का केंद्र है। कनाडा के इस अनोखे चर्च का नाम 'डिवाइस टू रूट आउट डेविल' है। इसका मतलब शैतान या बुराई को जड़ से उखाड़ने के यंत्र से है। इसका निर्माण 2019 में हुआ था। *

बच्चो, किसी पहाड़ की ऊंचाई से गिरते हुए पानी को झरना यानी वाटर फॉल कहते हैं। ऊंचे पहाड़ों से जब तेज गति के साथ पानी गिरता है, तो यह दृश्य बहुत ही मनोरम लगता है। हम तुम्हें अपने देश के तीन सबसे ऊंचे झरनों के बारे में बता रहे हैं।


# देश के तीन फेमस हाईएस्ट वाटर फॉल्स

जानकारी
नयनतारा




**ब**च्चो, झरना यानी वाटर फॉल किसी ऊंचाई से नीचे की तरफ गिर रहा पानी का एक नेचुरल फ्लो होता है। आमतौर पर झरना ऊंचे पहाड़, ऊंची चट्टान या चट्टानी ढलान से नीचे की तरफ गिरता है। जब झरने का यह पानी नीचे की तरफ गिरता है, तो बड़ा ही मनोरम लगता है। अपने देश में ऐसे बहुत से सुंदर-प्रसिद्ध झरने हैं, जिन्हें देखने देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। इनमें से कुछ झरनों की विशेषताओं के बारे में यहां हम तुम्हें बता रहे हैं।

**दूसरा सबसे ऊंचा झरना:** बच्चो, देश का दूसरा सबसे ऊंचा झरना ओडिशा के मयूर भंज जिले के सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। यह बरेहीपानी नाम से जाना जाता है। यह झरना 399 मी. (1,309 फीट) की ऊंचाई से गिरता है। बरेहीपानी झरना देखने के लिए पर्यटकों को कोई परमिशन नहीं लेनी पड़ती। लेकिन चूंकि यह झरना सिमलीपाल नेशनल पार्क में स्थित है, इसलिए नेशनल पार्क में प्रवेश करने के लिए वन विभाग से परमिट लेना जरूरी होता है। यह परमिट पार्क के एंट्री गेट पर मिल जाता है।




**सबसे ऊंचा झरना:** कर्नाटक के शिवमोग्गा (शिमोगा) जिले के अगुंबे वर्षावन में स्थित कुंचिकल झरना भारत का सबसे ऊंचा झरना है। यह झरना 455 मी. (1,493 फीट) ऊंचा है और इससे गिरने वाले जल का मुख्य स्रोत कर्नाटक की वाराही नदी है। बच्चो, यह झरना कुंचिकल हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट क्षेत्र में स्थित है। यह स्थान प्रतिबंधित क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां बिना अनुमति के प्रवेश वर्जित होता है। पर्यटकों को यहां तक जाने के लिए कर्नाटक पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड से अनुमति लेनी पड़ती है।

**तीसरा सबसे ऊंचा झरना:** अपने देश का तीसरा सबसे ऊंचा झरना, पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में चेरापूंजी के पास नोहकलिकई नामक झरना है, जो 340 मी. (1,115 फीट) ऊंचाई से गिरता है। इस झरने के व्यू प्वॉइंट तक जाने के लिए मेघालय पर्यटन विभाग को फिक्स एंट्री-फी देनी होती है। *



कविता / अरुण आदित्य

## खुशी



फूल टहनियों पर खुश रहते
तितली फूलों पर
चिड़ियां पेड़ों पर खुश रहतीं
बच्चे झूलों पर।
चांद आसमां में खुश रहता
मछली पानी में
पानी नदियां में खुश रहता
नदी रवानी में।
फुलवारी से फूल न तोड़ो
तितली को मत पकड़ो
चिड़ियों को आजादी प्यारी
पिंजरे में मत जकड़ो।
चांद पे झूला डाल के झूलो
नदियों को बहने दो
जिसको जहां खुशी मिलती है
उसे वहीं रहने दो।

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## मिथकों से विज्ञान तक




**हा**ल में किशोरों के लिए एक बहुत रोचक-ज्ञानवर्धक किताब आई है-मिथकों से विज्ञान तक। इसके लेखक हैं प्रसिद्ध वैज्ञानिक गौहर रजा। यह किताब तुम्हें कई सवालों के जवाब देगी जैसे कि ब्रह्मांड कैसे बना और समय के साथ उसमें क्या-क्या बदलाव आए? विज्ञान और मिथकों में क्या फर्क है? विज्ञान और धर्म एक-दूसरे के विरोधी हैं या पूरक? इस किताब में दुनिया भर के मिथकों के उदाहरण देकर विज्ञान की कसौटी पर उन्हें परखा गया है। किताब में ऐसे भी उदाहरण दिए गए हैं, जिससे तुमको मनोरंजन और ज्ञान दोनों मिलेगा। अगर तुम्हारी विज्ञान में रुचि है तो इस किताब को जरूर पढ़ना चाहिए। *

**किताब:** मिथकों से विज्ञान तक, **लेखक:** गौहर रजा,
**मूल्य:** 299 रुपए, **प्रकाशक:** पेंगुइन, स्वदेश

बूढ़े कछुए ने आरसी को बताया कि समुद्र में इंसानों द्वारा फेंका गया प्लास्टिक कचरा समुद्र और समुद्री जीवों के लिए बहुत घातक है। आरसी ने तय किया वह प्रयास करेगा, ऐसा ना हो। क्या आरसी अपने प्रयास में सफल हुआ?

# जल की पुकार





कहानी
कल्पना मनोरमा

**क**पड़े के थैले इस्तेमाल करें और प्लास्टिक भूल जाएं, तो समुद्री जीवों की जान बच सकती है, समुद्र जहरीला नहीं, साफ-सुथरा रहेगा।' बूढ़े कछुए ने दूसरे किनारे की ओर पड़े प्लास्टिक कचरे की ओर इशारा किया। आरसी ने देखा- एक छोटी मछली प्लास्टिक के बड़े टुकड़े में उलझकर तड़प रही है। पास ही एक कछुआ बेसुध पड़ा है। आरसी की आंखें भर आईं। उसने धीमे से पूछा, 'क्या इंसान नहीं जानता कि वह कुदरत को बिगाड़ रहा है?'

बूढ़े कछुए ने सिर हिलाया, 'कुछ जानते हैं, कुछ नहीं। लेकिन जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'

आरसी ने गहरी सांस ली और बोला, 'मैं सभी की आवाज बनूंगा। मैं जल की पुकार बनूंगा।'

उस दिन से आरसी ने एक नया खेल खेलना शुरू किया। वह समुद्र किनारे जाकर चिल्लाता, 'सुनो, सुनो! जल कुछ कहता है—प्लास्टिक मत फेंको!'

शुरू-शुरू में बच्चे आरसी की इस गुहार पर हंसते, लेकिन धीरे-धीरे वे अपने खेल का सामान, खाना-पीना थैले में लेकर आने लगे। समुद्र में कुछ नहीं बहाते। समुद्र का किनारा साफ रहने लगा। एक दिन आरसी ने देखा- लहरें मानो ताली बजा रही हैं।

पानी के भीतर से मधुर स्वर गूंज रहा था- 'जल की पुकार सुनो, जीवों की रक्षा करो।'

आरसी ने बूढ़े कछुए को खोजकर अपनी सफलता बताई। बूढ़ा कछुआ मुस्कुराया, 'देखा, आरसी! यही असली बदलाव है। जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'


आरसी उस रात चांद के साथ समुद्र के किनारे बहुत देर तक घूमता रहा। *



कहानी
प्रकाश मनु

धरती पर चमेली के फूल ऐसे ही नहीं खिले, इसके पीछे एक अजीबो-गरीब कहानी है, जो एक भोली-भाली लड़की के अद्भुत साहस की कहानी है।

# खिल उठे चमेली के फूल



**ए**क थी चमेली। बड़ी ही सुंदर और भोली-भाली, लेकिन वह दिलेर भी कम न थी। गांव में जो काम कोई बच्चा नहीं कर पाता, उसे चमेली झट कर दिखाती। उसकी हिम्मत देखकर बच्चे ही नहीं, बड़े भी हैरान होते।

एक दिन, चमेली अपनी सहेलियों से बात कर रही थी। तभी किसी ने कहा, 'अगर इतनी ही होशियार हो तो क्या तुम अक्का बाबा का मोती ला सकती हो?'

'अक्का बाबा का मोती!' चमेली चकराई। अभी तक तो किसी ने यह सोचा भी नहीं था। कहते हैं, सैकड़ों बरस पहले सामने वाले पहाड़ की ऊंची चोटी पर रहते थे अक्का बाबा। उनके पास एक विचित्र मोती था। खूब बड़ा। नीचे धरती से उस मोती को देखने पर एकदम गोल-गोल चांद सरीखा लगता। अक्का बाबा कहा करते थे, 'यह खुशहाली का मोती है, पर इसे धरती पर ले जाना कोई खेल नहीं।'


सचमुच बहुतों ने कोशिश की, पर अक्का बाबा के उस मोती को कोई छू भी नहीं पाया। बड़ी ही कठिन चढ़ाई थी वहां की। पर चमेली ने सुना तो झट से बोली, 'हां-हां, क्यों नहीं?' और उसी समय चमेली ने पहाड़ पर चढ़ना शुरू कर दिया। शाम का समय था। चमेली तेजी से पहाड़ पर चढ़ती जा रही थी। कुछ देर में रात हो गई। सारे कबीले के लोग हैरानी से चमेली को देख रहे थे, जो सीधे खड़े पहाड़ पर बड़ी हिम्मत से चढ़ती जा रही थी।

वह पूनम की चांदनी रात थी। सब ओर चांदनी बिखरी हुई थी। इसलिए दुर्गम पहाड़ पर तेजी से चढ़ती चमेली हर किसी को नजर आ रही थी। सभी उसकी हिम्मत की दाद दे रहे थे। चलते-चलते चमेली आखिर पहाड़ की चोटी पर पहुंची। उसने अक्का बाबा का मोती उठाया और फौरन वापस नीचे की ओर चल दी। ऐसा लगता था, आसमान के चांद की तरह चमेली की हथेली पर भी एक चांद रखा है, जिसे लिए-लिए वह धरती पर आ रही है।

सुबह चमेली धरती पर आई, तो कबीले के लोगों ने हैरानी से देखा कि सांवले रंग की चमेली अब एकदम चांदनी जैसी उजली हो गई थी। पता नहीं, यह पूनम की चांदनी का असर था या फिर उस बड़े से श्वेत मोती का, जो अब चमेली के हाथ में था। पर जैसे ही चमेली ने वह अनोखा मोती अपनी सहेलियों को दिया, उनमें पहले उसे लेने की होड़ लग गई। और फिर न जाने कब वह धरती पर गिरा और टूट कर छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट गया।

तभी एक और चमत्कार हुआ। लोगों ने देखा, चमेली अब अदृश्य हो चुकी थी और जहां वह मोती टूट कर गिरा था, वहां छोटे-छोटे सुंदर, महकते फूल खिल उठे थे। कबीले के लोगों ने उनका नाम रखा, चमेली के फूल। जहां-जहां उस कबीले के लोग गए, वहां-वहां पहुंचे चमेली के फूल और फिर एक दिन सारी धरती पर छा गए। *

## जीके क्विज-176



1. साल 2025 में शांति का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
5. विश्वनाथन आनंद का संबंध किस खेल से है?
6. गाजर में कौन सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
7. श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवोल्यूशन) का संबंध किससे है?
8. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?
9. भारत में सबसे पहले सूर्योदय किस राज्य में दिखता है?
10. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?

बच्चों, जीके क्विज-176 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-175 का उत्तर :** 1.लास्जलो क्रास्जनाहोरकाई, 2.स्वामी विवेकानंद, 3.कार्तिक, 4. प्रशांत महासागर, 5.गुजरात, 6.स्टेपीज, 7.दयानंद सरस्वती, 8.प्रकाश वर्ष, 9.पेरिस (फ्रांस), 10.बाल गंगाधर तिलक

**जीके क्विज-175 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर, अविनाश-गुना, राखी-दुर्ग

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे लड़कों के दो चित्र दिए गए हैं। इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये पांचों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट पांच अंतर खोजो।



उत्तर: 1. स्ट्राइकर (गोल करने वाला खिलाड़ी) की दोनों आंखें बंद हैं। 2.स्ट्राइकर की जर्सी का नंबर बदला हुआ है। 3.स्ट्राइकर के दाहिने पैर के जूते पर दो धारियां बनी हुई हैं। 4.ऊपर आसमान में बादल के दो टुकड़े दिख रहे हैं। 5.मैदान में आगे कम घास उगी हुई है।

## सही मिलान करो

बच्चो, नीचे बाईं तरफ कुछ चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाई क्रमवार नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से प्रत्येक चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करो।




उत्तर: 1-D, 2-C, 3-A, 4-B

## खबर संक्षेप



### रंजना ने पैदल चाल स्पर्धा में रजत जीता

**रिफा (बहरीन)।** भारतीय युवा एथलीट रंजना यादव ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई युवा खेलों में लड़कियों की 5,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। इस भारतीय खिलाड़ी ने 23 मिनट 25.88 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि चीन की लियू शियी 24:15.27 सेकेंड के समय से उनसे आगे पहले स्थान पर रहीं। कोरिया की जियोंग चायेओन ने 25:26.93 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। एशियाई युवा खेलों में एथलेटिक्स में यह भारत का पहला पदक था। इससे देश के कुल पदकों की संख्या दो रजत और चार कांस्य हो गई। भारत ने अभी तक कुराश में एक रजत और दो कांस्य के अलावा ताइक्वांडो में दो कांस्य पदक जीते हैं।

### पंजाब ने किया बहुतुले को नियुक्त गेंदबाजी कोच

**चंडीगढ।** इंडियन प्रीमियर लीग टीम पंजाब किंग्स ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को लीग के अगले सत्र के लिए अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। भारत के लिए दो टेस्ट और आठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच



खेलने वाले 52 साल के बहुतुले सुनील जोशी की जगह लेंगे जो 2023 से यह भूमिका निभा रहे थे। बहुतुले प्रथम श्रेणी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और बेहद सम्मानित कोच हैं। इससे पहले बहुतुले केरल, गुजरात, विदर्भ और बंगाल जैसी घरेलू टीम के अलावा आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के साथ कोचिंग की भूमिका निभा चुके हैं। पंजाब किंग्स की टीम पिछले सत्र में उप विजेता रही थी।

### तीसरा मैच बारिश में धुलने के कारण इंग्लैंड ने टी20 श्रृंखला जीती

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के खिलाफ ईडन पार्क पर तीसरा मैच सिर्फ 3.4 ओवर के बाद बारिश में धुलने से इंग्लैंड ने तीन मैचों की टी20 श्रृंखला 1. 0 से जीत ली। क्राइस्टचर्च में हेगली ओवल में पहला मैच भी बारिश में धुल गया था। इंग्लैंड ने दूसरा मैच इसी स्थान पर 65 रन से जीता था। बारिश के कारण तीन गेंद के बाद ही खिलाड़ियों को मैदान छोड़ना पड़ा। खेल जब 80 मिनट बाद शुरू हुआ तो 14 ओवर प्रति टीम कर दिया गया। न्यूजीलैंड ने 3.1 ओवर और खेले लेकिन फिर बारिश हो गई जब मेजबान ने एक विकेट पर 38 रन बनाये थे।

### भुल्लर मनीला में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर

**मनीला।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर 20 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली इंटरनेशनल सीरीज फिलीपींस के पहले दिन पांच अंडर 67 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर बने हुए हैं। एशियाई टूर के कई बार विजेता भुल्लर ने एक बोगी और छह बर्डी लगाईं। बैक नाइन होल से शुरुआत करते हुए उन्होंने 12वें और 18वें होल के बीच पांच बर्डी लगाईं और फिर तीसरे होल में एकमात्र बोगी की। उन्होंने अपने अंतिम होल में एक और बर्डी लगाई।

### इंटरनेशनल पोलो कप की ट्रॉफी का अनावरण



**नई दिल्ली।** सिमरन शेरगिल, शमशीर अली, सवाई पद्मनाभ सिंह और सिद्धांत शर्मा इंटरनेशनल पोलो कप में भारत की चुनौती पेश करेंगे जिसकी ट्रॉफी का अनावरण बृहस्पतिवार को हुआ। भारतीय पोलो संघ और कोग्नीवेरा आई टी ने इंटरनेशनल पोलो कप की ट्रॉफी का अनावरण किया। इसमें भारत और अर्जेंटीना शीर्ष खिताब के लिये 25 अक्टूबर को मुकाबला करेंगे। अर्जेंटीना टीम में जुआन आगस्टिन गार्सिया ग्रोस्सी, सल्वाडोर जुरेशे , मटियास बतिस्ता और निकोलस जोर्ज कोर्टी मॉडरना शामिल हैं। दिल्ली में पांच साल बाद अंतरराष्ट्रीय पोलो हो रहा है।

---

लिवरपूल ने 5-1 से जीत दर्ज कर की प्रतियोगिता में वापसी

# लिवरपूल ने फ्रेंकफर्ट को हराया, चेल्सी और बायर्न भी जीते

एजेंसी ▶▶| मिलान

लिवरपूल ने बुधवार को यहां चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में एंट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट को एकतरफा मुकाबले में 5-1 से हराकर प्रतियोगिता में वापसी की।

चेल्सी और बायर्न म्यूनिख ने भी आसान जीत दर्ज की जबकि रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रीयाल मैड्रिड ने यूवेंटस को 1-0 से हराकर मौजूदा सत्र का अपना परफेक्ट रिकॉर्ड बरकरार रखा। लिवरपूल ने इस जीत के साथ लगातार चार हार के क्रम को तोड़ दिया। मैड्रिड और बायर्न सहित पांच क्लब अधिकतम नौ अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं।

### ऐसा रहा रोमांचक मुकाबला

रासमस क्रिस्टेनसन ने 26वें मिनट में फ्रेंकफर्ट को बढ़त दिलाई लेकिन नौ मिनट बाद फ्रेंकफर्ट के पूर्व खिलाड़ी ह्यूगो एकिटिके ने लिवरपूल को बराबरी दिला दी। लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक और इब्राहिमा कोनात के इसके बाद पांच मिनट के भीतर दो गोल दागकर अपनी टीम को मध्यांतर तक 3-1 से आगे कर दिया। कोडी गैप्को और डोमीनिक सोबोसलाई ने दूसरे हाफ में गोल दागकर लिवरपूल की बड़ी जीत सुनिश्चित की।



### रीयल ने 57वें मिनट पर दागा गोल

दूसरी तरफ रीयाल मैड्रिड ने 57वें मिनट में ज्यूड बेलिंघम के चैंपियन्स लीग में पहले गोल की बदौलत लगातार तीसरी जीत दर्ज की। चेल्सी ने अजैक्स को 5-1 से हराया जबकि बायर्न म्यूनिख ने क्लब ब्रूग को 4-0 से शिकस्त दी। एथलेटिक बिलबाओ ने काराबेग को 3-1 से हराकर मौजूदा चैंपियन्स लीग में अपने शुरुआती अंक जुटाए। गैलाटेसराय ने बोडो ग्लिम्ट को 3-1 से हराया। स्पोर्टिंग लिस्बन ने मार्सिले को 2-1 से शिकस्त दी। टोटेनहैम और अटलांटा ने क्रमशः मोनाको और स्लाविया प्राग से गोल रहित ड्रॉ खेला।

---

सीरीज में 2-0 से बनाई अजेय बढ़त

# कोहली फिर जीरो पर ऑउट, नहीं चला गिल का बल्ला, ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा वनडे भी जीता

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम को 2 विकेट से हराते हुए सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। एडिलेड में हुए मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों के बाद 264/9 का स्कोर बनाया। जवाब में मेजबान टीम ने मैथ्यू शॉर्ट (74) और कूपर कोनॉली (61*) की पारियों की मदद से 47वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया।

### इस तरह से जीती ऑस्ट्रेलियाई टीम

टॉस हारकर पहले खेलते हुए भारत से शुभमन गिल (9) और विराट कोहली (0) जल्दी आउट हुए। इसके बाद रोहित शर्मा (73) और श्रेयस अय्यर (61) ने पारी को संभाला। वहीं, अक्षर पटेल ने 44 रन का योगदान दिया और मेहमान टीम ने सम्मानजनक स्कोर बनाया। जवाब में मिचेल मार्श (11) और ट्रेविस हेड (28) के विकेटों के पतन के बाद शॉर्ट ने अर्धशतक लगाया। इसके बाद कूपर कोनॉली (61*) और मिचेल ओवेन (36) ने जीत दिलाई।



### लगातार दूसरे वनडे में शून्य पर आउट हुए कोहली

कोहली दूसरे वनडे में भी अपना खाता नहीं खोल सके। वनडे क्रिकेट के इतिहास में यह पहला मौका है, जब कोहली लगातार 2 वनडे मुकाबले में खाता खोले बिना आउट हुए हैं। उन्हें जेवियर बार्टलेट ने आउट किया। कोहली ने 4 गेंदों का सामना किया और एलबीडब्ल्यू आउट हुए। कोहली पहले वनडे में भी कुछ खास नहीं कर पाए थे। उन्होंने 8 गेंदों का सामना किया था और खाता खोले बिना मिचेल स्टार्क की गेंद पर आउट हो गए थे।

### श्रेयस का 23वां अर्धशतक

श्रेयस ने 77 गेंदों का सामना किया और 61 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 7 चौके निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 79.22 की रही।उन्हें एडम जैम्पा ने आउट किया। भारत के उपकप्तान ने रोहित के साथ मिलकर 136 गेंदों में 118 रन की साझेदारी निभाई। इसके अलावा उन्होंने अक्षर पटेल के साथ 19 गेंदों में 25 रन जोड़े।

### ऐसी रही शॉर्ट की पारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने जब 30 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट खोया, तब शॉर्ट क्रीज पर आए। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 78 गेंदों में 74 रन की उपयोगी पारी खेलकर हर्षित राणा की गेंद पर पवेलियन लौट गए। अपनी इस अर्धशतकीय पारी में उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के भी लगाए।

### कूपर ने लगाया अपना पहला अर्धशतक

जब ऑस्ट्रेलिया ने 132 रन के स्कोर पर अपना चौथा विकेट खोया, तब कोनॉली क्रीज पर उतरे थे। 22 वर्षीय इस युवा ऑलराउंडर ने बल्लेबाजी में प्रभावित किया। उन्होंने एक छोर से निरंतर रन बटोरते हुए 42 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनके युवा वनडे करियर का पहला अर्धशतक साबित हुआ। उन्होंने ओवन के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 59 रन की उपयोगी साझेदारी भी की।

### रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1,000 वनडे रन पूरे किए

रोहित ने 97 गेंदों में 73 रन की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के लगाए। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1,000 वनडे रन पूरे करने वाले बल्लेबाजों की सूची में रोहित दुनिया के 5वें बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले यह कारनामा वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज विवियन रिचर्ड्स और डेसमंड हेन्स के अलावा श्रीलंका क्रिकेट टीम के कुमार संगाकारा और महेला जयवर्धने ने किया था।

### ये रिकॉर्ड्स भी किए रोहित ने अपने नाम

रोहित ने एशिया के पहले बल्लेबाज बने हैं, जिन्होंने सीना देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में वनडे क्रिकेट में 150 छक्के पूरे किए हैं। रोहित ने वनडे में 10वीं बार ऑस्ट्रेलिया की धरती पर 50+ का स्कोर बनाया है। कोहली और सचिन तेंदुलकर ने 11-11 बार ये कारनामा किया है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 48 मुकाबले खेले हैं और 56.54 की औसत से 2,488 रन बनाने में सफल रहे हैं।

---

क्रिकेट

# द.अफ्रीका के साइमन ने प्रथम श्रेणी में 1,000 विकेट पूरे किए



एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हराते हुए सीरीज को 1-1 से बराबरी पर समाप्त किया। रावलपिंडी में खेले गए मैच के दौरान साइमन हार्मर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तान की दूसरी पारी में 6 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर में 1,000 विकेट भी पूरे किए।

### इस विशेष सूची में शामिल हुए हार्मर

क्रिकइंफो के अनुसार, हार्मर अब चार्ली लेवेलिन (1013), माइक प्रॉक्टर (1417) और एलन डोनाल्ड (1216) के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल चौथे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर बन गए। 36 वर्षीय हार्मर ने अब केवल 234 प्रथम श्रेणी मैचों में 26.34 की औसत से 1,000 विकेट हासिल कर लिए हैं। उन्होंने 58 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए हैं। वह 14 टेस्ट में कुल 10 या अधिक विकेट ले चुके हैं।

### हार्मर ने बनाए ये रिकॉर्ड्स

*रावलपिंडी में हार्मर ने टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला 5 विकेट हॉल दर्ज किया। 12 टेस्ट मैचों में उन्होंने 26.00 की औसत के साथ 52 विकेट लिए हैं। इस प्रारूप में उनका इकॉनमी रेट 3.05 है। हार्मर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 1,000 विकेट लेने वाले 21वें ऑफ स्पिनर हैं।इससे पहले 1,000 प्रथम श्रेणी विकेट वाले आखिरी ऑफ स्पिनर रॉबर्ट क्रॉफ्ट थे, जिन्होंने 2007 में यह उपलब्धि हासिल की थी।*

---

बैडमिंटन

# लक्ष्य, दीक्षा, जगशेर बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 में चमके



एजेंसी ▶▶| चेंगडू

लक्ष्य राजेश और दीक्षा सुधाकर ने बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 चैम्पियनशिप के दूसरे दिन लड़कियों के एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि जगशेर सिंह लड़कों के वर्ग में अंतिम 16 में पहुंच गए । अंडर 17 लड़कियों के वर्ग में लक्ष्य ने चीनी ताइपै के कुआन यि लिन को 21-17, 21-11 से हराया जबकि दीक्षा ने चीन की लुओ या रू को 17-21, 21-16, 21-11 से मात दी। लड़कों के वर्ग में जगशेर ने चीन के झांग यू फेंग को 21-14, 21-17 से मात दी।


### लड़कियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

लड़कियों के युगल वर्ग में दीपक राज अदिति और पी वृद्धि ने मलेशिया की सुइ मेइ तियोह और जि किंग वान को 22.20, 21.12 से हराया जबकि अंडर 15 मिश्रित युगल में हेमंत श्री एस और शरायु रंजाने ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंगापुर के एंग यू जि और लू किट रेइ चारा को 21.9, 21.11 से मात दी।

---

# नीशू, पुलकित, सृष्टि कुश्ती विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶| नोवी साद



पुलकित

भारत की तीन महिला पहलवान नीशू, पुलकित और सृष्टि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को यहां अंडर-23 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में अपने अपने वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। नीशू (55 किग्रा) ने जापान की मो कियूका को 6-2 से हराने के बाद किरा सोलोबचुक पर 10-1 से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुलकित (65 किग्रा) ने दोनों जीत तकनीकी श्रेष्ठता से हासिल की।

### सृष्टि ने कनाडाई पहलवानों को हराया

सृष्टि ने कनाडा की मारिया सावियाक (10-0) और तुर्किये की बेयजा अक्कस (18-8) को हराया। सृष्टि ने 68 किग्रा वर्ग में कनाडाई पहलवान एंजेलिना एलिस टोडिंगटन को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) के आधार पर हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में उन्होंने यूक्रेन की मनोला स्कोबेल्स्का पर 6-3 से आसान जीत दर्ज की। वहीं नेहा शर्मा ने 57 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गईं। वह रोमानिया की जॉर्जियाना लिर्का (6-0) और कजाकिस्तान की निलुफर रैमोवा (5-0) को हराने के बाद जापान की अकारी फुजिनामा से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गईं।

---

# दूसरी पारी में जल्द ढेर हुई पाक टीम दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट में हराया

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हराते हुए 2 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। रावलपिंडी टेस्ट में जीत के लिए मिले 68 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रोटियाज टीम ने 2 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। पाकिस्तान की दूसरी पारी सिर्फ 138 रन पर समाप्त हो गई थी। पाकिस्तान की पहली पारी में अब्दुल्ला ने 146 गेंदों का सामना करते हुए 57 रन बनाए। उनके बल्ले से 4 चौके निकले। ये उनके टेस्ट करियर का छठा अर्धशतक रहा। मसूद ने 176 गेंदों का सामना किया और 87 रन बनाए। उनके



बल्ले से 2 चौके और 3 छक्के निकले। ये उनके टेस्ट करियर का 13वां अर्धशतक रहा। शकील ने 147 गेंदों का सामना किया और 66 रन बनाए। ये उनके टेस्ट करियर का 10वां अर्धशतक रहा।

### मैच का लेखा-जोखा

पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 333 रन बनाए थे। मेजबान टीम से शान मसूद, सऊद शकील और अब्दुल्ला शफीक ने अर्धशतकीय पारियां खेली। इसके जवाब में प्रोटियाज टीम ने सेनुरन मुथुसामी (89) और कगिसो रबाडा (71) की शानदार पारियों के दम पर 404 रन बना दिए।

**पहली पारी में केशव ने झटके 7 विकेट**

पाकिस्तान की पहली पारी में केशव महाराज ने बाबर आजम (16) के रूप में तीसरा झटका देते हुए अपने विकेटों का खाता खोला था। उसके बाद उन्होंने मसूद (66), आघा सलमान (45), शकील (66), शाहीन अफरीदी (0), शज्जाद खान (5) और आसिफ अफरीदी (4) को भी अपना शिकार बनाते हुए पवेलियन की राह दिखाई। महाराज ने पारी में 102 रन खर्च कर ये सफलताएं अर्जित की।

---

# श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने लिया फैसला लंका प्रीमियर लीग हुई स्थगित

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

लंका प्रीमियर लीग का अगला संस्करण इस साल अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नहीं होगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को ये ऐलान किया है। दरअसल, श्रीलंका अगले साल पुरुषों के टी-20 विश्व कप का सह मेजबान देश है, और बोर्ड इस आयोजन की तैयारियों के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। बता दें कि टी-20 विश्व कप 2026 के मैच भारत के साथ-साथ श्रीलंका में खेले जाने हैं।

### टी-20 विश्व कप की तैयारी में जुटा श्रीलंका

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने कहा, आईसीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार, आगामी 20-टीमों के आयोजन के लिए सभी आयोजन स्थल किसी भी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार होने चाहिए। ऐसी में एलपीएल को स्थगित करके एसएलसी ने अब स्टेडियम के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, खिलाड़ियों की सुविधाओं को आधुनिक बनाने, प्रसारण क्षमताओं को उन्नत करने और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में अपना ध्यान केंद्रित किया है।

---

वनडे सीरीज की कमान संभालेंगे शाहीन

# पाकिस्तान की टी-20 टीम में बाबर और नसीम की हुई वापसी

एजेंसी ▶▶| करांची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया है, जिसमें स्टार बल्लेबाज बाबर आजम और तेज गेंदबाज नसीम शाह की वापसी हुई है। पाकिस्तान इस सीरीज के बाद श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ त्रिकोणीय टी-20 सीरीज भी खेलने वाला है। बाबर ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला था। 15 सदस्यीय टीम में ऑलराउंडर अब्दुल समद को भी जगह दी गई है।

### एशिया कप का हिस्सा नहीं थे बाबर और नसीम

पाकिस्तान पहले 28 अक्टूबर से रावलपिंडी और लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगा। इसके बाद 17 नवंबर से श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ त्रिकोणीय सीरीज होगी। बाबर और नसीम की एशिया कप के बाद टीम में वापसी से अगले साल टी-20 विश्व कप के लिए उनके चयन के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, फखर जमान, हारिस रऊफ और सुफियान मोकीम को रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है।



### ऐसी है पाकिस्तान की टी-20 टीम

पाकिस्तान की टी-20 टीमः आघा सलमान (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेटकीपर), सैम अय्यूब, शाहीन अफरीदी, उस्मान खान (विकेटकीपर) और उस्मान तरीक।

### वनडे टीम का बदला कप्तान

पाकिस्तान 4 से 8 नवंबर तक फैसलाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज भी खेलने वाला है। इस सीरीज में शाहीन टीम की कमान संभालेंगे, जिन्होंने हाल ही में मोहम्मद रिजवान की जगह कप्तान पद ग्रहण किया है। यह अफरीदी की कप्तानी में पाकिस्तान की पहली वनडे सीरीज होगी। इसके लिए 16 सदस्यीय टीम का ऐलान किया गया है। टीम में फैसल अखरम, हारिस रऊफ और विकेटकीपर बल्लेबाज हसीबुल्लाह को भी शामिल किया गया है।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से हलफनामे पर मांगा जवाब

# उन स्कूलों के आंकड़े पेश करो जहां ई-अटेंडेंस हो रही है

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लिए ई-अटेंडेंस अनिवार्य कर दी गई है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में पदस्थ शिक्षकों ने इसमें आने वाली समस्याओं को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता शिक्षकों और सरकार से हलफनामे पर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी।

जबलपुर निवासी मुकेश सिंह वरकड़े सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 27 शिक्षकों ने याचिका दायर कर ई-अटेंडेंस को चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने दलील दी कि शिक्षकों को ई अटेंडेंस के लिए बने 'हमारे शिक्षक एप' के जरिए से उपस्थित दर्ज कराने में बहुत सी समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है। कई शिक्षकों के पास अच्छा स्मार्टफोन नहीं है। प्रतिमाह डाटा पैक खरीदना, प्रतिदिन



मोबाइल की बैटरी चार्ज रखना, स्कूल में नेटवर्क कनेक्टिविटी नहीं होने की भी समस्याएं हैं। एप को सर्वर की समस्या व चेहरा मिलान की भी समस्याएं हैं। उच्च अधिकारी शिक्षकों को वेतन बंद करने की धमकी देकर ई-अटेंडेंस का उपयोग करने बाध्य किया जा रहा है। मांग की गई कि या तो बायोमेट्रिक मशीन से या पूर्व की भांति कर्मचारी रजिस्टर में उपस्थित दर्ज कराई जाए। कोर्ट ने याचिकाकर्ता शिक्षकों से पूछा है कि क्या उन्होंने उक्त एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास किया है। वहीं सरकार को उन स्कूलों के आंकड़े पेश करने कहा है जहां ई-अटेंडेंस हो रही है।

## दिवंगत कर्मचारी की विधवा को हाईकोर्ट से राहत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पुलिस विभाग के एक दिवंगत कर्मचारी की विधवा के ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) संबंधी दावे पर 60 दिन में फैसला लेने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस मनिन्दर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने कहा है कि यदि याचिकाकर्ता के पति ओपीएस के दायरे में पाए जाते हैं, तो उसका लाभयाचिकाकर्ता को अगले 30 दिनों में दिया जाए।रांझी निवासी सुदीपा तिवारी की ओर से दायर इस याचिका में कहा गया था कि उसके पति जितेन्द्र तिवारी (अब दिवगंत) की नियुक्ति पुलिस विभाग में हुई थी। आईजी बालाघाट द्वारा 15 अगस्त 2004 को आरक्षकों की भर्ती की चयन सूची जारी की, जिसमें उनके पति का नाम पहले स्थान पर था। प्रशासनिक कारणों से उनकी नियुक्ति 10 मार्च 2005 को हुई। इस बीच मप्र सरकार से 1 जनवरी 2005 से अंशदायी पेंशन योजना लागू कर दी। मामले पर हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता धर्मेश चतुर्वेदी ने पक्ष रखा। याचिकाकर्ता का दावा था कि जब 15 अगस्त 2004 की चयन सूची में उसके पति का नाम था, तब ओल्ड पेंशन स्कीम प्रचलन में थी। ऐसे में उनके पति को भी ओपीएस के दायरे में माना जाना चाहिए। सेवाकाल के दौरान पति का निधन दिसंबर 2024 में होने के बाद ओपीएस का फायदा पाने यह याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की गई थी। सुनवाई के बाद अदालत ने अनावेदकों को याचिकाकर्ता के दावे का परीक्षण करके उचित कार्रवाई करने के निर्देश देकर मामले का निराकरण कर दिया।

## असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई हुई तेज

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी, एवं मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 5 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 83 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 35 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 2 गैरम्यादी, 7 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 16 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 91 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 33 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 4 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 बका, 2 चाकू जप्त किये गये एवं 26 जुआडियों को जुआ खेलते हुये रंगे हाथों पकडा गया जुआडियो के कब्जे से 8 हजार 730 रूपये जप्त किये गये।

## जीएनएम-एएनएम में जीव विज्ञान अनिवार्य नहीं

### सुप्रीम कोर्ट ने एमपी नर्सिंग काउंसिल के निर्णय को बदला

हरिभूमि, जबलपुर।

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के उस नियम को निरस्त कर दिया है, जिसके तहत जीएनएम यानि जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी और एएनएम यानि आक्जिलरी नर्सिंग एंड मिडवाइफरी कोर्स में प्रवेश के लिए 12 वीं में जीव विज्ञान विषय को अनिवार्य किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि राज्य सरकार या नर्सिंग काउंसिल, भारतीय नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) द्वारा निर्धारित योग्यता से भिन्न नियम नहीं बना सकती। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने अपने आदेश में कहा कि प्रवेश प्रक्रिया और योग्यता पूरी तरह से भारतीय नर्सिंग परिषद के नियमों के अनुसार ही तय की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी संस्थान में सीटें खाली हैं, तो उन्हें आईएनसी के मानकों के अनुरूप योग्य छात्रों से भरा जा सकता है।



राज्य नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने वर्ष 2024 के प्रवेश नियमों में यह प्रविधान जोड़ा था कि जीएनएम कोर्स में केवल वही विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे, जिन्होंने 12 वीं में जीव विज्ञान विषय लिया हो। इस निर्णय के कारण कला और वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी नर्सिंग जैसे रोजगारोन्मुख कोर्स से वंचित हो गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने इसे शिक्षा के अधिकार और समान अवसर के सिद्धांतों के विरुद्ध बताया। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में जीएनएम, एएनएम, पोस्ट बेसिक और एमएससी नर्सिंग कोर्सों में प्रवेश परीक्षा की अनिवार्यता को भी समाप्त कर दिया है। यानी अब प्रवेश प्रक्रिया आईएनसी द्वारा निर्धारित सामान्य योग्यता के आधार पर ही होगी।

## रादुविवि में अविश्वास प्रस्ताव पर बवाल

### कर्मचारियों और कुलगुरु के बीच टकराव के आसार

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) में कर्मचारी संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल को पद से हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद अब टकराव की स्थिति में पहुँच गया है। अध्यक्ष की कार्यशैली से नाराज संघ के उपाध्यक्ष, महासचिव और अन्य पदाधिकारी अब खुलकर उनके खिलाफ मोर्चा खोल चुके हैं। दीपावली से पहले ही उन्होंने कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा को एक पत्र सौंपकर अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने हेतु आमसभा बुलाने की अनुमति मांगी थी।



पत्र में कर्मचारियों ने 21 अक्टूबर तक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करने की मांग रखी थी, ताकि अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। लेकिन अब तक कोई निर्णय न होने से कर्मचारी संगठन में आक्रोश है। आज कर्मचारियों ने कुलगुरु कार्यालय की घेराबंदी करने की चेतावनी दी है।

अध्यक्ष विरोधी गुट ने वीरेंद्र पटेल पर संघ के हितों की अनदेखी और विश्वासघात का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अध्यक्ष संगठन के फैसलों को एकतरफा तरीके से ले रहे हैं और कर्मचारियों की आवाज को दबा रहे हैं। इसी नाराजगी के चलते अब संगठन के भीतर सीधी लड़ाई की स्थिति बन गई है।

#### कुलगुरु पर दबाव, निर्णय मुश्किल

कर्मचारी गुट की पहली प्राथमिकता निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति है, लेकिन यह उतना आसान नहीं है जितना वे समझ रहे हैं। विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार, निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति कुलगुरु की सहमति से ही हो सकती है। वहीं सूत्रों के अनुसार, वर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल के कुलगुरु से करीबी संबंध हैं, जिसके चलते उनके विरोधियों को मंजूरी मिलने में दिक्कत आ सकती है।

#### बढ़ सकता है टकराव

ऐसे हालात में कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा के लिए भी स्थिति संभालना आसान नहीं रहेगा। एक ओर अध्यक्ष के विरोध में लामबंद कर्मचारी हैं, तो दूसरी ओर विश्वविद्यालय प्रशासन को भी अनुशासन बनाए रखना है। यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो दीपावली के बाद रादुविवि परिसर में बड़ा हंगामा देखने को मिल सकता है।

## 2 बाईकों में भिडंत, पति-पत्नी सहित 2 बच्चे घायल

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत भोंगाद्वार में दो बाईकों की आपस में भिडंत हो गई जिससे बाईक में सवार एक परिवार बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गये। वहीं टक्कर मारने वाला बाईक चालक भोंगाद्वार तरफ भाग गया। दो बच्चों को ज्यादा चोटें आ जाने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार निसार अली का बगीचा निवासी 42 वर्षीय शिवन पिल्ले गत रात अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 एमआर 2757 में पत्नी कविता पिल्ले एवं बच्चा प्रतीक, बेटी निवेगिता पिल्ले को मोटर सायकल में पीछे बैठाकर अपने भाई रितिक पिल्ले के घर अनुराधा कालोनी जा रहे थे रात लगभग 8.30 बजे महावर ट्रेडर्स के सामने भोंगाद्वार पहुँचे थे तभी पीछे से मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन डब्ल्यु 4702 के चालक ने उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दी।

## ट्रांसफार्मर की अर्थिंग में करंट की चपेट में आई महिला की मौत

### बरेला के ग्राम बम्हनी में हादसा, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि, जबलपुर।

बरेला क्षेत्र के ग्राम बम्हनी में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही एक महिला की जान पर भारी पड़ गई। गांव में लगे ट्रांसफार्मर की अर्थिंग तार में करंट आने से महिला की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बम्हनी तिराहा पर चक्काजाम कर दिया और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने कई बार ट्रांसफार्मर के तार नीचे लटकने और जमीन पर पड़े होने की शिकायत की थी, लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। गुरुवार की सुबह एक महिला शौच के लिए निकली थी, तभी वह अर्थिंग की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। मृतका के परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्र हुए और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क जाम कर दी। मौके पर एसडीएम, थाना प्रभारी और बिजली विभाग के अधिकारी पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी।



#### चार लाख रुपये मुआवजे का आश्वासन

प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मृतका के परिवार को चार लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया और यातायात पुनः बहाल हो सका।

#### सरपंच ने पहले ही की थी शिकायत

ग्राम पंचायत बम्हनी की सरपंच वर्षा नीलकमल झारिया ने बताया कि कुछ दिन पहले ही ट्रांसफार्मर के तार जमीन पर पड़े होने की शिकायत उन्होंने बिजली विभाग को दी थी। बावजूद इसके किसी ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि अगर समय रहते मरम्मत कर दी जाती, तो यह हादसा नहीं होता।

#### घंटों नहीं पहुंचे विभागीय अधिकारी

ग्रामीणों का कहना है कि घटना की सूचना देने के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी कई घंटों बाद मौके पर पहुंचे, जिससे गुस्सा और बढ़ गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने विभागीय कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## 25 को दौड़ेगी भोपाल-दिल्ली के मध्य स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल ने छठ पर्व के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति-हज़रत निजामुद्दीन-रानी कमलापति के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल फेयर पर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी रानी कमलापति से प्रस्थान कर विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति से हज़रत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन 25 अक्टूबर 2025 को रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 07:30 बजे प्रस्थान कर, विदिशा 08:28 बजे, बीना 09:50 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी 12:45 बजे, ग्वालियर 14:20 बजे, आगरा कैंट 16:45 बजे, मथुरा 18:00 बजे पहुँचकर और रात 20:15 बजे हज़रत निजामुद्दीन स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01662 हज़रत निजामुद्दीन से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 25 अक्टूबर 2025 को हज़रत निजामुद्दीन स्टेशन से रात 21:30 बजे प्रस्थान कर मथुरा रात्रि 23:55 बजे, पहुंचकर अगले दिन आगरा कैंट मध्यरात्रि 00:50 बजे, ग्वालियर 02:55 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी 05:35 बजे, बीना 08:10 बजे, विदिशा 09:15 बजे पहुंचकर और सुबह 10:50 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी।

## व्हाया जबलपुर रानी कमलापति से दानापुर के मध्य चलेगी छठ पूजा स्पेशल ट्रेन

जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेल ने छठ पूजा पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के रानी कमलापति से प्रस्थान कर नर्मदापुरम, इटारसी, पीपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति से दानापुर स्पेशल ट्रेन 24 अक्टूबर 2025, शुक्रवार को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 14:25 बजे प्रस्थान कर, नर्मदापुरम 15:25 बजे, इटारसी 15:55 बजे, पीपरिया 17:10 बजे, गाडरवारा 17:45 बजे, नरसिंहपुर 18:25 बजे, जबलपुर रात 19:25 बजे, सिहोरा रोड 20:10 बजे, कटनी 21:20 बजे, मैहर 22:10 बजे, सतना 22:45 बजे पहुँचकर और अगले दिन शनिवार को सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।



इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01664 दानापुर से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन दिनाँक 25 अक्टूबर 2025, शनिवार को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:00 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी रात 20:30 बजे, पहुंचकर अगले दिन सतना मध्य रात्रि 00:55 बजे, मैहर 01:28 बजे, कटनी 02:30 बजे, सिहोरा रोड 03:13 बजे, जबलपुर 03:50 बजे, नरसिंहपुर 05:00 बजे , गाडरवारा 05:30 बजे, पिपरिया 06:00 बजे, इटारसी 07:10 बजे, नर्मदापुरम 07:48 बजे पहुंचकर और रविवार को सुबह में 08:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में नर्मदापुरम, इटारसी, पीपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

## तिलहरी में एटीएम को बम से उड़ाने की कोशिश

### वारदात : गोराबाजार पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि, जबलपुर।

दीपावली के बाद शहर में सनसनी फैलाने वाली वारदात सामने आई है। गोराबाजार थाना क्षेत्र के तिलहरी मेन रोड स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम को अज्ञात बदमाशों ने बम से उड़ाने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार बदमाशों ने एटीएम मशीन पर देशी बम (रस्सी बम) रखकर उसमें आग लगाने का प्रयास किया, ताकि मशीन को नुकसान पहुंचाकर कैश लूटा जा सके।

सूचना मिलते ही गोराबाजार पुलिस और बम निरोधक दस्ते की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने पूरे इलाके को घेराबंदी कर जांच शुरू की। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाया। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बदमाशों का उद्देश्य एटीएम



मशीन को विस्फोट से उड़ाकर उसमें रखे पैसे निकालना था। हालांकि, बम सही तरह से नहीं फटा और कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। घटना की सूचना बैंक प्रबंधन को मिली तो उन्होंने तुरंत पुलिस को खबर दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बम के अवशेष जब्त किए और फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिए हैं।

#### फुटेज से सुराग तलाश रही पुलिस

घटना के बाद गोराबाजार थाना पुलिस ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। एटीएम के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक फुटेज के आधार पर यह पता लगाया जा रहा है कि बदमाश किस समय पहुंचे और उन्होंने वारदात को कैसे अंजाम देने की कोशिश की।पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश तेज कर दी है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में भी संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।स्थानीय लोगों में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत थाने में दें।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240